* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

06 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 18

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**मनी लॉन्ड्रिंग केस :** मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास गिरफ्तार, सात दिन की इडी रिमांड में भेजा गया






### अनूप सिंह और प्रदीप यादव के यहां आइटी छापेमारी दूसरे दिन भी जारी

# विधायकों के करीबियों के यहां से मिले 1 करोड़ 26 लाख नगद

- नोट गिनने के लिए बैंक से मगांयी गयी मशीन
- आयकर 70 ठिकानों पर कर रही छापेमारी
- भारी मात्रा में निवेश करने के दस्तावेज मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो/गोड्डा/रांची।** झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों प्रदीप यादव और जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह सहित एक दर्जन से भी ज्यादा कारोबारियों-ठेकेदारों-बिल्डरों के 70 से भी ज्यादा ठिकानों पर आयकर की छापेमारी शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों के मुताबिक दोनों विधायकों के करीबियों के ठिकानों से 1.26 करोड़ नगद राशि बरामद किये जाने की खबर है। आयकर विभाग ने जब्त नोटों की गिनती के लिए बैंक कर्मचारियों और नोट गिनने की मशीन मंगवायी गयी थी। आयकर टीम को छापेमारी में विधायकों के घरों से करोड़ों की कमाई से जुड़े कई दस्तावेज भी मिले हैं। हालांकि आयकर की ओर से इस बारे में



अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है।

**कोल व्यवसायी के यहां छापा:** कोल व्यवसायी अजय सिंह का शुक्रवार को अपने आवास पर उपस्थित नहीं हो पाने के कारण छापेमारी नहीं की गयी थी। अजय सिंह अपनी पत्नी के साथ शनिवार को ढोरी स्थित अपने स्टाफ क्वार्टर पहुंचे। इसके बाद टीम ने जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक अजय सिंह विधायक अनूप सिंह के करीबी हैं। सूत्रों के मुताबिक अजय सिंह के यहां से 70 लाख रुपये नगद बरामद हुए। इसके लिए आयकर विभाग की टीम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फुसरो के कर्मचारियों तथा नोट गिनने की मशीन को लेकर अजय सिंह के आवास बुलाये गये थे। यहां से बरामद कैश को ले जाने के लिए बैंक से ही कैश वाहन लाया गया था। उनके यहां से भारी मात्रा में जेवहरात भी मिले हैं। वहीं दूसरी ओर जरीडीह बाजार निवासी कांग्रेसी नेता सरदार लक्की सिंह के यहां छापामारी में 5 लाख रुपये बरामद हुए हैं। इसको सरदार लक्की सिंह की उपस्थिति में आयकर विभाग की टीम ने बैंक में जमा करवाया। सरदार लक्की सिंह ने कहा कि यह जो कैश बरामद किया गया है यह मेरे पूरे परिवार का संयुक्त पैसा है और व्हाइट मनी है।

**प्रदीप के करीबियों पर दबिश :** विधायक प्रदीप यादव के साथ-साथ उनके करीबियों पर भी आयकर की दबिश बढ़ रही है। आयकर की टीम प्रदीप यादव के करीबियों के यहां भी छापेमारी कर रही है। प्रदीप यादव के घर से दो लाख रुपये मिले हैं। वहीं, प्रदीप के करीबी बताए जाने वाले ठेकेदार श्याम सुंदर यादव के ठिकानों से 40 लाख रुपये मिले हैं। इसके अलावा आयकर की टीम दुमका में ठेकेदार सह नगर परिषद के उपाध्यक्ष विनोद कुमार लाल, रामगढ़ के पतरातू में कोयला व्यापारी गजानंद साहु, चाईबासा में शाह ब्रदर्स और लार्डस इंफ्रा, चतरा के टंडवा में कोयला व्यवसायी कैलाश वर्मा के ठिकानों पर भी आयकर के अफसर दस्तावेज से लेकर चल-अचल संपत्ति के का ब्योरा मिला है। विनोद कुमार लाल के यहां 9 लाख रुपये नगद मिले हैं।

**दस्तावेज खंगालने में जुटी टीम :** 30 घंटे से भी ज्यादा वक्त से जारी छापेमारी में आयकर विभाग को कोयला-लोहा-बालू के कारोबार, सरकारी योजनाओं में ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग कंपनियों के संचालन से जुड़े 200 से भी ज्यादा ऐसे दस्तावेज हासिल हुए हैं। जिससे करोड़ों की टैक्स चोरी का पता चला है। इसके अलावा बड़ी संख्या में नामी-बेनामी चल-अचल प्रॉपर्टी की भी जानकारी मिली है।

### केंद्र सरकार और भाजपा पर हमलावर हुए मुख्यमंत्री

# इडी-सीबीआइ के सहारे पूरे राज्य में डर का माहौल बनाने की कोशिश, विपक्ष दूध का धुला : हेमंत सोरेन

- इडी दफ्तर में बैठ कर भाजपाई रच रहे हैं साजिश, सरकार पूरा करेगी कार्यकाल
- रामगढ़ में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए

रजरप्पा से बीरू कुमार

**रामगढ़।** मां छिन्नमस्तिका की पावन धरती पर आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र सरकार और भाजपा पर हमलावर दिखे। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर तल्ख टिप्पणी की। हेमंत ने कहा है कि केंद्र सरकार और भाजपा के लोग इडी, सीबीआइ और इनकम टैक्स विभाग के सहारे पूरे राज्य में डर का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लगातार राज्य सरकार को अस्थिर करने का षडयंत्र रचा जा रहा है।



**आपकी सरकार डरनेवाली नहीं, डटनेवाली है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी सरकार डरनेवाली नहीं, डटनेवाली है। भाजपा के लोग संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर गैर भाजपाई राज्यों में सरकार गिराने का षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन उन्हें हर प्रयास में उनके गाल पर हर बार तमाचा ही लगा है। झारखंडी जनमानस के अपार समर्थन और स्नेह, प्यार के बल पर बनी महागठबंधन की सरकार किसी से डरनेवाली नहीं है। विपक्ष के साथी कभी भी नहीं चाहते हैं कि आदिवासी मूलवासी के बच्चे आगे बढ़ें और पढ़ें लिखें, जिसके कारण भाजपाई लगातार सरकार गिराने की कोशिश में जुटे हैं। हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इसके तहत ही गांव, टोला, मोहल्ला, पहाड़ तक अधिकारियों को भेज कर शिविर लगा रहे हैं, ताकि शिविर के माध्यम से हर तबके को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

**सफलता देख, विपक्ष को पेट में हो रहा दर्द :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सफल योजनाओं को देख कर विपक्ष के साथियों के पेट में दर्द हो रहा है। उन्हें डर सता रहा है कि हेमंत सरकार जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत दिला देने में कामयाब रही, तो आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी दुकान पर ताला लग जायेगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से विपक्ष के साथियों को बता दूं कि हमारी सरकार कोई भी षड्यंत्र और द्वेष की भावना से काम नहीं करती है। वह केवल आम जनमानस की तरक्की को देखना पसंद करती है।

**11 नवंबर फिर होगा ऐतिहासिक :** हेमंत सोरेन ने कहा कि एक साल पहले यानी 11 नवंबर को सरना कोड लागू करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजा गया था। ठीक एक साल बाद यानी 11 नवंबर आ रहा है। मैं उसी तिथि में राज्य को 1932 और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने का वादा पूरा करने जा रहा हूं।

**उनकी और हमारी सरकार में आसमान जमीन का फर्क :** उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में खतियान 1932 की बात करने पर एक दूसरे खून का प्यासा हुआ करते थे, लेकिन हमारी सरकार में खतियान 1932 और ओबीसी आरक्षण की बात करने पर अबीर गुलाल, ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया जा रहा है। यही हमारी और उनकी सरकार में फर्क है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथियों का जो रवैया है, उसके कारण उन्हें भविष्य में कोई उनका झंडा ढोनेवाला भी नहीं मिलेगा। अभी भी समय है कि विपक्ष के साथी अपनी नीति और सिद्धांत में बदलाव कर आम जनमानस के लिए कोई अच्छा काम करें।















आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



# जांच एजेंसियों की सक्रियता से केंद्र-राज्य के रिश्तों में खटास

## टकराव से हिचकोले खा रही है विकास की नाव, इसकी कीमत चुका रहे हैं देश के आम नागरिक

**आजाद सिपाही विशेष**

टीवी पर एक विज्ञापन बहुत लोकप्रिय है। यह किसी डेयोडेरेंट का विज्ञापन है, जिसमें सवाल पूछा जाता है कि आजकल क्या चल रहा है। जवाब मिलता है कि भाई, हमारे यहां तो फॉग चल रहा है। ऐसा ही कुछ हमारे देश की वर्तमान स्थिति है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इन दिनों केंद्रीय स्तर पर विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है, तो कई राज्यों में केंद्रीय एजेंसियों की बढ़ी सक्रियता को सियासी रंग चढ़ाया जा रहा है। इसका सीधा असर केंद्र और राज्यों के रिश्तों पर पड़ रहा है, जिसकी मजबूती ही हमारे संविधान का आधार है। भारत का संविधान संघवाद के सिद्धांत को इतनी मजबूती प्रदान करता है कि इसमें जरा सी भी हलचल पूरे संवैधानिक ढांचे को हिला कर रख देती है। हाल के दिनों में दिल्ली, पश्चिम बंगाल और फिर झारखंड में केंद्रीय एजेंसियों की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों ने केंद्र और राज्यों के रिश्तों में तल्खी पैदा की है। इसका परिणाम यह हुआ है कि सब कुछ भुला कर इसे सियासी रंग दिया जा रहा है। आरोप लगाया जा रहा है कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी अपने राजनीतिक हित साधने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस आरोप के जवाब में कहा जा सकता है कि अगर किसी के खिलाफ शिकायतें आती हैं और कोई एजेंसी जांच शुरू करती है, तो फिर उस प्रक्रिया को किसी भी बात से क्यों प्रभावित होना चाहिए। 'कानून को अपना काम करने देना चाहिए' का बहुप्रचारित तर्क इस सवाल का जवाब ना में देता है और सत्तारूढ़ दल आम तौर पर विरोधियों की आलोचना को शांत करने के लिए इसी का इस्तेमाल करते आये हैं। बात तो यह भी सही है कि इन एजेंसियों का कथित दुरुपयोग कोई आज से शुरू नहीं हुआ है। लेकिन इसका असर जब विकास पर पड़ने लगे, तो चिंता स्वाभाविक है। इसलिए अब समय आ गया है कि इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार हो, ताकि भारत के संघवाद का परचम हमेशा की तरह लहराता रहे। केंद्रीय एजेंसियों की सक्रियता के कारण पैदा हुई तल्खी और इसके संभावित असर का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कुछ दिन पहले की ही बात है। राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार अंदरूनी चुनौतियों की वजह से संकट में थी। तभी गहलोत के करीबी नेताओं पर आयकर विभाग के छापे पड़ने लगे। और बात सिर्फ इतनी ही नहीं है। इस मुद्दे पर केंद्र और राज्यों के बीच टकराव तक हो चुके हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल में इडी और सीबीआइ की कार्रवाई हुई। सत्तारूढ़ दल के कई विधायक गिरफ्त में आये। दिल्ली में पहले स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और फिर आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया के यहां सीबीआइ ने छापे मारे। झारखंड में भी केंद्रीय एजेंसियां सक्रिय है। मई में एक आइएएस अफसर पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद कई अन्य लोगों को पकड़ा गया। एक दिन पहले सत्तारूढ़ दल के दो विधायकों के यहां आयकर का छापा पड़ा। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने पूछताछ के लिए समन जारी किया। केंद्रीय एजेंसियों की इस सक्रियता में ऐसी कोई खास बात नजर नहीं आती है, बल्कि यह 'कानून को अपना काम करने देना चाहिए' के तर्क को ही बल देता है। इस तर्क को पीड़ित पक्ष यह कह कर जायज ठहरा रहा है कि केंद्रीय एजेंसियों की जांच की दिशा भाजपा शासित राज्यों के मंत्रियों, विधायकों या सांसदों तक क्यों नहीं जाती। सवाल दर सवाल जनता के सामने पेश किये जा रहे हैं।

भारतीय संविधान में संघात्मक प्रणाली की शासन व्यवस्था है। केंद्र एवं राज्यों के बीच संविधान में स्पष्ट रूप से अधिकारों एवं दायित्वों को परिभाषित किया गया है। संविधान में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के अधिकारों और दायित्वों की स्पष्ट व्याख्या की गयी है। इतना ही नहीं, इनके प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों तथा दायित्वों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। लेकिन हाल के दिनों में केंद्र और राज्यों के संबंधों, वित्तीय और कानून व्यवस्था को लेकर लगातार टकराव बढ़ रहा है। कहा जा रहा है कि कई मामलों में केंद्र ने बिना राज्य सरकार की सहमति अथवा मांग के सुरक्षा व्यवस्था में दखल देना शुरू कर दिया है। इसी




तरह केंद्र की जांच एजेंसी के द्वारा राज्यों में राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप के आरोप लगने लगे हैं। केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपालों की भूमिका को लेकर भी गैर-भाजपा शासित राज्यों का टकराव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्यों की पुलिस के बीच भी सीधा टकराव देखने को मिल रहा है। पंजाब पुलिस का दिल्ली और हरियाणा पुलिस का सीधा टकराव इसी साल मई में देखने को मिला। पिछले दिनों के दौरान गैर भाजपा नेताओं पर इडी, सीबीआइ और आयकर के छापों को लेकर भी केंद्र और राज्यों के बीच लगातार टकराव बढ़ रहा है। कई राज्यों ने राज्य सरकार की अनुमति के बिना सीबीआइ के छापों पर रोक लगा दी है। इसके बाद इडी और आयकर के छापे राज्यों में बढ़ गये हैं। विपक्ष का आरोप होता है कि चुनाव में बदनाम करने, चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने और चुनाव के दौरान गैर भाजपाई नेताओं को हिरासत में लेकर चुनाव को प्रभावित किया जाता है। बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों में दलबदल करा कर सरकारों को अस्थिर करने का आरोप लगता है। कई राज्यों में विधायकों को इडी का नोटिस दिया जाता है, जांच होती है और संपत्ति जब्त की जाती है। पश्चिम बंगाल के चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती और उसकी भूमिका को लेकर केंद्र और राज्य के बीच बड़ा टकराव देखने को मिला था।

पिछले वर्षों में जिस तरह से केंद्र और राज्यों के संबंधों को लेकर टकराव देखने को मिल रहा है, यह भारत की लोकतांत्रिक और संसदीय व्यवस्था के लिए चिंता का बड़ा विषय बन गया है। हाल ही में तमिलनाडु के डीएमके के सांसद ए राजा ने तमिलनाडु को भारत से अलग करने की मांग उठा दी है। दिल्ली, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और झारखंड में पिछले कुछ दिनों से जिस तरह वहां के क्षेत्रीय दलों का केंद्र और भाजपा के खिलाफ आक्रोश देखने को मिल रहा है, उससे यह चिंता और भी बढ़ जाती है। स्वतंत्रता के बाद केंद्र एवं राज्यों के संबंध में कभी भी इस तरह का टकराव नहीं देखा गया, जो अभी देखने को मिल रहा है। यह सही है कि अभी भाजपा और गैर भाजपाई राजनीतिक दलों की सरकारें होने से यह टकराव राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा का हिस्सा मान लिया जाये, लेकिन आगे चल कर राज्यों के हितों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व को राज्यों की नाराजगी को झेलना पड़ेगा। राज्यों की आर्थिक स्थिति दिनोंदिन खराब हो रही है। जीएसटी लागू होने के बाद केंद्रीय कराधान व्यवस्था से केंद्र सरकार की जिम्मेदारी पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गयी है। महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति नाजुक दौर से गुजर रही है। ऐसी स्थिति में राज्यों के साथ केंद्र का टकराव संघीय व्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौती के रूप में सामने है।

### जांच एजेंसियों को भी सतर्कता बरतनी होगी

झारखंड में सत्तारूढ़ दल के एक विधायक अनूप सिंह के यहां एक दिन पहले हुई आयकर छापामारी के दौरान एक राजनीतिक दल की स्टिकर लगी हुई गाड़ी के इस्तेमाल पर काफी हंगामा मचा हुआ है। दरअसल यह सब गफलत में हुआ है और आयकर अधिकारियों को उस स्टिकर को आनन-फानन में हटाने की बजाय वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए था। उन्हें बताना चाहिए था कि वह गाड़ी किसकी है और उसमें स्टिकर क्यों चिपका हुआ है। यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि राजनीति में आरोपों का जवाब आरोपों से देकर काम चला लिया जाता है। लेकिन यहां मूल सवाल राजनीति का नहीं, देश की जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का है। हमारी जांच एजेंसियां ठीक से जांच कर-के वास्तविक दोषियों तक पहुंचें और उन्हें कानून के मुताबिक सजा दिलायें, यह जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक यह भी है कि वे ऐसा करते हुए नजर आयें। इससे उनके तौर-तरीकों और नीयत को लेकर किसी के मन में संदेह नहीं रह जायेगा।

कुल मिला कर इस टकराव का सीधा असर छोटे और गरीब राज्यों के विकास पर पड़ रहा है। केंद्र और राज्यों के बीच का रिश्ता ऐसा नहीं है कि उसमें तनाव रहे। यह परस्पर सहयोग और समन्वय का रिश्ता है। इसे सभी को समझना होगा। तभी भारत भी मजबूत होगा और आगे भी बढ़ेगा।

---

### एसीबी ने सरयू राय पर लगे आरोपों की जांच के लिए अनुमति मांगी

# सरयू राय ने बताया, कैसे किस कंपनी को मिला काम

**पीइ क्यों, सीधे एफआइआर दर्ज कर जांच करा लें : सरयू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की प्रारंभिक जांच के लिए एसीबी ने मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग से अनुमति मांगी है। सरयू राय ने अपने ऊपर लगे अधिक दर पर वॉइस मैसेज का आदेश देने, आहार पत्रिका का प्रकाशन, युगांतर भारती को सरकार की ओर से कार्यादेश दिलाने और सुनील शंकर को सेवा विस्तार देने के मामले में सफाई पेश की है। सरयू राय ने कहा कि पूर्व सीएम रघुवर दास के समर्थकों ने उनके ऊपर यही आरोप लगाया था और एक शिष्टमंडल ने तत्कालीन राज्यपाल से मिल कर सीबीआइ जांच कराने की मांग की थी। सरयू ने कहा कि उस समय भी उन्होंने कहा था कि वह मामले में हर तरीके से जांच का स्वागत करेंगे। बाबा कम्प्यूटर्स को अधिक दर पर वायॅस मैसेज (ओबीडी) का आदेश देने के मामले पर सरयू ने कहा कि बाबा कम्प्यूटर्स को यह काम निविदा के आधार पर मिला। निविदा का प्रकाशन विभागीय सचिव ने मंत्री से अनुमति लिये बिना अपनी शक्ति से किया था। निविदा का निष्पादन विभाग द्वारा गठित निविदा समिति ने किया था। अवधि विस्तार के समय संचिका मेरे पास आयी थी। तत्कालीन विभागीय सचिव ने इस संबंध में विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण संचिका में किया था। इसके बाद बाबा कम्प्यूटर्स को पुनः अवधि विस्तार मिला। यह पूरी तरह कानून के मुताबिक हुआ है, उनके निर्णय के मुताबिक नहीं।



#### न्यूनतम दर वाली संस्था का चयन किया गया

आहार पत्रिका का प्रकाशन के मामले पर उन्होंने कहा कि राशन उपभोक्ताओं तक विभागीय निर्णयों को पहुंचाने और अन्य जानकारी देने के उद्देश्य से आहार पत्रिका प्रकाशित करने का निर्णय विभाग द्वारा लिया गया। शुरू में तीन-चार संस्थाओं से इसके लिए कोटेशन प्राप्त किया गया। न्यूनतम दर वाली संस्था का चयन किया गया। दर निर्धारण करने के लिए संचिका वित्त विभाग को भेजी गयी। वित्त विभाग ने इस पर मंतव्य दिया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से दर निर्धारित करायी जाये। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने इस विषय पर विचार करते हुए जो दर निर्धारित किया, उसी आधार पर न्यूनतम दर वाली संस्था का चयन पत्रिका प्रकाशन के लिए हुआ। उस समय वित्त और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्कालीन मंत्री रघुवर दास ही थे, इसलिए इसकी जानकारी रघुवर दास से भी ले सकते हैं।

#### कोई भी आदेश युगांतर भारती के पक्ष में नहीं दिया

युगांतर भारती को सरकार की ओर से कार्यादेश दिलाने के मामले पर उन्होंने कहा कि मंत्री रहते अपने विभाग से किसी भी प्रकार के काम के लिए उन्होंने कोई भी आदेश युगांतर भारती के पक्ष में नहीं दिया था। यह आरोप हास्यास्पद है कि 2016-17, 2017-18 और 2018-19 में उन्होंने युगान्तर भारती से अनसेक्यूर्ड लोन लिया है। पता नहीं इस बारे में एसीबी ने उनके आयकर रिटर्न का विवरण और युगांतर भारती के आयकर रिटर्न का विवरण देखा है या नहीं। बिना ये विवरण देखे यदि इस बारे में एसीबी सरकार से पीइ दर्ज कराने का आदेश लेना चाहता है, तो इससे एसीबी अधिकारियों की बुद्धिमत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़ा होगा।

#### पूरी जानकारी विभाग की फाइल में दर्ज है

सुनील शंकर को सेवा अवधि विस्तार देने के आरोप पर सरयू राय ने कहा कि इस संबंध में पूरी जानकारी विभाग की फाइल में दर्ज है। पता नहीं एसीबी ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से संचिका मंगा कर देखा है या नहीं। सुनील शंकर सहित अन्य कई रिटायर्ड अधिकारियों को विभाग ने रिटायर होने के बाद फिर से नियुक्त किया और ये हाल तक कार्यरत रहे हैं।

#### सरयू राय ने हेमंत सोरेन को जांच कराने की दी चुनौती

सरयू राय के खिलाफ भ्रष्टाचार के लगे आरोपों की जांच करने के लिए पीइ दर्ज कर जांच करने के लिए एसीबी ने मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग से अनुमति मांगी है। इस पर सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनौती देते हुए कहा है कि पीइ क्यों, सीधे एफआइआर दर्ज कर जांच करा लें। पंद्रह दिनों में फलाफल सामने लाया जाये। हम हर तरह से तैयार हैं।

---

### आइएएस वंदना दादेल के नाम से बनी फेक आइडी की पुलिस ने जांच शुरू की



**रांची (आजाद सिपाही)।** साइबर अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ता जा रहा है कि अब प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी नहीं बख्श रहे हैं। आये दिन खबरें सामने आती हैं कि कभी किसी डीसी का फेक आइडी बना दिया गया, तो कभी डीजीपी का। ताजा खबर सामने आ रही है कि साइबर क्रिमिनल ने सीनीयर आइएएस वंदना दादेल के नाम से फेक वाट्सएप आइडी बनायी है। इस आइडी से लोगों को मैसेज भी किया जा रहा है। फेक आइडी में वंदना दादेल की तस्वीर भी लगायी गयी है। इस फेक व्हाट्सएप से लगा कर ठगी करने का प्रयास किया है। वंदना दादेल ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। साइबर अपराधी ने उनके संपर्क वाले व्यक्ति से अमेजॉन पे यूज करने वाला मैसेज भी भेजा है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के अवर सचिव सुनील कुमार के मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए ठगी करने की कोशिश भी की गयी है। हालांकि वह झांसे में नहीं आये और उन्होंने तुरंत इस मामले की जानकारी प्रधान सचिव को दी। बता दें कि आइएएस वंदना दादेल वर्तमान में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की प्रधान सचिव हैं। यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी फेक आइडी बनायी गयी हो। इससे पहले आइएएस अफसर छवि रंजन, डीजीपी नीरज सिन्हा, रामगढ़ की डीसी का भी फेक आइडी बनाया गया था और ठगी का प्रयास किया गया था।

---

# विहिप हितचिंतक अभियान में जोड़े जायेंगे पांच लाख हिंदू: वीरेंद्र विमल

**झारखंड की 3500 पंचायतों के 20 हजार गांव में एक लाख 25 हजार परिवार के पांच लाख हिंदुओं को हितचिंतक बनाने का लक्ष्य**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के क्षेत्रीय मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि हितचिंतक अभियान में समाज के सभी जाति, मत, पंथ और संप्रदाय के पांच लाख हिंदू जोड़ें जायेंगे। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर से प्रारंभ होने वाले हितचिंतक अभियान पखवाड़े में विहिप के कार्यकर्ता लोगों को घर-घर जाकर जोड़ेंगे। विमल शनिवार को विहिप प्रांत कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि अभियान में डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील, पूर्व जज, गायक, अभिनेता, खिलाड़ी इत्यादि सभी तरह के ख्यातिप्राप्त लोगों को जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि हितचिंतक अभियान का उद्देश्य विहिप के विभिन्न आयामों के कार्यों का जनसेवार्थ विस्तार करना है। सेवा कार्यों से अधिकाधिक कमजोर समाज को जोड़ना, नयी पीढ़ी में सनातन संस्कारों का संचार करना, गौवंशों की रक्षा, सामाजिक समरसता, नारी सशक्तिकरण, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और मठ-मंदिरों की सुव्यवस्था के साथ ही हिंदू समाज को संगठित करते हुए उसकी सुरक्षा के संकल्प का भाव जगाना है तथा मतांतरण और जिहाद गतिविधि रोकने एवं परावर्तन (घर वापसी) के कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए समाज आगे आये, ऐसा विचार रखा जायेगा।

विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बिरेंद्र साहू ने कहा कि हितचिंतक अभियान के तहत झारखंड की 3500 पंचायतों के 20 हजार गांव में एक लाख 25 हजार परिवार के पांच लाख हिंदुओं को हितचिंतक बनाया जायेगा। इस अभियान में 100 से अधिक पूर्णकालिक, 9000 से अधिक कार्यकर्ता एवं समर्थक तथा 3500 पंचायत स्तर में टोली के साथ अभियान पूर्ण करेंगे।

अभियान टोली के साथ 20 रुपये का कूपन होगा, जिसे देकर हितचिंतक बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हितचिंतक अभियान के प्रांत संयोजक मनोज पोद्दार एवं प्रांत सह संयोजक रंगनाथ महतो एवं दीपक ठाकुर होंगे। हितचिंतक अभियान प्रांत संयोजक मनोज पोद्दार ने कहा कि झारखंड में 6 एवं 13 नवंबर को हितचिंतक महाअभियान चलाया जायेगा। इसके तहत प्रत्येक कार्यकर्ता को सुबह से शाम तक समय देते हुए कम से कम 50 घर संपर्क एवं 200 हितचिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हितचिंतक अभियान प्रांत सहसंयोजक रंगनाथ महतो ने हितचिंतक कूपन जारी करते हुए निर्धारित समय में अभियान पूर्ण करने के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, रांची विभाग सहमंत्री विकास सिंह, रांची विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अमर प्रसाद, महानगर मातृशक्ति सहसंयोजिका चित्रा पाल, महानगर हितचिंतक अभियान संयोजक नागेंद्र शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# भाजपा के खिलाफ गिरिडीह में शक्ति प्रदर्शन और विरोध

**भाजपा की गैर शासित राज्यों की सरकार को गिराने की साजिश होगी नाकाम: सुदिव्य सोनू**

**सुधीर सिन्हा**



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ को लेकर इडी द्वारा जारी किये गये समन और दो कांग्रेसी विधायकों पर आयकर विभाग की छापेमारी के बाद यूपीए महागठबंधन का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिला। भाजपा के खिलाफ यूपीए के महागठबंधन के दलों ने शनिवार को शहर में शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और गांडेय विधायक सरफराज अहमद के नेतृत्व में झामुमो व कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर में जुलूस निकाल कर इडी और आयकर विभाग की कारवाई का जमकर विरोध किया और टावर चौक पर धरना पर बैठ गये।

धरना को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य की एक चुनी हुई सरकार को भाजपा इडी, सीबीआइ और आयकर विभाग का सहारा लेकर गिराने का प्रयास कर रही है। वहीं गांडेय विधायक सरफराज अहमद के साथ जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय सिंह और कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा ने भी धरना को संबोधित किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा, झामुमो नेता संजय कंधवे, अजीत कुमार पप्पू, शाहनवाज अंसारी, गौरव कुमार, अभय सिंह, राकेश सिंह टुन्ना, रॉकी सिंह, कांग्रेस नेता सतीश केडिया, सद्दाम हुसैन, महमूद अली खान लड्डू समेत कई नेता और कार्यकर्ता धरना में शामिल हुए।

### सीएम को समन और विधायकों के यहां हुई छापामारी पर झामुमो, कांग्रेस और राजद का फूटा गुस्सा

# इडी और भाजपा के खिलाफ राजभवन के पास धरना

**यूपीए गठबंधन ने प्रदेश भर में धरना दिया, जेएमएम कार्यकर्ता इस पूरे प्रकरण में भाजपा को दोषी ठहरा रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए इडी के समन और कांग्रेस के दो विधायकों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी के खिलाफ यूपीए महागठबंधन का गुस्सा फूट पड़ा है। भाजपा के खिलाफ यूपीए के महागठबंधन दलों ने शनिवार को शहर में शक्ति प्रदर्शन किया। साथ ही झामुमो ने प्रदेश भर में धरना दिया। जेएमएम कार्यकर्ता इस पूरे प्रकरण में भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजभवन पहुंच कर भाजपा और इडी के खिलाफ नारेबाजी की। जेएमएम कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा मौजूदा सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है और जनादेश का उल्लंघन कर रही है। धरना में झामुमो के अलावा कांग्रेस और राजद के भी कार्यकर्ता शामिल हुए।




### राजनीतिक प्रतिशोध के लिए इडी को भाजपा ने बनाया मोहरा : बंधु तिर्की

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से संवैधानिक संस्थाओं से अपने इशारे पर काम करवा रही है। रघुवर सरकार में कितने घोटाले हुए। आखिर क्यों उन घोटालों के आरोपितों पर कार्रवाई नहीं होती। भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। इस मौके पर झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### इडी रघुवर दास से क्यों नहीं कर रही पूछताछ: महुआ माजी

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि भाजपा झारखंड की लोकतांत्रिक सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। इडी जिन घोटालों की जांच कर रही है, उसमें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का भी नाम है, लेकिन इडी उनसे पूछताछ क्यों नहीं कर रही। भाजपा के और भी कई लोग घोटालों में शामिल हैं। कइयों के खिलाफ मामले भी दर्ज हैं। आखिर इडी वहां क्यों नहीं जा रही है।

बता दें कि 6 मई से इडी की टीम झारखंड के अलग-अलग जिलों में कार्रवाई कर रही है। इडी अब तक कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इडी ने सबसे पहले मनरेगा घोटाले की जांच की और आइएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार को गिरफ्तार किया। उनके यहां से 18 करोड़ रुपये जब्त किये गये। इसके बाद आइएएस पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी के दौरान इडी को कई अहम जानकारियां मिली थीं, जिसके आधार पर अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। झारखंड में बिचौलिये के रूप में स्थापित प्रेम प्रकाश को भी इडी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

धरना झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में हुआ। संचालन झामुमो जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया। कार्यक्रम के अंत में जिला महागठबंधन के साथियों द्वारा राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया।

मौके पर झामुमो के नंदकिशोर मेहता, प्रो अशोक कुमार सिंह, राजद के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष राजेश यादव, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार बैठा, रतिलाल महली, संजर खान, सुरेन राम, जगदीश साहू, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, जनक नायक बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, संगठन सचिव लालज कुमार नाथ शाहदेव, आदिल इमाम, जुल्फीकार, प्रदीप भोगता सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

**SHARDA GLOBAL PREPARATORY SCHOOL**
Bukru, Kanke , Ranchi
ADMISSION OPEN (SESSION 2023-24)
Registration forms for admission in Class Pre-Nursery, KG-I & KG-II can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 7th November to 9th November 2022. Forms are also available at School Office, Timing 8:00 AM - 1:00 PM.
For details contact us at : 7542983222, 9931039500, 9934307000
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com Principal

**SHARDA GLOBAL SCHOOL**
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi
BUKRU, KANKE, RANCHI
ADMISSION OPEN (SESSION 2023-24)
Registration forms for admission in **Std. I to IX** can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from **7th November to 9th November 2022**. Forms are also available at School Office, Timing 8:00 AM to 1:00 PM.
Hostel facility available for Boys (Class III - Onwards)
BPL category candidates can apply with valid documents as per the Government rules for STD. I
For details contact us at : 7542983222, 9931039500, 9934307000
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com Principal

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 15 नवंबर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर तैयारियों की समीक्षा की

# 2000 करोड़ से ज्यादा की परिसंपत्तियों का वितरण और 1 हजार लोगों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर अधिकारियों को दिये अहम निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 15 नवंबर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के सिलसिले में हो रही तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने वरीय अधिकारियों के साथ इस उच्चस्तरीय बैठक में समारोह के मिनट -टू -मिनट कार्यक्रम की जानकारी ली और अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां ससमय पूरी जानी चाहिए।

**उद्घाटन - शिलान्यास किये जाने वाले योजनाओं की ली जानकारी :** मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में नयी योजनाओं और पॉलिसी की लॉन्चिंग तथा उद्घाटन और शिलान्यास किए जाने वाले योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण के बारे में भी अधिकारियों से जाना।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद होंगी। ऐसे में यहां सारी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त होनी चाहिए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो और कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की सहूलियत का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

**इन नयी योजनाओं और पॉलिसी की मिलेगी सौगात :** मुख्यमंत्री इस समारोह में सीएम सारथी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और एकलव्य स्किल स्कीम योजना का शुभारंभ करेंगे। वहीं, इंडस्ट्रियल पार्क एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी- 2022, इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी- 2022 और झारखंड एथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी- 2022 को लांच करेंगे।

उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव मनोज कुमार, एसयूडीए के निदेशक अमित कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक राजीव लोचन बक्सी और रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा मौजूद थे।

**स्थापना दिवस के महत्वपूर्ण तथ्य**

- मुख्य समारोह तीन घंटे का होगा। यह कार्यक्रम अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा।
- इस अवसर पर लगभग पांच हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का होगा उद्घाटन- शिलान्यास
- समारोह में चार नयी योजनाओं और तीन नयी पॉलिसी की भी होगी लॉन्चिंग
- लाभुकों के बीच 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की परिसंपत्तियों का होगा वितरण
- समारोह में 1000 से ज्यादा नव चयनितों को दिया जायेगा नियुक्ति पत्र
- समारोह में झारखंड की कला संस्कृति, गीत संगीत और नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे
- मुख्यमंत्री इस मौके पर मुख्यमंत्री राहत योजना के पोर्टल की भी करेंगे लॉन्चिंग

### एक लाख रुपये के लिए तोड़ा गया गया था सिविल कोर्ट का ताला

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में पिछले दिनों हुई चोरी के प्रयास में बड़ा खुलासा हुआ है। इस केस में पुलिस ने जिस अभियुक्त आशीष खाखा को गिरफ़्तार किया है, उसने बताया है कि एक केस का रिकॉर्ड गायब करने के लिए उसने एक लाख रुपये में डील की थी। जिस केस का रिकॉर्ड गायब किया जाना था, वह जगन्नाथपुर थाना से जुड़ा हुआ है, जिसकी प्राथमिकी संख्या 399/2019 है। फिलहाल कोतवाली थाने की पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। बता दें कि बुधवार की शाम रांची सिविल कोर्ट के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी ने कोतवाली थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करवायी थी। इसमें कहा गया था कि कोर्ट के कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे, तो उन्होंने कार्यालय के मुख्य गेट के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई पायी। घटना के बाद कोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गयी। फुटेज में एक व्यक्ति स्कूटी पर सवार दिखा, जो घटना के समय कोर्ट परिसर में दिख रहा है। एसडीजेएम के आवेदन के आधार पर कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है, जिसके आधार पर करवाई की गयी है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृष** — चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।
- **मिथुन** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कर्क** — साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।
- **सिंह** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **कन्या** — कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, आपके धैर्य, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **वृश्चिक** — परिस्थितियों में सुधार, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेगा।
- **धनु** — गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **मकर** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा।
- **कुंभ** — लोकप्रियता का विस्तार, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति,विरोधियों पर विजय मिलेगी।
- **मीन** — रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

### 11 नवंबर का विधानसभा का विशेष सत्र खास

# कैबिनेट के फैसले पर होगी संतुलित चर्चा: रवींद्रनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सियासी संकट के बीच 11 नवंबर को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इस विषय क्षेत्र में झारखंड में पदों और सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण वृद्धि संबंधी विधेयक को भी सदन में रखा जायेगा। इसको लेकर सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। 10 नवंबर को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी बैठक बुलायी है, जिसमें नीति को लेकर रणनीति तय की जायेगी।

**आरक्षण वृद्धि संबंधी विधेयक पर भी होगी चर्चा**

जहां सदन में एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने होंगे, वहीं विशेष सत्र को लेकर विधानसभा में तैयारियां शुरू हो गयी हैं। विशेष सत्र को लेकर विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने कहा है कि दोनों विधेयक पर सदन में संतुलित चर्चा होगी। उसके बाद बिल पास किया जायेगा। फिर उसकी आगे की परिक्रिया होगी। सदन की कार्यवाही तय समय से शुरू होगी। पक्ष-विपक्ष दोनों इन दोनों विधेयक को लेकर अपना मत रखेंगे।




**10 नवंबर को विपक्ष और सत्ता पक्ष की अलग-अलग बैठक**

बता दें कि 11 नवंबर को होनेवाले इस विशेष सत्र को लेकर अभी से ही सवाल उठने लगे हैं। विपक्षी दलों का मानना है कि सरकार को इतनी हड़बड़ी अचानक क्यों हो गयी है। इससे पहले स्पष्ट करना चाहिए। इन सबके बीच विशेष सत्र को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष की अलग-अलग बैठक 10 नवंबर को होगी। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में एनडीए विधायक दल की बैठक बुलायी गयी है, जबकि सीएम आवास में यूपी विधायक दल की बैठक होगी।

# राज्य में अंधेर नगरी, चौपट राजा: रघुवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। एक ओर मुख्यमंत्री सरकारी खर्च पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाने का ढोंग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजस्व कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल चल रही और हेमंत सरकार के उदासीन रवैये के कारण राज्य के छात्र और आम लोग परेशान हो रहे हैं। कई मेधावी बच्चों का राज्य और राज्य के बाहर मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक, सरकारी समेत अन्य संस्थानों की मेरिट लिस्ट में नाम आ गया है, लेकिन आवासीय प्रमाण पत्र ना बन पाने के कारण उनका नामांकन नहीं हो पा रहा है। उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।



# हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ: बाबूलाल


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व्यवस्था, वादाखिलाफी जैसे मुद्दों पर 07 नवंबर से राज्यभर में आंदोलन की घोषणा की है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता कमर कस कर मैदान में उतर चुके हैं। इस बार उनका नारा है भ्रष्ट हेमंत सरकार हटाओ झारखंड बचाओ। इस नारे के साथ भाजपा आंदोलन को गांव-गांव तक ले जायेगी। श्री मरांडी ने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जबतक हेमंत सरकार को गद्दी से उतार नहीं देती। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा ने 07 से 13 नवंबर तक राज्य के सभी 260 प्रखंड मुख्यालयों और 19 से 23 नवंबर तक सभी 24 जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। राज्य के 32620 गांवों के लोगों की भागीदारी इसमें सुनिश्चित की जायेगी। इसी तरह से 29413 बूथों में से 25772 बूथों पर भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास करेगी। मरांडी ने महागठबंधन के इडी के खिलाफ आंदोलन और झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में सत्ता की नाव डूबने वाली है। झारखंड में भ्रष्टाचार की काठ से बनी सत्ता की नैया जांच एजेंसियों की लहरों के सामने हिचकोले खाकर बस डूबने ही वाली है। पतवार थामे इस सत्ता के मुखिया अब अंतिम दांव आजमाने की तैयारी में हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड के लोगों ने उन्हें सरकार चलाने का जनादेश दिया है, न कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का।

**मरांडी ने कहा - झारखंड के लोगों ने उन्हें सरकार चलाने का जनादेश दिया है, न कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने का**

**07 नवंबर से राज्यभर में आंदोलन की घोषणा की है भाजपा ने**

**भाजपा आंदोलन को गांव-गांव तक ले जायेगी**



**CHANGE OF NAME**

As per affidavit Ref. No. 300 date 03.011.2022,I, Jahan Ara Begum W/o Neaar Anmed R/o H.No. 33 Karma, P.O. Irba, P.S. Ormajhi-835219, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian Citizen by birth my residence of above noted address.
2. That my actual and correct name is Jahan Ara Begum also mentioned my Aadhar Card No.6994 5144 9303.
3. That I am account holder of Bank accunt being no. 26240100005395 of Bank of Baroda Irba Branch Ormanjhi, Ranchi. mentioned name is Jahan Ara.
4. That Jahan Ara Begum and Jahan Ara both are same and one Person.
5. That I want to take my bank account my name aded Jahan Ara Begum hence this affidavit.

# पूजा सिंघल के पति अभिषेक को इडी कोर्ट ने नहीं दी अग्रिम जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को रांची इडी की कोर्ट में सुनवाई हुई। अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने अभिषेक झा को बेल देने से इनकार कर दिया है और अर्जी खारिज कर दी। रांची इडी कोर्ट के न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी और हाइकोर्ट की अधिवक्ता शौर्या भारद्वाज ने पक्ष रखा।

इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने पक्ष रखा। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में अभिषेक झा आरोपी हैं। इनके विरुद्ध इडी कोर्ट से समन जारी हुआ है, जिसके बाद अग्रिम जमानत के लिए उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इडी कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अभिषेक झा पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। इस बीच यह भी सूचना मिल रही है कि अभिषेक इडी कोर्ट के फैसले को हाइकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं।

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
HAZARIBAG - 825301
Post Box No.- 31
Phone Nos. V.C-264279 (O), 262342 ®, P.V.C-264724 (O), 262301 (R), Registrar-270982 (O), 267272 (R) C.E -263330 (O), 262387 (R), F.O: 270983 (0) FAX-06546-267878, 270982 (O), 264066 (R)

**SHORT RE-TENDER NOTICE (2nd Call)**

Sealed Tenders are invited for **Digitization of Tabulation Registers/Data entry of Records** from leading, reputed, professionally financially sound and duly registered companies/agencies/organizations which have minimum 05 years of experience in relevant execution for development, supply, implementation and maintenance of complete project in any **State Government/ Central Government University preferably of Jharkhand or Bihar.**

For detailed information tender documents can be downloaded from the website of the University at www.vbu.ac.in.

Sealed envelopes in two bid system may be submitted in triplicate either by Registered/Speed Post or directly to the **"Registrar, Vinoba Bhave University at Sindur, Hazaribag, Jharkhand, PIN -825301."** latest by 02:00 P.M. on 22.11.2022.

**By order of the Vice-Chancellor**
**Sd/-**
**Registrar**

Memo No. : VBU/CCDC/R/3027/2022
Date : 05.11.2022

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# झामुमो करेगा 24 जिलों में आंदोलन का आगाज

**जरूरत पड़ने पर रेल की पटरी, राष्ट्रीय राजमार्ग और हवाई अड्डे पर भी बैठेंगे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा राजपथ में भाजपा का प्रदेश कार्यालय है। वहीं भाजपा के नेता और राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संवाददाताओं को संबोधित किया। इस दौरान उनकी दिल की इच्छा बाहर निकल गयी। दुमका- बेरमो उपचुनाव के वक्त से ही वो कह रहे थे कि नतीजे आयेंगे और सरकार बदल जायेगी। लेकिन महागठबंधन ने चुनाव जीता और सरकार मजबूत हुई। बाबूलाल ने कहा कि 2024 तक इंतजार नहीं कर सकते हैं। इससे पहले सरकार को उखाड़ फेंकना है। 25 भाजपा के विधायक हैं। एक खुद बाबूलाल मरांडी हैं। सरकार बनाने का आंकड़ा यहीं खत्म हो जाता है। बाबूलाल को दिसंबर 2024 के बाद फिर से समझ में आ जायेगा, जब प्रचंड जनादेश के साथ हेमंत सोरेन दुबारा झारखंड की सत्ता में काबिज होंगे। बाबूलाल खुद राजधनवार सीट हार जायेंगे। उक्त बातें सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं। सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के मामले में निर्वाचन आयोग के मंतव्य के संबंध में एक नवंबर को हेमंत सोरेन के वकील वैभव तोमर ने चुनाव आयोग को लिखित दिया है। राज्यपाल रायपुर में एटम बम की बात करते हैं और दूसरे ओपिनियन की बात करते हैं। इसमें सच्चाई क्या है। ये लोग सिर्फ हर रोज नया ड्रामा कर रहे हैं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के सामंतवादी नीतियों के खिलाफ 24 जिले में आंदोलन का आगाज होगा। जरूरत पड़ने पर रेल की पटरी, राष्ट्रीय राजमार्ग और हवाई अड्डे पर भी बैठेंगे।

## खेल-खिलाड़ी : सीएम आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

# एक लाख खिलाड़ियों को हुनर दिखाने का मिलेगा अवसर

**प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टीमें खेलेंगी**

**प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 5128 टीमें भाग लेंगी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के जरिये राज्य के करीब एक लाख खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। यह जानकारी खेल सचिव मनोज कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 29 दिसंबर तक खेली जानी है। इस बार प्रतिभागी टीमों और खिलाड़ियों को देखते इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टीमें खेलेंगी। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 5128 टीमें भाग लेंगी, जिसके जरिये 82 हजार खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलना है। इसके अलावा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 436 टीमों के लगभग 7000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखायेंगे। खेल सचिव ने सहाय खेल योजना के बारे में भी जानकारी दी।

मनोज कुमार ने बताया कि सीएम आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल किट उपलब्ध कराया जायेगा। पंचायत, प्रखंड और जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं नाक आउट और जोनल तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता लीग नाक आउट पद्धति पर आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के सहाय योजना को सरकार ने स्वीकृति दी है।

इसके तहत पांच जिलों खूंटी, सिमडेगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में प्रखंड, नगर निकाय, जिला और राज्य स्तर पर 14 से 19 वर्ष के युवक युवतियों को अलग अलग खेलों फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स और वालीबॉल में हुनर दिखाने का मौका मिलना है। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता 17 नवंबर से 23 नवंबर तक होनी है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 5-9 दिसंबर तक होगी। इस मौके पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा भी मौजूद थीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 14 सदस्यीय टीम ने बैठक की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अभियान के निदेशक आलोक त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजना एवं कार्यक्रमों की जानकारी ली गयी। बैठक के बाद कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) की टीम 6 से 10 नवंबर तक झारखंड के देवघर और गढ़वा में स्वास्थ्य संबंधी कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करेगी। साथ ही जिलों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेगी। आम लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की जायेगी। 10 नवंबर को स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम संबंधित जिले के उपायुक्त के साथ बैठक कर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर चर्चा करेगी। 11 नवंबर को पुन: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नामकुम में बैठक की जायेगी। सीआरएम टीम की वार्षिक समीक्षा आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक है। कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) दल में डिप्टी कमिश्नर डॉ जोया रिजवी, एनसीडीसी के उपनिदेशक डॉ पूर्वासा बेरा, डॉ अग्रिमा रायना, डॉ डीके यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे, जबकि राज्य स्तर के अपर अभियान निदेशक, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ कृष्ण कुमार के अलावा पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

### श्री श्याम भंडारा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर प्रत्येक शनिवार को होने वाले श्री श्याम भंडारे की श्रृंखला में 35 वें भंडारे पर आयोजित कार्यक्रम में साईं काल श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में वेजिटेबल पुलाव, दाल मखानी, बनारसी कचोरी और खीर का महाप्रसाद निर्मित कर के मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भोग अर्पित किया गया। वहीं इस दौरान समाजसेवी लेक रोड निवासी विमला देवी अग्रवाल ने अपने पुत्र पुत्रवधू दिलीप अग्रवाल और सरिता अग्रवाल व सुपुत्र अमर अग्रवाल के संग श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित कर के मंदिर के आचार्य को भंडारे का प्रसाद खिलाकर दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की के मार्गदर्शन में भंडारे का प्रसाद मंदिर के श्री श्याम रसोई में निर्मित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में अग्रवाल परिवार ने भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया। पूरा श्री श्याम मंदिर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज रहा था। भक्त मंदिर के पट खुलने के पहले से ही एकत्र होना शुरू हो गये थे। लगभग 3000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर भक्त जनों से भरा हुआ था। श्री श्याम भंडारे व्यवस्था में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मनोहर केडिया, राजेश चौधरी, पूर्व सांसद अजय मारू, राजकुमार केडिया, चंडी डालमिया, आनंद मालपानी, कमल लोहिया, प्रदीप मोदी, संतोष पोद्दार, राहुल मारु, साहित्य, पवन शर्मा, मनोज खेतावत, रौनक पोद्दार, सुभाष, मंगल, प्रवीण मंगल, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल कल्पना मारू सुधा अग्रवाल सहित 75 से ज्यादा स्वयंसेवक श्री श्याम भंडारे की व्यवस्था में लगे हुए थे।

### शारदा ग्लोबल स्कूल की छात्रा ने चित्रांकन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम



रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल की छात्रा प्रियांशी ने सक्षम राष्ट्रीय चित्रांकन प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर पर 15000 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रियांशी वर्ग नवम की छात्रा है। राज्य स्तर पर उसका चयन निबंध लेखन तथा चित्रांकन दोनों प्रतियोगिताओं में हुआ था। जिसके अंतगर्त उसने 4000 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया था। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा० रंजना स्वरूप एवं विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकगणों ने प्रियांशी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संत जॉन्स स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी



रांची (आजाद सिपाही)। संत जॉन्स स्कूल रांची में वार्षिक विज्ञान, वाणिज्य, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को किया गया। इसके मुख्य अतिथि रेक्टर संत अल्बर्ट कॉलेज रांची पिता अजय खलखो एसजे थे। फादर रेमंड केरकेट्टा एसजे सम्मान के अतिथि थे। फादर वेलेंटाइन सिंधुरिया एसजे, भाई जॉन फिशर ओस्गर एसजे और निरंजन टोप्पो एसजे न्यायाधीश थे। वार्षिक प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रिंसिपल फादर एंथनी एक्का और सम्मानित अतिथियों ने किया। प्रिंसिपल ने कहा कि मैं कुछ अभिनव और रचनात्मक बनाने के लिए समूहों में काम करने वाले छात्रों को देखकर खुश हूं। प्रदर्शनी अवधारणाओं की समझ को प्रदर्शित करने और उन्हें प्रस्तुत करने का मंच है। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने छात्रों की मेहनत की सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि रचनात्मक होना जरूरी है। इसे निष्पादित करने के लिए बहुत सारी तैयारी और योजनाओं की आवश्यकता होती है। वार्षिक प्रदर्शनी सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता भी लायेगी। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में मॉडल व डिजाइन तैयार किये। इस वार्षिक प्रदर्शनी दिवस पर सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

### सीमा पात्रा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

रांची (आजाद सिपाही)। एसटी-एससी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में शनिवार को रिटायर्ड आइएएस की पत्नी और निलंबित भाजपा नेता सीमा पात्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने सीमा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सूचक की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने अदालत में पक्ष रखते हुए सीमा पात्रा की जमानत का पुरजोर विरोध किया। सीमा की ओर से अधिवक्ता राखी ने पैरवी की। बता दें कि 31 अगस्त को सीमा पात्रा को गिरफ्तार किया था। उन पर आदिवासी युवती की प्रताड़ना का आरोप है।

# झारखंड के राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग करेगा माले : दीपंकर भट्टाचार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि भाकपा-माले झारखंड के राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग राष्ट्रपति से करेगा। राज्यपाल रमेश बैस जिस भाषा में बात कर रहे हैं, यह झारखंड और झारखंड की चुनी हुई सरकार के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से वर्तमान राज्यपाल को झारखंड से वापस बुलाने की मांग करेंगे। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस मनाने की ओर बढ़ रहे झारखंड में केंद्र की सत्ता की सह पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश लोकतंत्र के हित में नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी की कार्रवाई के सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाकपा माले महासचिव ने कहा कि कानून अपना काम करे, लेकिन दलीय भेदभाव के साथ यह नहीं होना चाहिए। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा नेताओं पर कार्रवाई नहीं किये जाने पर सवाल करते हुए कहा कि झारखंड, मध्यप्रदेश या गुजरात में भ्रष्टाचार में स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद भाजपा नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा आज

श्री भट्टाचार्य ने रामगढ़ में छह नवंबर को आयोजित झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा (झामस) के केंद्रीय सम्मेलन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि झामस के केंद्रीय सम्मेलन में झारखंड के गरीबों को संगठित कर जल, जंगल जमीन के मुद्दों पर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया जायेगा।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रांची महानगर के तत्वावधान में अजादी के 75वां अमृत महोत्सव के अवसर पर 7500 दलित बस्यियों में बस्ती संपर्क अभियान के तहत हातमा रांची में महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, महामंत्री वरुण साहू, बलराम सिंह, मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राम लगन राम, उपेंद्र रजक ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजना जैसे जन-धन योजना, आयुष्मान, शौचालय, उज्ज्वला, राशन, लघु और कुटीर उद्योग योजनाओं की जनकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करण नायक और संचालन उपेंद्र रजक ने किया। मौके पर भाजपा ने कहा कि केंद्र सरकार की सैकड़ों योजनाओं में से दर्जनों योजनाओं का लाभ सीधे अनुसूचित जाति के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इन योजनाओं से देश की महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ सम्मान इज्जत के साथ जीने का अधिकार दिया, साथ ही माता और बहनों के आंसू पोंछने का भी काम किया है। मौके पर नीरज नायक, मंडल अध्यक्ष विकाश रवि, विनोद राजन, संतोष रवि, नारायण नायक, राजेंद्र राम, सुमित्रा नाग, अनूप मिर्धा, रोहन नायक, अक्षय रजक, मुकेश कुमार, रोहित लोहरा, सुमित सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# तय समय में पूरा करें निर्माण कार्य : शशि भूषण राय

**कांग्रेस नेता नेअधिकारियों संग साझा निरीक्षण किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने रांची रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन वैकल्पिक मार्ग में हो रही देरी से दक्षिण रेलवे कॉलोनी के आसपास अमरावती कॉलोनी, न्यू अमरावती, कृष्णापुरी, द्वारिकापुरी, रामनगर में हजारों की जनसंख्या को हो रही कठिनाई के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे, पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कांट्रेक्टर प्रतिनिधियों के संग साझा बैठक की और स्थल निरीक्षण किया।

रांची रेलवे स्टेशन के वैकल्पिक मार्ग का काम अचानक रुक जाने से रोड की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। कई जगहों पर गड्ढों एवं अधूरे कार्य से पैदल चलना अथवा गाड़ी के परिचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और हमेशा यहां सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि काम जल्द से जल्द पूरा करें और गड्ढों को अविलंब भरें। उन्होंने रेलवे कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की चरमरायी व्यवस्था की तरफ भी अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। अधिकांश स्ट्रीट लाइट या तो खराब हैं या मंद रोशनी दे रही हैं, जिसके कारण शाम होते ही रेलवे कॉलोनी तथा आसपास के लोगों को इससे परेशानी हो रही है एवं असामाजिक तत्वों को इससे लाभ मिल रहा है।

श्री राय ने मांग की कि स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के साथ-साथ, उच्चतम तकनीक की नयी स्ट्रीट लाइट लगायी जाये। अधिकारियों और कांट्रेक्टर प्रतिनिधियों ने सारी मांगों को सकारात्मक रूप से लेते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता शशि भूषण राय के साथ डिविजनल रेलवे इंजीनियर (दक्षिण), एइएन, वर्क इंस्पेक्टर, सहायक अभियंता (पथ निर्माण विभाग), राहुल सिंह कांट्रेक्टर प्रतिनिधि, प्रशांत गौरव, उज्ज्वल मिश्रा, पवन महली, अमित सिंह, गुंजान एवं अन्य मौजूद थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जागरूक किया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। छात्रों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित रन फॉर यूनिटी में भी छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को प्रेरित करने के लिए विद्यालय द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।

# एनआइबीएम में साक्षात्कार, बैंकिंग और कंबाइंड कोर्स शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** आरआरबी पीओ मुख्य परीक्षा में अनेकों विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिनका साक्षात्कार प्रारंभ है तथा विभिन्न बैंकों की पीटी तथा मुख्य परीक्षा होने वाली है। जिसका विशेष बैच 7 और 11 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। विभिन्न बैंकों में अंतिम रूप से चयनित विद्याथियों को संस्थान के निदेशक एम के गुप्ता ने सम्मानित किया।

प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआइबीएम की सुनियोजित पढ़ाई की नयी तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2020-21 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाईन भी कर चुके हैं तथा रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकमटैक्स ऑफिसर, सीबीआइ तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेबल की कार्यालय में कार्यरत हैं। इस माह भी कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल की परीक्षा रिजल्ट आया। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं तथा यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाइब्रेरी है। जहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं, संस्थान में नये पैर्टन पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है। जहां ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी तथा सही गाइड लाइन देतें हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा कैरियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया जाता है। जिससे विद्यार्थी मात्र 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। एनआइबीएम में बिहार, झारखंड, ओड़िशा, प. बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। संस्थान काफी बेहतर प्रदर्शन लगातार 25 वर्षों से करते आ रहा है। निदेशक ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान भी बेहतर तैयारी का परिणाम है कि अनेकों का अंतिम रूप से चयन हुआ तथा इस वर्ष भी बेहतर रिजल्ट के लिए सभी शिक्षकगण तथा विद्यार्थी काफी मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए मैट्रिक पास तथा स्नात्तक पढ़ रहे, स्नात्तक, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग, एसएससी रेलवे की सेपरेट तथा कंबाइंड बैच 7 तथा 11 नवंबर 2022 से विधिवत लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ सारी व्यवस्था कोविड के गाइडलाइंस के तहत जारी है। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर सर्कुलर रोड रांची स्थित एनआइबीएम संस्थान फोन नं 09334726278 तथा वेबसाइट पर सर्पक तथा विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# रामगढ़ के एक सपूत ने दिया झारखंड दूसरा सपूत देगा 1932 का खतियान : सीएम

- चितरपुर स्टेडियम में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- 302 करोड़ योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया
- 119 करोड़ परिसंपत्ति का किया वितरण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को चितरपुर स्थित स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, रामगढ़ विधायक ममता देवी, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद मौजूद थे। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद स्वागत स्पीच रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने दी। जिसके बाद अतिथियों ने सरकार की योजनाओं को कार्यक्रम आए लोगों को विस्तार पूर्वक बताया। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कुल 4,616.26 लाख रुपए की 146 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान 25,598.47 लाख रुपए की 106 योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने 2,813,18 लाभुकों के बीच 11982.43 लाख की परिसंपति का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6,456 किशोरियां सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से हुईं आच्छादित। 2,484,35 लाभुकों को सोना सोबरन धोती-साड़ी-लुंगी वितरण योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि लाभुकों को योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया चलती रहेगी।

### निराश नौजवानों को हेमंत सरकार ने स्वरोजगार से जोड़ा : आलमगीर आलम

कार्यक्रम में शामिल झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन ने उस नारे को चरितार्थ किया है जिसमें कहा गया है कि हेमंत है तो हिम्मत है। कोरोना और उसके बाद रोजगार एक बड़ी समस्या बनकर खड़ी थी। केंद्र सरकार ने जब हाथ खड़े कर दिए तब भी हेमंत नौजवानों के साथ खड़े रहे। हेमंत सोरेन युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें लोन उपलब्ध कराया। आज यहां के युवा अपना रोजगार कर रहे हैं। यही वजह है कि जब केंद्र सरकार ने सर्वे कराया तो झारखंड भी उन प्रदेशों में शामिल हुआ जहां प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हो रही है।

### हेमंत सरकार ने पारा शिक्षकों और सेविका सहायिकाओं की मांग पूरी की : सत्यानंद

कार्यक्रम में शामिल मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि जिसका कोई नहीं उसका हेमंत है। यही वजह है कि झारखंड में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पेंशन मिल रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में दर-दर की ठोकरें खा रहे 60000 पारा शिक्षकों की मांग पूरी कर सरकार ने नया आयाम गढ़ दिया। शिक्षा में सुधार के लिए 17672 शिक्षकों की नियुक्ति की। सत्यानंद भोक्ता ने भी केंद्र सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका झूठा भाषण, झूठा राशन और झूठ की सरकार की वजह से आज महंगाई चरम पर है। 2014 सरकार बनते गैस, पेट्रोल, डीजल, महंगाई बढ़ रही है।

### एसएस हाई स्कूल गोला को बनायें मॉडल स्कूल : ममता देवी

कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि सरकार आम नागरिकों के लिए काफी कुछ कर रही है। लेकिन कुछ ऐसी भी चीजें हैं जिस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गोला का एसएस हाई स्कूल जिसमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी पढ़ाई की थी, उसे मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके अलावा माया टूंगरी पर रोप वे लगाने, चितरपुर में स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करने की मांग रखी, ताकि आम नागरिकों को सुविधा और अधिक मिल सके।

### प्रदूषण विभाग के अधिकारियों की बंद होनी चाहिए खानापूर्ति : अंबा प्रसाद

कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सरकार कई कार्य कर रही है, लेकिन रामगढ़ जिला अभी प्रदूषण मुक्त नहीं हुआ है। रामगढ़ जिले में फैक्ट्रियां तो हैं लेकिन प्रदूषण विभाग के अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बालू की समस्या भी विकास को बाधित कर रही है। अब एनजीटी की बाध्यता भी नहीं है। इसलिए सरकार जल्द ही इस पर विचार कर लोगों की समस्या दूर करें।

### पूरे झारखंड में 31 लाख में से 20 लाख आवेदन का हो चुका निष्पादन

सीएम ने कहा कि अबतक आपकी सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 31 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 20 लाख से अधिक आवेदनों का निष्पादन कर दिया है। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। वर्ष 2021 में भी इस तरह के शिविर का आयोजन किया गया था। इस वर्ष फिर से इसका आयोजन हो रहा है। एक माह के लिए यह विशेष आयोजन किया जा रहा है। लेकिन एक माह के बाद भी लोगों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्हें योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य गठन के बाद पहली बार उत्साह का माहौल है। सरकार किसान, श्रमिक, महिलाओं, युवाओं एवं सभी जरुरतमंदों के साथ खड़ी है। सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जरूरतमंद लोगों को पेंशन देने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया। लेकिन ना पेंशन को यूनिवर्सल किया गया और ना ही पेंशन की राशि में बढ़ोतरी हुई। ऐसे में आपकी सरकार ने अपने बलबूते सभी जरूरतमंद को पेंशन देने का कार्य किया। भारत सरकार ने राज्य सरकार से आर्थिक मदद के लिए अनुरोध किया, लेकिन राज्य को उसका अधिकार नहीं मिला। जबकि केंद्र के पास राज्य की करोड़ों की राशि बकाया है।

### शिक्षा को लेकर सरकार गंभीर

मुख्यमंत्री ने कहा सीएम सारथी योजना का लाभ राज्य के छात्रों को जल्द मिलेगा। इंजीनियरिंग, लॉ समेत अन्य विषयों में पढ़ाई करने के लिए सरकार आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की परिकल्पना सरकार ने की है, जिसके जरिए कम ब्याज पर सरकार उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग करेगी। मॉडल स्कूल को सरकार निजी स्कूल के तर्ज पर विकसित कर रही है।

### सबसे पिछड़े राज्य को दबाने का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 20 वर्षों में झारखंड में कितनी सरकारें रही। उन्होंने योजनाएं तो बनाई लेकिन उसका लाभ आम नागरिकों तक नहीं पहुंचा। जब से हमारी सरकार आई है तब से कोरोना जैसी महामारी सामने आ गई। इसके बाद प्राकृतिक आपदाओं की वजह से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। झारखंड पूरे देश में सबसे पिछड़ा राज्य है। ऐसे राज्य को भी सिर्फ इसलिए दबाया जा रहा है क्योंकि यहां विपक्ष की एक नहीं चल रही है। हम जब केंद्र सरकार से अपना हक मांगते हैं तो वह हमारे पीछे ईडी, सीआईडी और आईटी के अधिकारियों को लगा देती है। हमें परेशान करने और दबाने के सारे हथकंडे सरकार अपना चुकी है। लेकिन हम हार मानने वाले में से नहीं हैं। सरकार गठन के दूसरे दिन से ही यहां विपक्षियों के द्वारा सरकार गिराने की साजिश रची जा रही है। लेकिन हर बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी है।

# कोयला कारोबारी कैलाश वर्मा के घर आइटी का छापा

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली परियोजना में लगातार रांची कोलकाता धनबाद रामगढ़ के कोयला कारोबारी से जुड़े बिंगलात निवासी कैलाश वर्मा के घर में बीते शुक्रवार शुबह नौ बजे से संध्या 4 बजे तक इनकम टैक्स के अधिकारियों ने छापेमारी की। इनकम टैक्स के अधिकारी दो वाहन से आधा दर्जन की टीम घर आयी। इनकम टैक्स के अधिकारी आते बिंगलात समेत आम्रपाली क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। छापेमारी के दौरान परिजनों को घर से बाहर नही जाने को कहा। परिजन की उपस्थिति में प्रत्येक कमरों की अधिकारियों ने तलाशी ली। जिस समय छापेमारी चल रही थी, कैलाश वर्मा घर पर नहीं था। अधिकारियों के द्वारा वर्मा को फोन लगाया गया, पर वे बाहर बता कर नहीं आये। सूत्रों के अनुसार छापेमारी दल को कैलाश वर्मा के घर से कुछ नगदी एव कई कोयला से जुड़े कागजात बरामद हुए हैं। कैलाश वर्मा 2017-18 से आम्रपाली परियोजना में विभिन्न ट्रांसपोर्ट कंपनियों की कोयला ढुलाई करवा चुके थे। लिहाजा ट्रक एवं हाइवा मालिकों के लगभग 65 लाख से अधिक भाड़ा बकाया था।

### सुबह 9 बजे पहुंची आइटी की टीम

कैलाश वर्मा के घर शुक्रवार को सुबह 9 बजे आइटी की टीम पहुंची। लगातार 9 घंटे तक घर की तलाशी ली गयी। आम्रपाली परियोजना से प्रभावित गांव बिंगलात में दिन भर सनाटा पसरा रहा। वही कैलाश वर्मा के पिता रामचंद्र वर्मा बताते हैं कि सुबह 10 बजे तीन अधिकारी एवं दो गार्ड घर पहुंची। नौ घंटे तक अधिकारियों को कुछ नही मिला। उन्होंने बताया कि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल के कागजातों में गलती की बात कर रहे थे।

# आनंद मोहन ठाकुर के घर दूसरे दिन भी आइटी की छापामारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** नामकुम स्थित काली नगर में खान एवं भूतत्व निदेशालय के पूर्व सचिव आनंद मोहन ठाकुर के घर दूसरे दिन भी आइटी की टीम ने छापेमारी की। इससे पहले शुक्रवार को भी छापेमारी हुई थी, जो देर रात तक चली थी। जानकारी के अनुसार, पूर्व सचिव के घर से नकद राशि नहीं मिली है, लेकिन बरामद कागजातों में गड़बड़ी उजागर हुई है। बता दें कि एसीबी ने आनंद मोहन ठाकुर के घर से पूर्व में लाखों रुपये जब्त किये थे। पूर्व सचिव आनंद मोहन ठाकुर के घर में पूर्व में भी छापामारी हुई थी। 20 मार्च, 2020 को जमशेदपुर एसीबी की टीम ने सूचना के आधार पर छापामारी कर उनके घर से 28.14 लाख रुपये जब्त किये थे।

# मेरे पास से 16 हजार 400 रुपये निकले: प्रदीप यादव

### ड्राइवर के पास से 10 हजार रुपये मिले हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव के गोड्डा एवं पौड़ैयाहाट स्थित आवास, इनके निजी सहायक देवेंद्र पंडित, विधायक से जुड़े संवेदक श्यामाकांत यादव के तीन ठिकानों पर शुक्रवार को आयकर की टीम ने छापा मारा। धनबाद से 10 गाड़ियों पर सवार होकर करीब डेढ़ दर्जन इनकम टैक्स के पदाधिकारी एवं कर्मी गोड्डा पहुंच कर सुबह सात बजे से एक साथ सभी स्थानों पर छापेमारी शुरू की। छापेमारी दिनभर चली। शनिवार को प्रदीप यादव ने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि यह छापा राजनीतिक विद्वेष के कारण पड़ा है। सरकार को अस्थिर करने का प्रयास भाजपा शुरू से ही कर रही है। यह भी सच है कि पिछले दिनों उन्हें लगा कि सरकार को गिरा देंगे, लेकिन वह सफल नहीं हो पाये। गठबंधन के लोग सजग हो गये। उन्हें लगता है कि हम लोग एक मजबूत स्तंभ है, सरकार को स्थिरता और मजबूती प्रदान करने में। इसलिए डराने-धमकाने के लिए छापा मारा जा रहा है।

श्री यादव ने कहा कि दूसरा कारण गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को लगता है कि हम उसके चिर प्रतिद्वंद्वी हैं 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये। उन्होंने इस बहती गंगा में अपना हाथ धोने का प्रयास किया। जिस तरह से वह अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। समाज में झूठ फैला रहे हैं कि 100 करोड़ मिला, 200 करोड़ निकला। सच क्या है यह इनकम टैक्स के छापा मारने वाले अधिकारी बतायेंगे, जबकि सच्चाई यह है कि मै जिस सरकारी आवास में हूं, वहां मेरे पास से 16 हजार 400 रुपये निकले, मेरे ड्राइवर के पास से 10 हजार रुपये मिले है। श्री यादव ने कहा कि कोई ऐसी चीज नहीं मिली जो पैन नहीं है। हम लोग गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं है। मजबूती से अपने पार्टी की विचारधारा के साथ हैं।

## सीसीएल में स्थापना दिवस के अंतर्गत सम्मान-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

# सीसीएल की वार्षिक पत्रिका का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के कंवेंशन सेंटर में सीआइएल/सीसीएल के 48वां स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएमडी सीसीएल पीएम प्रसाद, निदेशक आरबी प्रसाद, निदेशक बी साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके सिन्हा ने दीप जला कर किया।

इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद ने सभी को सीसीएल के 48वें स्थाइपना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कंपनी को नयी ऊंचाई पर ले जाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। हमारे इस प्रयास में हमें श्रमिक संघों के साथ-साथ सभी का सहयोग मिल रहा है। हमें आशा है कि भविष्य- में इसी तरह उनका सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें हर वर्ष 16 से 18 प्रतिशत की वृद्धि दर से आगे बढ़ना है, तभी हम आने वाले वर्षों में 100 मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन लक्ष्य को पार कर सकेंगे। इसके लिए हम पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

निदेशक आरबी प्रसाद ने कहा कि हम सभी हर वर्ष सीसीएल की स्थायपना दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर कंपनी के बेहतरी के संकल्प लेते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमारा कोयला उत्पादन का लक्ष्य 76 मीट्रिक टन है, लेकिन हमारी कोशिश होगी कि हम 80 मीट्रिक टन को पार कर सकें। इसके लिए हम सब को अपना-अपना योगदान बढ़-चढ़ कर देना होगा। उन्होंने अवसर विशेष पर पुरस्कार पा रहे सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

निदेशक बी साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके सिन्हा ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा कोयला उत्पादन करने के लिए सभी को प्रेरित किया और पुरस्कार से सम्मनित किये जा रहे सभी कार्मिकों को बधाई दी। इस अवसर विशेष पर एक संकल्प पत्र के माध्यम से कोयले का उत्पादन लक्ष्य को पार करने के लिए उपस्थित सभी ने संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सीसीएल की वार्षिक पत्रिका उत्कर्ष का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कंपनी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये गये, जिनमें शॉवेल ऑपरेटर, डम्पर ऑपरेटर, ड्रील ऑपरेटर, डोजर ऑपरेटर, पे-लोडर, एसडीएल ऑपरेटर एवं स्पेशल एचीवमेंट के लिए चयनित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं विभागों को भी अच्छे कार्य के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अवसर विशेष पर हेवी मोटर ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे परियोजना प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को लाइसेंस दिया गया। साथ ही चतरा जिला के आदित्य कुमार को शूटिंग राइफल के लिए चार लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी। ज्ञातव्य हो कि आदित्य कुमार का राईफल शूटिंग के क्षेत्र में झारखंड में चौथा स्थान है और उनका चयन राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हुआ है।

कार्यक्रम का सफल आयोजन में महाप्रबंधक एसवी तलंकार एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रो तपन शांडिल्य अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका के संरक्षक मंडल में नामित



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति कक्ष में इंडियन जर्नल आफ सोशल कंसनर्स के 48वें अंक का विमोचन कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। इस अवसर पर डॉ जेबी पांडेय, डॉ अनिल ठाकुर आदि मौजूद रहे। यह अंतरराष्ट्रीय पीयर रिव्यूड रेफर्ड जरनल है। यह कला, मानविकी, समाज विज्ञान, जन संचार, विधि, वाणिज्य विज्ञान, वैचारिकी की अंतरराष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका है। इसके प्रधान संपादक डॉ हरिशरण वर्मा और संपादक डा राज नारायण शुक्ल,अतिथि संपादक डॉ प्रदीप कुमार शर्मा और प्रबंध संपादक डा संगीता वर्मा हैं। प्रो डॉ जेबी पांडेय इसके परामर्शक मंडल में है। अर्थशास्त्र के निष्णांत विद्वान और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को उनकी विद्वता और कार्यदक्षता को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस पत्रिका के संरक्षक मंडल में नामित किया गया है। इस अवसर पर पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने कुलपति तपन कुमार शांडिल्य को बधाई दी।

# श्री गुरुनानक देव का 553वां प्रकाश पर्व आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरुनानक देव का 553वां प्रकाश पर्व छह नवंबर को मनाया जायेगा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, लोकसभा सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद महुआ माजी होंगी। शामिल। इस उपलक्ष्य में कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक भव्य दीवान सजाया जायेगा एवं दोपहर 12.30 बजे से गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा। दोपहर 2:30 बजे दीवान समाप्ति के बाद भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएयो, जो कृष्णा नगर कॉलोनी से निकल कर रातू रोड, प्यादा टोली चौक, महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सर्जना चौक, डेली मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स होते हुए लाला लाजपत राय चौक होते हुए पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल पहुंचेगा, जहां अरदास के साथ रात नौ बजे नगर कीर्तन की समाप्ति होगी। इस मौके पर गुरु सिंह सभा द्वारा गुरु नानक स्कूल कैंपस में गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा। इसके अलावा इस उपलक्ष्य में सात अक्टूबर को सुबह आठ बजे से 10:30 बजे तक एवं रात आठ बजे से 11 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा तथा प्रकाश पर्व के दिन यानी 8 अक्टूबर को रात 8 बजे से विशेष दीवान सजाया जायेगा। रात 12 बजे श्री अनंद साहिब के पाठ का भोग होगा एवं रात दो बजे विशेष दीवान की समाप्ति होगी। इन सभी दीवानों में शिरकत करने के लिए सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई बलविंदर सिंह जी रंगीला (चंडीगढ़ वाले) विशेष रूप से पहुंच रहे हैं, जो शबद कीर्तन कर शहर की साध संगत को निहाल करेंगे। श्री गुरु नानक सत्संग सभा के महासचिव अर्जुन देव मिड्ढा एवं सचिव मनीष मिढ़ा ने शहर के तमाम सिख धर्मावलंबियों से प्रकाश पर्व के उपलक्ष में सजाये जा रहे सभी दीवानों एवं नगर कीर्तन में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने का आह्वान किया है।

# राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सपना कुमारी को साइकिल और खेल सामग्री प्रदान करेगा रांची रिवोल्ट जनमंच




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रिवोल्ट - जनमंच के सदस्यों की एक बैठक शनिवार को मोरहाबादी के आनंदग्राम स्थित केंद्रीय कार्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सपना कुमारी को रविवार को उसके घर पर, जो अनगड़ा प्रखंड कार्यालय से 12 किलोमीटर दूर बंगाती बेड़ा गांव मे अवस्थित है, वहां जाकर साइकिल एवं अन्य खेल सामग्री प्रदान की जायेगी। यह जानकारी प्रणव कुमार बब्बू ने दी। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों रांची रिवोल्ट - जनमंच के सदस्यों को यह जानकारी मिली थी कि राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सपना सुबह तीन से चार बजे ही जाग कर पैदल ही अपने कबड्डी अभ्यास स्थल पर जाती है, जबकि उस समय अंधेरा ही रहता है और ऊपर से जंगली जानवरों का भी भय रहता है। इस परिस्थिति में भी उसने बिना हिम्मत हारे अपने पूरे हौसले और परिश्रम से राष्ट्रीय कबड्डी टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी की ऐसी स्थिति की जानकारी होने के बाद रांची रिवोल्ट - जनमंच के सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि झारखंड की इस बेटी के सहायतार्थ सभी मिलकर सहायता करेंगे। इसी क्रम में उसके घर जाकर उसे साइकिल, अन्य खेल सामग्री और खाद्य सामग्री सौंपी जायेगी ताकि वह अपनी प्रतिभा को और निखार सके।

# इमरान खान पर हमला भयावह

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुआ हमला भयावह है। शुक्र है कि गोली उनके पांव में लगी और अस्पताल में उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। हमलावरों में से एक मौके पर ही मार गिराया गया। दूसरे को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल उनका कहना है कि उसने इमरान पर हमला उन्हें मार डालने के मकसद से किया था और वह उनके कथित झूठे दावों से नाराज था। यह भी कि इस हमले की योजना उसने खुद बनायी थी और दूसरा कोई भी इसमें शामिल नहीं है। जाहिर है, इस आरोपी के इन बयानों को एक सीमा से ज्यादा तवज्जो नहीं दी जा सकती। लेकिन यह बात भी सही है कि मौजूदा हालात में इस हमले की सच्चाई किस हद तक बाहर आयेगी, इस बारे में आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता। कारण यह है कि कोई ठोस सबूत भले ही न हो, लेकिन पाकिस्तान के अंदर और बाहर बहुत सारे लोग मान रहे हैं कि कहीं न कहीं हमले के पीछे सत्ता में बैठे ताकतवर लोगों का हाथ है। इसकी सबसे बड़ी वजह तो यह है कि पाकिस्तान में ऐसी साजिशों और हमलों का पुराना इतिहास रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण है, जिसमें सेना और आइएसआइ का हाथ होने की बात पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने भी कही थी।

**पद से हटाये जाने के बाद से इमरान की लोकप्रियता आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ी है। इसके सबूत उनकी सभाओं और रैलियों में जुट रही जबर्दस्त भीड़ के ही रूप में नहीं, उपचुनावों में उनकी पार्टी को मिलने वाली सीटों की संख्या में भी दिखे हैं।**

उसके अलावा भी वहां सत्ता के लिए चुनौती बनने वालों के साथ निहायत अलोकतांत्रिक व्यवहार करने की रीत सी बनी हुई है। तमाम आरोप लगा कर चुनाव लड़ने पर रोक लगवाना या देश से निकलने पर मजबूर कर देना इसका सबसे सभ्य तरीका रहा है। इमरान खान भी पिछले कुछ समय से पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान, खास कर सेना की आंख की किरकिरी बने हुए हैं। पद से हटाये जाने के बाद से इमरान की लोकप्रियता आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ी है। इसके सबूत उनकी सभाओं और रैलियों में जुट रही जबर्दस्त भीड़ के ही रूप में नहीं, उपचुनावों में उनकी पार्टी को मिलने वाली सीटों की संख्या में भी दिखे हैं। लोकप्रियता की इस लहर पर सवार इमरान खान वहां सरकार पर जल्दी चुनाव के लिए दबाव बढ़ाते जा रहे थे, जिसकी अनदेखी करना उसके लिए संभव नहीं रह गया था। जल्दी चुनाव की यह मांग शाहबाज शरीफ की अगुवाई वाली मौजूदा सरकार के लिए ही नहीं पाकिस्तानी सेना और इसके चीफ कमर जावेद बाजवा के लिए भी चिंताजनक है, क्योंकि निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में इमरान नये सेना प्रमुख के रूप में कोई प्रतिकूल नाम चुनकर बाजवा की सत्ता पर पकड़ समाप्त कर सकते हैं। माना जा रहा है कि हमले से सरकार के खिलाफ इमरान का अभियान तात्कालिक रूप से ही सही थोड़ा कमजोर तो हुआ है, लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि अस्पताल से स्वस्थ होकर लौटने के बाद इमरान इस हमले से उपजी सहानुभूति का कैसा इस्तेमाल करते हैं और सेना उसकी काट के लिए किस तरह के उपाय अपनाती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मन में यह बात आना स्वाभाविक है कि ऐसा क्यों होता है कि परिवारों में तनाव देखने को मिलता है। साधारण-सी बात पर बिखराव हो जाता है और जीवन का अधिकांश समय एक साथ व्यतीत करने पर बंटवारे की नौबत आ जाती है। यही नहीं, आपसी मनमुटाव सड़कों पर आ जाता है और अड़ोसी-पड़ोसी से लेकर नाते रिश्तेदार तक आश्चर्य करते पाये जाते हैं कि इस परिवार से ऐसी उम्मीद नहीं थी, सब लोग हमेशा एक साथ खड़े नजर आते थे, इन्हें क्या हो गया कि एक-दूसरे का मुंह तक नहीं देखना चाहते।**

# परिवारों में बिखराव का कारण विश्वास का अभाव

पूरन चंद सरीन



पारिवारिक पृष्ठभूमि पर लिखी कोई साहित्यिक रचना जैसे कहानी, कविता और उपन्यास पढ़ते हैं या फिल्म और सीरियल देखते हैं, तो उनसे हमारा जुड़ाव तब ही हो पाता है, जब उनमें कुछ ऐसा हो, जो लगे कि आसपास घटने वाली घटनाओं का चरित्र चित्रण है। पाठक या दर्शक इन्हें बेशक सास-बहू टाइप की प्रस्तुति कहें और चाहे कितनी भी आलोचना करें, ये मन को भाती हैं, अच्छी लगती हैं और कितने भी विरोध हों, अपने कथानक के कारण लोकप्रियता के पायदान की सीढ़ियां चढ़ती जाती हैं।

मन में यह बात आना स्वाभाविक है कि ऐसा क्यों होता है कि परिवारों में तनाव देखने को मिलता है। साधारण-सी बात पर बिखराव हो जाता है और जीवन का अधिकांश समय एक साथ व्यतीत करने पर बंटवारे की नौबत आ जाती है। यही नहीं, आपसी मनमुटाव सड़कों पर आ जाता है और अड़ोसी-पड़ोसी से लेकर नाते रिश्तेदार तक आश्चर्य करते पाये जाते हैं कि इस परिवार से ऐसी उम्मीद नहीं थी, सब लोग हमेशा एक साथ खड़े नजर आते थे, इन्हें क्या हो गया कि एक-दूसरे का मुंह तक नहीं देखना चाहते।

**हमारे देश में संयुक्त परिवार की परंपरा रही है, इसलिए विदेशी माडल अपनाना सरल नहीं है।**

यही नहीं, ऐसे उदाहरण हैं, जिनमें मारपीट से लेकर हत्या तक की घटनाएं हो जाती हैं और आपसी रंजिश या दुश्मनी इतनी बढ़ जाती है कि खानदानी या पुश्तैनी बन जाती है। पीढ़ियां गुजर जाती हैं और यह तक याद नहीं रहता कि मनमुटाव की शुरुआत कब और कैसे हुई थी, बस एक परंपरा-सी हो जाती है, जिसे कायम रखना है।

**अनावश्यक हस्तक्षेप :** यह विधि का विधान है कि हम अपने माता-पिता या संतान का चुनाव नहीं कर सकते। पति-पत्नी द्वारा एक-दूसरे का चुनाव करना अपने वश में होता है और उसके लिए सभी के पास बहुत से विकल्प होते हैं। यह भी मान्यता है कि जोड़ियां ऊपर से बन कर आती हैं और कौन किस का जीवन साथी बनेगा, यह सब भाग्य की बात है, परंतु वास्तविकता यह है कि आज के दौर में बहुत कुछ खोजबीन करने और अपने मन मुताबिक संबंध मिलने पर ही वैवाहिक जीवन का आरंभ हो पाता है। अक्सर जिन्हें हम बेमेल जोड़ी कहते हैं, चाहे किसी भी कारण से हों, वे जीवन भर साथ निभाती हैं और बहुत से संबंध शुरू से ही बिगड़ने लगते हैं और एक स्थिति ऐसी आती है, जिसमें संबंध विच्छेद ही एकमात्र उपाय बचता है।

**परिवार में यदि सब कुछ ठीक नहीं है, तो उसका प्रभाव समाज पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि मनुष्य सामाजिक प्राणी है। इसे यदि व्यापक अर्थों में देखा जाये, तो पारिवारिक असंतुलन या उसके विघटन का असर देश पर भी पड़ता है। आर्थिक विकास भी प्रभावित होता है और एकजुट रहने की शक्ति कमजोर पड़ती है।**

आखिर ऐसा क्या होता है कि बहुत देखने समझने के बावजूद रिश्तों में खटास आ जाती है, एक-दूसरे से कोई बहुत बड़ी शिकायत न होने पर भी अलग होना ही बेहतर लगता है। इसका कारण परिवार में जिन्हें हम अपने कहते हैं, उनकी अनावश्यक दखलंदाजी है, जो दरार पैदा करने का काम करती है।

**व्यावहारिक उपाय :** यहां एक दूसरी व्यवस्था का जिक्र करना है, जो नौकरी या व्यवसाय से जुड़ी है। किसी भी संस्थान में यह नियम लागू रहता है कि कोई भी कर्मचारी अपने काम के बारे में अपने परिवार वालों को केवल यह बता सकता है कि वह कहां काम करता है और ज्यादा से ज्यादा यह कि वहां मोटे तौर पर क्या काम होता है। इससे अधिक कुछ नहीं। यह पाये जाने पर कि कर्मचारी के घर वाले जब तब आफिस में उससे मिलने बिना किसी काम के आते रहते हैं, तो इसके लिए चेतावनी से लेकर नौकरी तक पर आंच आ सकती है।

इसके पीछे यह तर्क है कि घर वालों से यदि कर्मचारी ने अपने काम के बारे में कोई चर्चा की या किसी समस्या के बारे में सलाह ली, तो उसके परिणाम अच्छे नहीं होते। मान लीजिए, किसी सदस्य के मशविरे को मान कर कार्रवाई कर ली और उससे उलझन सुलझने के बजाय ज्यादा उलझ गयी, तो जिसकी सलाह ली गयी, वह तुरंत कहेगा कि उसने अपनी समझ से कहा था, अगर वह गलत निकली, तो उसके लिए वह जिम्मेदार नहीं, यदि सही निकली तो वह पूरा श्रेय लेने को तैयार हो जायेगा।

अब हम उस परिवार की बात करते हैं, जो बिखरने के कगार पर है। मान लीजिए, आपकी बेटी या बहन का विवाह हो गया है और वह अपने घर यानी ससुराल की कोई समस्या या अपनी परेशानी अथवा अपने साथ हो रहे व्यवहार के बारे में कोई बात बताती है और आपने अपनी समझ से कुछ ऐसा कह या कर दिया जो उसके परिवार वालों के व्यवहार से मेल नहीं खाता और लड़की ने आपके कहे अनुसार अपना कदम उठा लिया, तो बात बिगड़ती निश्चित है। इस गैर-जरूरी दखलंदाजी से दोनों परिवारों के बीच दरार पड़नी शुरू हो सकती है। इसी तरह यदि परिवार की बहू अपने मायके वालों की रुचि, उनकी आवभगत और जब चाहे तब उससे मिलने आ जाने की आदत को आवश्यकता से अधिक महत्व देती है, तो समझिए कि संबंधों के बिगड़ने की शुरुआत हो चुकी है। अक्सर परिवारों में मुखिया की मृत्यु होने पर संपत्ति को लेकर वाद-विवाद होता है, जिसका कारण अधिकतर किसी वसीयत के न होने या उसमें किसी को कम या ज्यादा देने से होता है। कई मामलों में मृत्यु के समय जो व्यक्ति पास था, वह सहमति या जबरदस्ती यदि संपत्ति अपने नाम लिखा लेता है, तो ऐसी स्थिति में परिवार के अन्य सदस्यों के सामने लंबी मुकद्दमेबाजी के अतिरिक्त कोई उपाय नहीं रहता।

**व्यापक स्तर पर :** परिवार में यदि सब कुछ ठीक नहीं है, तो उसका प्रभाव समाज पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि मनुष्य सामाजिक प्राणी है। इसे यदि व्यापक अर्थों में देखा जाये, तो पारिवारिक असंतुलन या उसके विघटन का असर देश पर भी पड़ता है। आर्थिक विकास भी प्रभावित होता है और एकजुट रहने की शक्ति कमजोर पड़ती है। हमारे देश में संयुक्त परिवार की परंपरा रही है, इसलिए, विदेशी माडल अपनाना सरल नहीं है। जिस तरह से आज एकल परिवार की धारणा को बल मिल रहा है, उससे स्थिति में बदलाव आना निश्चित है, लेकिन वर्तमान समय में सबसे ज्यादा जरूरी है कि परिवार में बिखराव को रोकने के प्रयत्न किए जायें। यह परिवार से लेकर सरकार तक का दायित्व है।

## जमशेदपुर की खबरें

### एनआइटी दीक्षांत समारोह में बोले टाटा स्टील एमडी टीवी नरेंद्रन

# चुनौतियों के लिए तैयार रहें छात्र, बनें जॉब क्रिएटर

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** एनआइटी जमशेदपुर में 12वां दीक्षांत समारोह शनिवार को मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा के स्टील एमडी सह सीइओ टीवी नरेंद्रन और आरएसबी ग्रुप के चेयरमैन आरके बेहरा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह में छात्रों के बीच कुल 1037 डिग्रियां बांटी गयीं। इनमें अंडर ग्रेजुएट के 643, पोस्ट ग्रेजुएट के 366 और पीएचडी के कुल 28 छात्र शामिल रहे। दीक्षांत समारोह में 671 छात्र शामिल हुए।

**भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की जिम्मेदारी आप लोगों पर- एमडी टीवी नरेंद्रन :** छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि टाटा स्टील के सीइओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा कि ग्लोबल लेवल पर बदलाव लाकर भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की जिम्मेदारी आप लोगों पर है। आज विश्व की इकोनॉमी रसिया और यूक्रेन के वार की वजह से डगमगाई है। ऐसे में आपको खुद को खड़ा करना है। आनेवाला 30 साल महत्वपूर्ण है विश्व के लिए। इसमें हमारी टेक्नोलॉजी ही हमें आगे रख सकती है।

**जॉब देनेवाला बनो, लेने वाला नहीं- आरके बेहरा:** विशिष्ट अतिथि आरएसबी के डायरेक्टर और 1965 के आरआइटी पास एलुमनी आरके बेहरा ने पास आउट छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप जॉब देनेवाला बनो, जॉब लेने वाला नहीं, तभी आपकी डिग्री सच मायने में सफल मानी जायेगी। आज भारत इनोवेटिव कंट्री के रूप में जाना जा रहा है। इन्होंने इको सिस्टम स्थापित करने की बात कही, ताकि जमशेदपुर में क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार की संभावनाएं उत्पन्न हो। अपने संबोधन में आरके बेहरा ने कहा कि एनआइटी जमशेदपुर, एक्सएलआरआइ, नेशनल मेटालर्जिकल लैबोरेट्री समेत टाटा स्टील के सहयोग से इकोसिस्टम इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना हो, जिसमें आरएसबी ग्रुप अपना कुल 50% योगदान देने को तैयार है।

**गोल्ड मेडलिस्ट हंसा कुमारी बनेगी आइएएस, दिव्यांशी अग्रवाल तैयार करेंगी स्टार्टअप:** गोल्ड मैडल पानेवाली अंडर ग्रेजुएट सिविल ब्रांच टॉपर हंसा कुमारी ने कहा कि वे आगे आइएएस ऑफिसर बनना चाहती है, जिसकी तैयारी ये कर रही हैं। इन्होंने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। वही पोस्ट ग्रैजुएट एमसीए टॉपर दिव्यांशी अग्रवाल ने कहा कि वे फिलहाल अमेजॉन कंपनी में कार्यरत हैं। आगे क्रिएटिव वर्क करते हुए भविष्य में स्टार्टअप भी खुद का तैयार करेंगी। गोल्ड मेडलिस्ट छात्राओं ने जूनियर छात्रों से अपील किया कि वो अभी से क्रिएटिव और इनोवेटिव होकर तैयारी करें, तो उनका भविष्य भी निश्चित रूप से उज्जवल होगा।

# पद्म भूषण डॉ जेजे ईरानी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अनुभवों को किया साझा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक दिवंगत डॉ जमशेद जे. ईरानी को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को चैंबर भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में टाटा स्टील कार्पोरेट सर्विसेज के वीपी चाणक्य चौधरी व पीइओ प्रभात कुमार शामिल हुए। उन्होंने टाटा स्टील में दिवंगत डॉ ईरानी के लगाव और किये गये कार्य के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की। इस दौरान अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा डॉ जेजे ईरानी व्यवसायियों एवं उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत थे। जिन्होंने टाटा स्टील को आधुनिकता प्रदान करते हुये एक नये मुकाम की ओर ले गये। जहां टाटा स्टील भारत ही नहीं पूरे विश्व में स्टील निमार्ता कंपनियों में एक है। जमशेदपुर वासियों के लिये यह गर्व की बात है। इसका श्रेय डॉ जमशेद जे ईरानी को जाता है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष विजय मेहता, मुरलीधर केडिया, एके श्रीवास्तव, सुरेश सोंथालिया, अशोक भालोटिया, उपाध्यक्ष, जनसंपर्क एवं कल्याण मुकेश मित्तल एवं चैंबर के सदस्य बीएन दीक्षित ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके साथ बिताये पलों को याद किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन महासचिव मानव केडिया ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिलीप गोलेच्छा, महेश सोंथालिया, सचिव अनिल मोदी, पीयूष चौधरी, भरत मकानी, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, सदस्य रमेश कुमार अग्रवाल, राजन कमानी, अनिल अग्रवाल, प्रेम गढ़वाल, हितेष अडेसरा, राहुल नरेडी, मनोज गोयल, पवन शर्मा, पंकल छावछरिया, जगदीश खंडेलवाल, भरत वसानी, सत्यनरायण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन नरेडी, रमेश सोंथालिया, सुगम सरायवाला, एनके जैन, नवीन सिंहानिया, स्वरूप गोलछा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हनुमान जी की आरती में जुटे सैकड़ों श्रद्धालु



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सनातन उत्सव समिति द्वारा साकची बसंत टाकीज श्री श्री हनुमान मंदिर में प्रांगण में भव्य आरती का आयोजन किया गया। शनिवार को चिंटू सिंह के नेतृत में आयोजित हनुमान जी के आरती ने सैकड़ों लोग शामिल रहे। चिंटू सिंह ने बताया जल्द ही नये रूप में मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होगा। कार्यक्रम में धर्मेंद्र प्रसाद,वीर सिंह, राजेश त्रिपाठी, ध्रुव मिश्रा, कुमार संदेश, छक्कन चौधरी, सूरज ओझा, ललित राव राहुल दुर्गे, अभय सिंह, सोनू सिंह, शैलेश गुप्ता, सौरभ सिंह, मनप्रीत सिंह, अमनप्रित सिंह, कमलजीत सिंह, संजय सोना, अमृत सिंह, सन्नी सिंह, चुनमुन सिंह, लव सिंह राकेश सिंह मौजूद रहे।

### बहरागोड़ा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की जनसभा कल

# डॉ गोस्वामी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बहरागोड़ा।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने शनिवार को बहरागोड़ा के खेड़ुआ पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। डॉ गोस्वामी लोगों को 7 नवंबर को भाजपा द्वारा जयपुरा गांव में आयोजित विशाल जनसभा में सम्मिलित होने के लिए अपील की। 7 नवंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश जयपुरा के सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। बहरागोड़ा के ओलदा गांव में स्प्रिट एवं शराब बनाने वाली फैक्ट्री ग्लोबस स्प्रिट लिमिटेड के द्वारा दुर्गंधित एवं प्रदुषित वायु छोड़े जाने से 40 गांव के ग्रामीण परेशानी में हैं। वहीं स्थानीय युवाओं को कंपनी में नौकरी नहीं दिये जाने के कारण युवा वर्ग आक्रोशित है। डॉ गोस्वामी ने लोगों से कहा कि हम औद्योगीकरण के पक्ष में हैं। बडी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित हो परंतु किसी भी उद्योग को विषैले धुआं छोड़ कर लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया। डॉ गोस्वामी के साथ जनसंपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष आशीष महापात्रा, वरीय भाजपा नेता सुमन कल्याण मंडल, अभिजीत दास, सेवक बट्टबायल, संजय पाल, अनिमेष साव, दीपक पाल, सुजीत पाल, अमिताभ महापात्र, पिजुश पाल, संदीप पाल, टोटोन पाल, बादल महापात्र, किशोर मंडल, सुकुमार पाल, विश्वजीत सेनापति, शुभम प्रधान और शांतुनु पाल समेत कई लोग शामिल थे।



## खेल में जीतता वही है, जो हारता है : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही) ।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुलाई विधानसभा स्थित लुपुंगडीह में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। शनिवार को एलपीडी लुपुंगडीह क्लब के द्वारा छठवां फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी एवं विशिष्ट अतिथि लुपुंगडीह के ग्राम प्रधान गंगाधर भूमिज शामिल हुए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता लेकिन जीतता वही है जो हारता है। किार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि पोलन्दर सिंह मुंडा, उपमुखिया निरंजन रुहिदास,पूर्व मुखिया आशा देवी सहित कमिटी के सदस्य शिवचरण भूमिज,कीनू भूमिज,अमृत दास, मदन महतो, शैलेन्द्र महतो, गोवर्धन महतो, मैथु कर्मकार, सोनाराम लोहरा, डब्लू महतो और होपना मांझी आदि उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राशन का वितरण निर्धारित समय पर नहीं हुआ तो लाइसेंस होगा रद्द : निधि रजवार



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सीओ सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी निधि रजवार ने प्रखंड सभागार में डीलरों के साथ बैठक कर निर्धारित समय पर राशन वितरण का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि समय पर पूरा राशन वितरण नहीं करने की शिकायत मिलने एवं जांच में आरोप सही पाये जाने पर डीलरों के लाइसेंस रद्द कर दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कई जगहों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि एनएफएसए अक्टूबर 2022 के खाद्यान्न का डिस्ट्रीब्यूशन के लिए विभागीय स्तर से निर्धारित अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित है। निर्धारित तिथि के अन्तर्गत ही सभी सहायक गोदाम प्रबंधक उक्त खाद्यान्न का उठाव और परिवहन कराना सुनिश्चित करेंगे। एनएफएसए जून 2022 और जुलाई डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 4 नवम्बर 2022 से 12 नवम्बर 2022 मशीन खुली रहेगी। और पीएमकेजीएवाई (फ्री का राशन) अगस्त, सितंबर और अक्टूबर तक वितरण के लिए 4 नवम्बर 2022 से 12 नवम्बर तक मशीन खुली रहेगी। सभी डीलर ऑनलाइन लाभुकों को राशन वितरण करेंगे। वहीं जन वितरण प्रणाली संघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह के द्वारा अंचल अधिकारी सह एमओ सुश्री निधि राजवार से कहा कि हम लोगों को राशन निर्धारित समय पर दिया जाये ताकि लाभुकों के बीच समयानुसार राशन वितरण कर सकें। बैठक में विशुनपुरा जिप सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी, कामख्या नारायण सिंह, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, दिनेश राम, आफताब आलम, मुबारक अंसारी सहित सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मौजूद थे।

### जीएन कॉन्वेन्ट में विभिन्न क्रियाकलापों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्रियाकलापों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक मदन केशरी द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि आज हमें बेहद खुशी हो रही है कि हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने विकास को गति देते हुए विभिन्न सृजनात्मक कार्यों में भी परचम लहरा रहे हैं। पठन पाठन एवं अन्य गतिविधियों में निरंतर भाग लेने से आत्मविश्वास एवं कार्यकुशलता में निखार आता है। बच्चे ऊंची सोच के साथ-साथ कड़ी मेहनत करें, सफलता कदम चूमेगी। हमेशा जीवन को सकारात्मक एवं आशावादी सोच के साथ कर्तव्य पथ पर अग्रसर रखते हुए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में निक्की सिंह वर्ग 10, दीपक कुमार वर्ग 10, प्रिंस चौधरी वर्ग 9, रौनक कुमार वर्ग 9, आदित्य प्रकाश वर्ग 8, सुहानी कुमारी वर्ग 8 सहित अन्य छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य बीके ठाकुर, शिक्षक विनय दुबे, उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, एनके सिंहा, सरिता दुबे, नीलम केशरी, सुनीता कुमारी, रिजवाना साहिन, शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी,सन्तोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### हरिहरपुर पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय हरिहरपुर के प्रांगण में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ अजय कुमार दास, मुखिया अनुज कुमार सिंह, उपमुखिया जगती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जेएसएलपीएस के तत्वावधान में 28 सखी मंडल को चक्रीय निधि प्रदत राशि 14 लाख का चेक बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ अजय कुमार दास मुखिया अनुज कुमार सिंह ने प्रदान किये। ग्रामीणों ने मनरेगा 31, आवास 315, कृषि विभाग दो, पेंशन 38 ,खाद आपूर्ति राशन कार्ड 115 , भूमि सुधार 9, बाल विकास 80, पंचायती राज 11, पेयजल संबंधित 250, श्रम विभाग 06, बीएलओ के पास दो, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन 03, केसीसी 07, पशुपालन विभाग के लिए 60 आवेदन जमा किये। मौके पर बीपीओ कमलेश कुमार, प्रखंड समन्वयक उमंग पांडेय, कनीय अभियंता योगेंद्र यादव, देवकुमार सिंह, जेएसएलपीएस के प्रखंड समन्वयक प्रदीप पाठक, पंचायत सचिव परमानंद राम, बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका संध्या कुमारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीकांत सिंह, रहीम अंसारी प्रधान लिपिक रविन्द्र पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

**विरोध प्रदर्शन :** केंद्र सरकार की कथित षड्यंत्र के खिलाफ झामुमो ने निकाली विशाल विरोध रैली

# आगामी चुनाव में भाजपा दहाई अंक भी नहीं पार करेगी : मंत्री मिथिलेश

**रैली के दौरान नहीं चलेगी केंद्र की मनमानी, झारखंड के गरीब-गुरबों की सरकार को अस्थिर करना बंद करो आदि नारे लगाये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड सरकार को अस्थिर करने के केंद्र सरकार की कथित षड्यंत्र के खिलाफ गढ़वा जिला झामुमो ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें करीब 20 हजार लोग शामिल हुए। झामुमो के तत्वावधान में शनिवार को जिला मुख्यालय में केंद्र की षड्यंत्र के खिलाफ विशाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान से निकलकर मंझियांव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़ होते हुए समाहरणालय तक गई। वहां जनसभा में तब्दील हो गई। इस दौरान केंद्र की मनमानी नहीं चलेगी, झारखंड के गरीब - गुरबो की सरकार को अस्थिर करना बंद करो आदि नारे लगाए गए।

मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि झारखंड सहित अन्य राज्यों में भाजपा को मिली हार से केंद्र सरकार बौखला गई है। जनता की चुनी हुई गरीब गुरबों, झारखंडी जनमानस की सरकार को केन्द्र सरकार अस्थिर करने पर तुली हुई है। इसके लिए केंद्र सरकार हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता सब देख रही है एवं भली-भांति समझ रही है। जनता की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करना झारखंड व झारखंड वासियों के साथ भद्दा मजाक है। केंद्र सरकार येन, केन, प्रकारेण सभी राज्यों में जनभावना के विरुद्ध भाजपा की सरकार बनाना चाहती है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। भाजपा अपने षड्यंत्र एवं साजिश से लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने षड्यंत्र से बाज नहीं आती है तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होगा। झारखंड व झारखंडियों के हित के लिए झामुमो चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा दहाई अंक भी पार नहीं कर सकेगी। पिछली सरकार में बालू का जमकर लूट हुआ। पूरे झारखंड को खोखला बना दिया गया। अब झारखंड में जब विकास की बयार बह रही है तो भाजपाइयों को पच नहीं रहा है।

मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो जिलाधक्ष तनवीर आलम आदि ने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दुबे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, कंचन साहू, चंदन पासवान संजय चौधरी, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झामुमो के मुख्यमंत्री झारखंड को बर्बादी की राह में ढकेल चुके हैं : अमित कुमार

**राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा कार्यकर्ता 7 से 13 नवंबर तक प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे : ओमप्रकाश केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि झामुमो सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, अव्यवस्था व अपराध के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रखंड मुख्यालय पर ऐतिहासिक प्रदर्शन करने को लेकर दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झामुमो के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को बर्बादी की राह में ढकेल चुके हैं। जब देश की संवैधानिक संस्था ईडी जांच कर रही है तो इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को सड़क से सदन तक आंदोलन करना होगा।

बैठक के दौरान विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा कार्यकर्ता 7 नवंबर से 13 नवंबर तक प्रखंड मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हजारों कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। जब जब भाजपा ने आंदोलन किया है सत्ता परिवर्तन हुआ है।

मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार, लूट व अपराध को झामुमो सरकार संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा ईडी सीबीआई जांच कर रही है तो झामुमो के पेट में दर्द हो रहा है। अगर सत्ता पक्ष के मंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक ईमानदार हैं तो ईडी की जांच में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव से शहर तक भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है।

लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा झारखंड को बचाने के लिए झामुमो सरकार के खिलाफ मजबूती से प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि झामुमो सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है। चारों तरफ लूट मची हुई है। भाजपा कार्यकर्ता ऐसे भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहें। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि भ्रष्ट सरकार को हटाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को मजबूत प्रदर्शन करना होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन लिए रमकंडा प्रखंड के लिए अवधेश कुमार गुप्ता को संयोजक बनाया गया है।

बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, पलामू जिला प्रभारी रामशीष तिवारी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी अरविंद धर दुबे, सुप्रित केशरी, उमेश कश्यप, उदय कुशवाहा, बसंत प्रसाद, मनोज जायसवाल, अखिलेश तिवारी, नंदु चौधरी, यदु चौधरी, मुंशी यादव, रंजीत चौरसिया, विकास शर्मा, रामाकांत गुप्ता, रामसकल कोरवा, खुर्शीद आलम सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विहंगम योग के पुराने साधक के घर पहुंचे संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज, हुआ स्वागत

**मेराल (आजाद सिपाही)।** सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज द्वारा बनाये गये विहंगम योग संत समाज के सद्गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का शुभागमन शनिवार को मेराल निवासी और विहंगम योग के पुराने साधक सीताराम भगत एवं शालिग्राम प्रसाद के निवास स्थान पर हुआ। अपने सद्गुरु के उत्तराधिकारी संत प्रवर का अपने यहां आगमन से अनुयाई गदगद हो गए। इस मौके पर विहंगम योग के अनुयाई और उनके अनन्य शरण शिष्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वे दोनों साधकों के यहां गुरु वंदना, आरती एवं शांति पाठ कर उनके एवं उनके परिवार के सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। बता दें कि गढ़वा जिला के भवनाथपुर टाउनशिप में विहंगम योग संत समाज द्वारा 1101 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ में शामिल होने के लिए संत प्रवर गढ़वा पहुंचे हैं। स्वागत करने वालों में मेराल व्यवसाई संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार जायसवाल, मोतीचंद प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, रामेश्वर विश्वकर्मा, देवेंद्र शर्मा, रामजी ठाकुर, सत्यम मल्होत्रा, संत प्रकाश, शारदा प्रकाश, हृषि कुमार, आदित्य कुमार, आर्यन कुमार, विद्या ठाकुर आदि शामिल थे। जबकि सीता राम भगत के यहां उनके पुत्र रितेश भगत सहित बड़ी संख्या में संत समाज के अनुयाई शामिल रहे।

### विशुनपुरा से बाहर कमाने गये मजदूर की मौत

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिपरिकला गांव निवासी इसराइल अंसारी का 33 वर्षीय पुत्र आबिद अंसारी की मौत राजस्थान के पानीपत में हो गई। झारखंड में बेरोजगारी की इतनी समस्या है कि अपना घर चलाने के लिए मजदूरों को बाहर जाना पड़ रहा है। पिपरीकला मृतक आबिद के परिजनों के अनुसार दो माह पूर्व पानीपत आबिद अंसारी काम करने गया था। मृतक कालीन बीनने का काम करता था। परिजनों ने बताया कि मृतक आबिद अंसारी को तकरीबन एक सप्ताह से बुखार था, जिसका इलाज पानीपत में कराया गया। ठीक नहीं होने के कारण आबिद गांव के मोमिन अंसारी व अमानत अंसारी के साथ गांव आ रहा था। अलीगढ़ पहुंचते ही आबिद अंसारी की मौत हो गई। मौत को देख रेलवे के अधिकारी ने शव को अलीगढ़ स्टेशन पर ही उतार दिया, वहां से परिजनों के द्वारा एंबुलेंस के जरिए शव घर लाया गया।

## वृद्धा पेंशन की आस में चल बसी 80 वर्षीय विधवा पार्वती कुंवर



**मृतका की अर्थी को दोनों बेटियों ने दिया कांधा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव प्रखंड के सोनपुरवा पंचायत के आछोडीह गांव निवासी स्व. जगु रजवार की 80 वर्षीय विधवा पार्वती कुंवर पिछले छह साल से वृद्धा पेंशन की आस देखते देखते अंततः 05 नवम्बर को स्वर्ग सिधार गई। उसकी मृत्यु के बाद उसकी दोनों पुत्रियां कबूतरी देवी एवं सुकनी देवी ने अपनी मां की अर्थी को कंधा देकर लगभग तीन किलोमीटर दूर बांकी नदी ले गयीं। जहां पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में उसके परिजनों ने बताया कि पार्वती कुंवर के पति की मौत 15 वर्ष पहले ही हो गई थी और उसके कोई पुत्र नही हैं, केवल दो पुत्रियां हैं जिनकी काफी पहले ही शादी हो चुकी है और वे अपने अपने ससुराल में रहती हैं। सरकार द्वारा राशन कार्ड बना है लेकिन पिछले एक-डेढ़ साल से डीलर द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। कारण यह बताया जाता है कि तुम्हारा अंगूठा नहीं उठता है, इसलिए राशन नहीं मिलेगा। बताया जाता है कि कोई आसरा नहीं होने के कारण उसकी पुत्रियों ने उसे सहारा दिया। इधर विधवा के अंतिम संस्कार के लिए निवर्तमान मुखिया मधु दुबे द्वारा उसके परिजनों को सहायता प्रदान की गई। इस संबंध में निवर्तमान मुखिया प्रतिनिधि आनंद कुमार दुबे ने कहा कि असहाय परिवार की सहायता के लिए उन्होंने उप विकास आयुक्त से भी बात की है। श्री दुबे ने सरकारी कामकाज पर सवालिया निशान लगाते हुए निवर्तमान मुखिया मधु दुबे एवं पंचायत सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र दिखाते हुए कहा कि विधवा महिला पार्वती के वृद्धा पेंशन की स्वीकृति के लिए पहली बार 18.05.2016 को तत्कालीन बीडीओ नितिन शिवम गुप्ता को भेजा गया था, लेकिन विधवा महिला का पेंशन स्वीकृत नहीं किया गया। इसके बाद दिसंबर 2020 में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी उन्होंने विधवा महिला से आवेदन दिलवाया था लेकिन इसपर भी कोई सार्थक पहल नहीं की गयी। श्री दुबे ने बताया कि उन्होंने उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त के कार्यालय में एक पत्र के माध्यम से भी बताया है कि सोनपुरवा पंचायत में 40 वर्ष के 200 लोग अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर वृद्धा पेंशन ले रहे हैं। उनके स्थान पर योग्य लाभुक, विधवा, विकलांग को पेंशन दिया जाये। लेकिन इसकी जांच के बाद केवल 40 लोगों का ही नाम पेंशन की सूची से काटा गया।

### अभाविप ने नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई ने नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मचंद्र लाल अग्रवाल को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में 4 नवंबर 2022 को घटित घटना की विस्तृत जांच कर निश्चित समय सीमा में दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने, महाविद्यालय में घटित घटना पर जांच होने तक कर्मचारी जनेश्वर यादव को तत्काल निलंबित करने, महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन तत्काल करने, महाविद्यालय में छात्राओं को सुरक्षित कैंपस प्रदान करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने एवं छात्रा कॉमन रूम को तत्काल दुरुस्त कर पुनः खोलने की मांग की गयी। नगर छात्रा प्रमुख किरण कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय कैंपस में इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण व चिंतनीय है। छात्राओं के साथ ऐसी घटना बर्दाश्त नहीं की जायेगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। विश्वविद्यालय सह संयोजक निशांत ने कहा कि ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा हेतु महाविद्यालय में पहुंचना ही अपने आप, समाज और परिवार में युद्ध करके पहुंचने जैसा है और ऐसी परिस्थिति में जब शिक्षा के ऐसे रिक्त स्थानों में भी छात्राओं के साथ इस प्रकार का दुराचार किया जाएगा तो फिर हम सभ्य समाज कहलाने के योग्य नहीं है। हमारी सनातन परंपरा में जहां नारी को नारायणी के रूप में पूजा जाता है उसी समाज में इस प्रकार की घटना हमें शर्मिंदा करती है। निशांत चतुर्वेदी ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए आरोपी व्यक्ति को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गयी है। ज्ञापन सौंपने वालों में विभाग संयोजक मंजुल, जिला सह संयोजक कुमार शुभेन्द्र, शशांक, शुभम, अनिकेत, अखिल कुमार, प्रिंस सिंह, हिमांशु, गोलू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राशि निकासी कर आवास निर्माण नहीं करने वाले 18 लाभुकों के खिलाफ बीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज करायी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनसानी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों द्वारा राशि निकासी किये जाने के बावजूद आवास निर्माण शुरू नहीं कराये जाने को लेकर बीडीओ जयपाल महतो ने पीएम आवास के 18 लाभुकों के विरुद्ध सरकारी राशि गबन करने संबंधी भवनाथपुर थाने में लिखित आवेदन देकर उक्त सभी पर प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिन लाभुकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हेतु आवेदन दिया गया है, उनमें रामटहल भुंइया, नागेंद्र प्रसाद यादव, अनुज यादव, जगदीश राम, मुंद्रिका राम, गंगा राम, दशरथ प्रजापति, सुनेश्वर पाठक, दुनिया दयाल यादव, अमलेश कुमार पाठक, शिवचंद उरांव, राजनाथ बैठा, अवधेश ठाकुर, फुलदेव उरांव, अशोक यादव, फौदी प्रसाद यादव, सकेंद्र भुंइया व सतीश कुमार पाठक के नाम शामिल हैं। आवेदन में बीडीओ जयपाल महतो ने जिक्र किया है कि प्रखंड के बनसानी पंचायत में पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-21 में कुल 1088 लक्ष्य निर्धारित था, जिसमें कुछ लाभुकों द्वारा पीएम आवास के तीनों किस्त की राशि भुगतान के बाद भी आवास कार्य प्रगति पर नहीं है। कहा कि प्रखंड कर्मियों द्वारा निरीक्षण के क्रम में उन्हें बार बार आवास निर्माण कार्य शुरू और पूर्ण करने की हिदायत तथा उन्हें नोटिस दिए जाने के बावजूद भी उपरोक्त लाभुक द्वारा आवास कार्य में कोई प्रगति नहीं किया जा रहा है, जिससे साफ प्रतीत होता है कि उनकी मंशा सरकारी राशि का दुरुपयोग करने की है। बीडीओ ने उपरोक्त लाभुकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए राशि की रिकवरी अथवा आवास पूर्ण करने की बात कही।

**बैठक :** जिला खनन टाक्स फोर्स की बैठक में डीसी ने अवैध खनन को लेकर की कार्रवाई की समीक्षा, दिये निर्देश

# गैर कानूनी तरीके से बालू के उठाव व भंडारण पर रोक लगाते हुए एफआइआर दर्ज करें

**सभी थाना प्रभारी जहां भी अवैध खनन के केस आते हैं वहां एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की प्रक्रिया करें : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त, रमेश घोलप के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला खनन टास्क फोर्स की एक समीक्षात्मक बैठक की गई, जिसमें जिले के सभी अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल रूप से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित हुए। पूर्व में दिनांक 28 मई 2022 को हुई बैठक में दिए गए विभिन्न दिशा-निर्देशों के आलोक में बिंदुवार समीक्षा की गयी। उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई किया जाना है। कैटेगरी- 1 के बालू घाटों का संचालन किया जाना है, जिससे सरकारी योजनाओं के तहत आवास निर्माण व स्थानीय लोगों को अपने छोटे-मोटे निजी कार्यों के लिए बालू उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त कैटेगरी-2 या अन्य बालू घाटों का संचालन जेएसएमडीसी के तहत किया जाना है, जिसमें वर्तमान में केतार प्रखंड के पाचाडुमर का बालू घाट चलाया जा रहा है। विशेष शाखा से प्राप्त अवैध खनन की शिकायत का निष्पादन त्वरित गति से किये जाने का निर्देश उपायुक्त श्री घोलप द्वारा दिया गया। उपायुक्त श्री घोलप ने सरकारी जमीन पर बालू के स्टॉक मिलने पर हल्का कर्मचारी की जिम्मेदारी बताते हुए इसे अपने स्तर से निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करने की बात कही। यदि ऐसा नहीं हो तो संबंधित अंचल पदाधिकारी को संबंधित हल्का कर्मचारी के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित कर कार्यवाही करने की भी बात कही। गैर कानूनी तरीके से हो रहे बालू के उठाव व भंडारण पर रोक लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। सभी अंचलों में की गई कार्यवाही अथवा प्राथमिकी दर्ज करने की स्थिति की समीक्षा की गई। अंचल पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी तथा पुलिस पदाधिकारियों को सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया गया। कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं पुअर परफॉर्मेंस देने वाले पदाधिकारियों को कारणपृच्छा किया गया।

बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्क होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जहां भी अवैध खनन के केस आते हैं वहां एफआईआर कर कार्रवाई करने की प्रक्रिया करें। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों के विरुद्ध उनके कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यवाही करने का कार्य किया जाएगा। अवैध खनन के परिवहन व भंडारण के संदेहास्पद स्थिति अथवा स्थान को देखते हुए रेड मारकर अवैध खनन के तहत बालू उठाव करने वाले गाड़ियों पर ज्यादा से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी आलोक कुमार, जिला खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी एवं दक्षिणी आदि के साथ-साथ वर्चुअल रूप से सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित हुए।

## जंगली हाथियों के आतंक से परेशान लोगों ने सड़क जाम कर जताया विरोध



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। जंगली हाथियों के आतंक से तंग आकर जाड़ेया, बांधडीह, डिबाडीह, सालशुद, बिरदीडीह, तेंतला और सेरेंगडीह गांव के स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार को संगम होटल के समीप जाड़ेया मोड़ में सिल्ली- टाटा व सिल्ली-बुंडू मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इस कारण तीन किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। सैकड़ों वाहन और राहगीर पांच घंटे तक जाम में फंसे रहे। उधर जाम की सूचना पाकर सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम व प्रभारी वनपाल राजू कुमार महतो मौके पर पहुंचकर लोगों से जाम हटाने की अपील की। लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीण हाथियों के झुंड को भगाने और उनके आतंक से निजात दिलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीण वन विभाग से भी नाराज थे। बताया कि पिछले दो सप्ताह से करीब सात जंगली हाथियों का झुंड इलाके के दर्जनों गांव में आतंक मचा रहा है, लेकिन विभाग उन्हें भगाने के नाम पर केवल खाना पूर्ति करने में लगा है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। हाथी गांव में घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों के जान को भी खतरा है। वहीं प्रभारी वनपाल राजू महतो ने बताया कि हाथियों को भगाने के लिए विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। इसके बाद काफी मशक्कत के बाद वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में मशाल, टॉर्च एवं पटाखे आदि देने एवं हाथियों को क्षेत्र से खदेड़ने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटा लिया।

## जामूदाग में प्लस टू विद्यालय की मांग



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जामूदाग पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन। जिसमें ग्रामीणों ने जामुदाग हाई स्कूल को प्लस टू हाई स्कूल करने की मांग की। ग्रामीणों ने पंचायत में बालू नहीं मिलने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना ठप होने की बात कही और सरकारी काम में बालू लाने की छूट की मांग रखी। इसके पूर्व विधायक सुदेश महतो ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधायक ने बारी-बारी से विभागों की समीक्षा की और संबंधित विभाग के लोगों की समस्या को सुने और समाधान कराया। इस दौरान विभिन्न विभागों से 2168 आवेदन मिले, जिनमें से 1124 आवेदन का तत्काल समाधान किया गया। विधायक ने किशोरी समृद्धि योजना का प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन प्रमाण पत्र, योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र आदि का भी वितरण किया गया । इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि प्रखंड का पूरा तंत्र गांव में उपस्थित है। लोग अपनी समस्या को तत्काल समाधान कराएं और गांव की सरकार की सार्थकता को साबित करें। कार्यक्रम का संचालन अंनत हजाम ने किया। इस मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पंचायत समिति रूप कुमार साहू, बीडीओ सुचित्रा मिंज, सीओ प्यारे लाल, बीपीओ बबिता गोस्वामी, सीडीपीओ ज्योतिका टोप्पो, पंचायत सेवक बसंत महतो, रविंद्र कोइरी आदि उपस्थित थे।

## सैप सिस्टम से वेतन भुगतान में हो रही त्रुटि से कामगार हो रहे परेशान : दिनेश

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया में कामगार समय से भुगतान पर्ची नहीं मिलने से काफी परेशान हो रहे है। वर्तमान में सैप सिस्टम से मजदूरों का वेतन भुगतान किया जा रहा है और पेमेंट स्लिप पहले नहीं मिल रहा है जिससे वेतन में त्रुटि से कामगार परेशान है। अधिकांश कामगारों के वेतन में त्रुटि पाई जा रही है। इस संबंध में यूसिडब्ल्यू के डकरा शाखा सचिव दिनेश कुमार भुइयां ने बताया कि पेमेंट स्लिप नहीं मिलने से कामगारों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सैप से जो वेतन भुगतान किया जा रहा है उसमें काफी त्रुटि मिल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी यह है कि गलत सलत वेतन भुगतान पहले हो जाता है और बाद में पेमेंट स्लिप मिलता है। जिससे कामगारों के वेतन भुगतान में हुई त्रुटि की जानकारी उन्हें समय से नहीं मिल पाता है और जब उन्हें जानकारी मिलती है तबतक वेतन भुगतान हो चुका होता है। दिनेश कुमार भुइयां ने प्रबंधन से मांग की कि पेमेंट करने से पहले सभी कर्मियों को पेमेंट स्लिप प्रदान किया जाय, ताकि उनके वेतन में कोई त्रुटि हो तो उसे वह समय पर सुधार करवाया जा सके।

## सतर्कता जागरूकता को लेकर मयूरी महिला समिति एनके एरिया ने किया संगोष्ठी का आयोजन




खलारी (आजाद सिपाही)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत मयूरी महिला समिति एनके एरिया के साथ शनिवार को संगोष्ठि का आयोजन डकरा स्थित वीआईपी सभागार में किया गया। जिसका शीर्षक भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में महिलाओं की भूमिक अहम था। इसमें विषेश वक्ता के रूप में नीलम कुमारी एवं सरीता देवी उपस्थित थी। वहीं महिला समिति की ओर से कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही इंदु कुमारी और वेदावति अब्राहम ने भी अपने-अपने विचार रखे। संगोष्ठि को सफल बनने में माया माजी, ललिता प्रसाद, खगेस्वरी साहू आदि का सहयोग रहा। इस दौरान इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग और स्पीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसमे डीएवी खलारी, सरस्वती विद्यामंदिर डकरा, झारखंड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ह्वाग लिया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में सशिविम की छात्रा काजल षर्मा प्रथम, डीएवी खलारी की छात्रा कृतिका कुमारी द्वितीय और तीसरे स्थान पर सशिविम के रवि प्रकाश और राहित कुमार संयुक्त रूप से रहे। साथ ही संतावना पुरस्कार पाने वालों में झारखंड पब्लिक स्कूल की छात्रा हर्शिता महतो, डीएवी खलारी की छात्रा दीशिखा कुमारी एवं श्रुति गुप्ता शमिल थीं। भाषण प्रतियोगिता में डीएवी खलारी की छात्रा रानी कुमारी प्रथम रही, झारखंड पब्लिक स्कूल के छात्र सोनु कुमार चौहान एवं खलारी डीएवी की छात्रा आष्फा निगार संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे. जबकि तीसरे स्थान पर सशिविम की छात्रा रानी कुमारी रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को रविवार को पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर उपमुखिया नीलम मिंज, प्रतिमा एक्का, अरविंद सिंह मोनु, अजय सिंह बबलू, सत्येन्द्र खरवार, पवन राज सिंह, संजीत सिंह आदि थे।

## 17 तक मगध संघ मित्रा न्यू एरिया कमेटी का होगा गठन

खलारी (आजाद सिपाही)। कोल फील्ड मजदूर यूनियन मगध संघ मित्रा न्यू एरिया कमेटी के गठन को लेकर डकरा वीआईपी क्लब में शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसएन सिंह और संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया। बैठक में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से 17 नवंबर तक नई कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया।

**कार्यक्रम : जायका प्रोजेक्ट के तहत आठ पीजी महिला उत्पादक समूहों के बीच कृषि उपकरण का वितरण**

# कृषि आधारित यंत्रों का व्यवसाय के काम में भी करें उपयोग: सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता


महिलाओं को कृषि आधारित उपकरण सौंपते विधायक सुदेश कुमार महतो।

**सोनाहातू।** प्रखंड जेएसएलपीएस कार्यालय में शनिवार को जायका प्रोजेक्ट के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश महतो शामिल हुए। इससे पूर्व महिला समूह की दीदीयों ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जायका प्रोजेक्ट के तहत आठ पीजी महिला उतपादक समूह के बीच 100 फीसदी अनुदान पर कृषि यंत्र उपकरण मशीन का वितरण किया गया। जिसकी लागत करीब आठ लाख रुपये का बताया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर महिला आत्मनिर्भर बन रही है। कृषि कार्य में सक्रिय भूमिका में रहते हुए स्वरोजगार में जुड़ रही है, जो सुखद अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा आज महिलाएं समूह में जुड़कर बहुत आगे निकल चुकी हैं। कृषि आधारित यंत्र का उपयोग व्यवसाय के काम में भी लाएं। इससे आपकी आमदनी भी होगी। विधायक ने कहा कि कृषि उपकरण से गुणवत्ता भी बढेगी और आजीविका का साधन भी बनेगा। अब इच्छा शक्ति रखते हुए मेहनत करने की जरूरत है। इस मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, डीपीएम डीडी सिंह, लाइवलीहुड के डीएम अभिषेक चांद, टीएसओ चंदन साव, मुखिया सावना महली, श्याम महतो, बीपीएम अभिलाशा कुमारी, हिरालाल महतो, मक्सिमा कुजूर, ललित कुमार शिला देवी, अजित महतो, धनेश्वर अहीर, पीआरपी दीपक कुम्हार, बसती देवी, पूनम देवी, शिव शंकर प्रामाणिक, मनोहर महली सहित महिला समूह के कई सदस्य उपस्थित थे।

## डकरा में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



खलारी (आजाद सिपाही)। एनके एरिया के केडीएच परियोजना में पंप खलासी के पद पर कार्यरत मिथिलेश कुमार के इकलौते बेटे रोहित कुमार (28) ने अपने ए टाईप क्वार्टर नंबर 47 में शनिवार की दोपहर 1.30 बजे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त परिवार के सभी सदस्य घर में ही मौजूद थे। परिजनों व आसपास के लोगों द्वारा आनन फानन में रोहित को डकरा केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोहित द्वारा फांसी लगाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। वहीं, खलारी पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए रांची भेज दिया। उधर, घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## तमाड़ के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आजसू ने शुरू किया अनिश्चितकालीन आमरण अनशन

आजाद सिपाही संवाददाता





**तमाड़।** विधानसभा क्षेत्र के आठ सूत्री ज्वलं मुद्दों को लेकर आजसू ने शनिवार से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू किया है। प्रदर्शनकारी मूलभूत मौलिक अधिकार के लिए अनशन पर बैठे हैं। आरोप लगाया कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में बालू का अवैध चल रहा है। टोल टैक्स में 15 किलोमीटर तक माफी नहीं दी जा रही है। इस दौरान वक्ताओं ने झारखंड सरकार की भी जमकर आलोचना की। दूसरी ओर, बुंडू बालू संघ ने आमरण अनशन को अपना समर्थन दिया है। इसमें शामिल राजकिशोर कुशवाहा, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, परमेश्वरी सांडिल, सुकरा मुंडा, गोवर्धन मछुआ, रमेश मुंडा, ताराचंद सिंह मुंडा, जलेश्वर महतो, हरदेव महतो, दिनेश प्रमाणिक, विजय सिंह मानकी, प्रकाश लकडा, संजय महतो, श्याम महतो, सुनील जायसवाल, हरिहर महतो, सिद्धार्थ मुंडा और असीत कुंडू ने कहा कि पूर्व में भई आजसू ने अनशन किया था। लेकिन तब केवल आश्वासन ही मिला पर कार्य कुछ भी नहीं हुआ। हीलिंग टैक्स में हुई बढ़ोतरी से बुंडू नगर पंचायत के लोगों की कमर टूट गई है। वहीं कहा गया कि बुडू अनुमंडल के बनने में 20 वर्ष हो गये, लेकिन जेल कोर्ट ट्रेजरी आज तक नहीं बना। इस दौरान बुडू को जिला का दर्जा दिये जाने की मांग की गई।

बतातें चलें कि इस दिन आजसू कार्यकर्ता राधारानी मंदिर में जुटे और पूजा अर्चना करने के बाद जुलूस की शक्ल में क्रांतिबीर चौक पहुंचे। भगत सिंह को माल्यार्पण किया. इसके बाद सुभाष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को माल्या करने के बाद धुर्वा मोड़ पहुंच कर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ गये।

## चूरी उत्तरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** प्रखंड के चूरी उत्तरी पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने की। इस मौके पर प्रखंड के सभी विभागों ओंव अंचल के स्टॉल लगाये गए थे। जिसमें लोगों ने जाति, आय, विकलांगता, निवास, मनरेगा जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, राशन कार्ड सुधार, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन आदि से संबंधित आवेदन दिए गए। बीडीओ ने सीओ शिशुपाल आर्य, मुखिया ललिता देवी एवं पंचायत समिति सदस्य अंजू देवी के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में नए राशन कार्ड का 28 आवेदन, वृद्धा पेंशन के 09 आवेदन, विधवा पेंशन के लिए 06 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं 190 धोती साड़ी का वितरण, 39 नया जॉब कार्ड वितरण, मनरेगा अंतर्गत 03 नया कार्य आवंटन, दीदी बाड़ी योजना के लिए जो आवेदन, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लिए 10 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 02 आवेदन, 15वें वित्त आयोग के तहत 20 योजना को स्वीकृत, स्वास्थ्य जांच 55 लोगों का किया गया, 55 लोगों कोविड टीकाकरण, सावित्री बाई फुले योजना के लिए 30 आवेदन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए 05, 176 लोगों के बीच कंबल वितरण, जाति प्रमाण पत्र 65 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के लिए 61 अवोदन, स्थानीय प्रमाण पत्र के लिए 40 अवदेन दिा गया। मौके पर डॉ प्रतिमा कुमारी, रामपुकार प्रजापति, विनय कुमार गुप्ता, आदित्य नाथ झा, गोपाल राम दास, असित कुमार आदि थे।

**पिपरवार के कल्याणपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन**

# कुल मिले 760 आवेदनों में 505 का हुआ त्वरित निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता


लाभुकों को जॉब कार्ड प्रदान करते अतिथिगण।

**पिपरवार।** कल्याणपुर पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता टंडवा बीडीओ रंथू महतो ने की। शिइवर का उद्‌घाटन टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सह 20 सूत्री सदस्य सुभाष यादव, बीडीओ रंथू महतो, टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी और मुखिया महेश मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया, जिसमें विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, राशन कार्ड में नाम जोडना, आवास आदि से संबंधित सभी विभागों में 760 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें से 505 मामले का निष्पादन शिविर में ही किया गया। जबकि 255 आवेदन लंबित रखा गया। कार्यक्रम में 26 लाभुकों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण किया गया। आयोजित शिविर में सबसे अधिक 146 मामले शिक्षा से जुड़े थे जो सभी लंबित है। वहीं, 20 लोगों को कोरोना वैक्सीन का बुस्टर डोज भी दिया गया। बीडीओ रंथू महतो ने वृद्ध, गरीब एंव असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में लोक सेवा कला संगम प्रतापपुर से आए कलाकारों ने जागरूकता अभियान भी चलाया। इस मौके पर उप मुखिया ललीता कुमारी, परवेज आलम, वार्ड सदस्य जुबेदा खातुन, क्यूम अंसारी, सचिन पासवान, नारायण महतो, जितेन्द्र महतो, संतोष कुमार सिंह और मदन महतो आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## काउंसिल के अधिवेशन में शामिल हुए पिपरवार और खलारी के लोग



पिपरवार (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इंप्लाई कोआर्डिनेशन काउंसिल की ओर से सीसीएल के रजरप्पा में आयोजित केंद्रीय अधिवेशन कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र से सैकड़ों लोग शामिल हुए। जानकारी के अनुसार काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में सीसीएल के पिपरवार, एनके, मगध, संघमित्रा, अम्रपाली और चंद्रगुप्त एरिया के लोग बचरा चार नंबर चौक से एक साथ रवाना हुए। केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि अधिवेशन मे बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय एससी आयोग के चेयरमैन सुभाष रामनाथ, कोल इंडिया के महासचिव नन्द किशोर, सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद, सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर राम पासवान, अरुण कुमार,रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा आदि शामिल होंगें। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती और इसके विस्तार सहित कंपनी की वर्तमान हालात, निजीकरण, वेज बोर्ड, आरक्षण, रोस्टर जैसे कई ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। अधिवेशन में शामिल होने वालों में एसडी राम, रतन लाल, दिलीप पासवान, रविंद्र पासवान, रामप्रवेश राम, असर्फी राम, तौहिद अंसारी, प्रेमचंद महतो, सुरेंद्र राम, धनेश्वर गंझु, राहुल राम, रामेश्वर भोक्ता, मिथिलेश पासवान, जंग बहादुर राम, सरजू सिह, सोमर भोक्ता, वीरू मुंडा, रवि राम, दिलीप गंझु, राघवेंद्र पासवान आदि शामिल है।

## बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में सीआइएसएफ ने सेमिनार में भ्रष्टाचार एवं कुरीतियों पर की चर्चा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा उतरी पंचायत सचिवालय में शनिवार को सीआइएसएफ की ओर से सर्तकता जागरूकता सप्ताह पर भ्रष्टाचार एवं अपराध नियंत्रण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुखिया सह झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में सीआईएसएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार, ददन सिंह और अपराध विभाग के एमके चौधरी द्वारा बचरा उत्तरी पंचायत के ग्रामीणों को समाज में फैली कुरूतियों, भ्रष्टाचार और अपराध नियंत्रण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सर्तकता जागरूकता के महत्व और इसके उदेश्य पर प्रकाश डाला। दूसरी ओर बचरा उत्तरी पंचायत के पंचायत सचिवालय बचरा बस्ती में कोरोना टीका शिविर का आयोजन किया गया। गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में 160 लोगों ने कोरोना की टीका व बूस्टर डोज लगवाया। इस मौके पर वीएलसी ऑपरेटर जानकी कुमार, एएनएम करुणा पूर्ति, प्रतिक्षित कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## सीआइएसएफ ने निकाली जागरूकता रैली ग्रामसभा कर लोगों को किया जागरूक



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा में सीआइएसएफ कमांडेंट मांगा के नेतृत्व में शनिवार को जवानों ने स्कूली बच्चों के साथ सतर्कता जागरूकता रैली निकाली। केडीएच स्थित सीआइएसएफ कमांडेंट कार्यालय से रैली की शुरूआत हुई जो एन क्षेत्र के विभिननि कॉलोनियों से होकर डकरा मुख्य बाजार होते हुए पुनः कार्यालय में आकर समाप्त हुई। इस दौरान स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया गया। रैली में निरीक्षक केके घोष, निरीक्षक ददन सिंह, उपनिरीक्षक बाबा, उपनिरीक्षक अनूप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में सीआइएसएफ जवान शामिल थे। वहीं दूसरी ओर सीआइंएसएफ की ओर से चूरी पश्चिमी पंचायत सचिवालय में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें चूरी पश्चिमी पंचायत की मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य कुंजिता देवी, सीआईएसएफ अधिकारी निरीक्षक के के घोष सहित अन्य बल सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित पंचायत के लोगों को सतर्कता जागरूकता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर अनिता एक्का, नगमा खातून, रीता देवी, अनिता देवी, खुर्शीद अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## चामा पंचायत के चेड़ीथान में खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक



खलारी (आजाद सिपाही)। खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक खलारी से सटे चामा पंचायत के चेड़ीथान में हुई। जिसकी अध्यक्षता महादेव गंझू और संचालन सरधन गंझू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता और केंद्रीय युवा संघ के महासचिव बाबूलाल गंझू उपस्थित थे। बैठक में 26 नवंबर को रांची में खरवार भोगता समाज विकास संघ की ओर से आयोजित खरवार भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैला में भारी संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए घर-घर जाकर प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मौके पर कृष्णा गंझू, जगदीश गंझू, रतनी देवी, ललिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## शाल्या परवीन ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल



खलारी (आजाद सिपाही)। जिप सदस्य शाल्या परवीन ने अपने क्षेत्र के दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल दिया। शाल्या ने ठंढ के देखते हुए अपने क्षेत्र के गरीब असहायों के बीच कंबल देना की शुरू की है। बताया कि अपने पूर्वी क्षेत्र के सभी जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया जायेगा। इस मौके पर पंचू उरांव, विकास कुमार, सीटू अंसारी, छोटू अंसारी आदि मौजूद थे।

## राजकीय मध्य विद्यालय नगड़ी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारतीय खाद्य निगम के क्षेत्रीय कार्यालय एवं मंडल कार्यालय रांची के सौजन्य से शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय नगड़ी के परिसर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत पर ग्राम सभा, जागरूकता कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। ग्राम सभा में भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फोर्टिफाइड चावल के महत्व एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर स्कूलों में मध्याह्न भोजन में फोर्टिफाई राइस के उपयोग से बच्चों में कुपोषण रोकने और अन्य फायदे के बारे में बताया गया। इस अवसर पर सपारोम मुखिया अर्चना टोप्पो, प्रधानाचार्या शोभा तिर्की, भारतीय खाद्य निगम के निरज कुमार, मनोज गुप्ता सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## सीओ ने नगड़ी अंचल क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले नगर निगम के बूथों का किया निरीक्षण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने नगड़ी अंचल क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले वार्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया। मौके पर सीओ ने बताया कि आगामी नगर निगम के चुनाव की तैयारी को लेकर नगड़ी क्षेत्र में आने वाले कुल 34 बूथ केन्द्र का निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों की साफ सफाई, सुरक्षा के साथ-साथ बूथ केन्द्रों की स्थिति पर दर्जनों विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से भेंट कर जानकारी ली। साथ ही बूथ की स्थिति पर सभी प्रधानाध्यापक से रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट का आंकलन कर वरीय अधिकारियों को इसकी लिखित जानकारी दी जाएगी। नगड़ी अंचल क्षेत्र में नगर निगम के बूथ संख्या 316 से 350 हैं। मौके पर राजस्व कर्मी अरविंद उपाध्याय, अंचल अमीन मोजीद आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में सलाद बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को विद्यालय सभागार में सलाद बनाओ प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से दशम तक के भैया बहनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। भैया बहनों ने बहुत प्रकार के सब्जी एवं फलों का उपयोग करके सुंदर सुंदर सलाद की थाली प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने संतुलित एवं पोष्टिक आहार के संबंध में भैया बहनों को जानकारी देते हुए कहा कि भोजन उपरांत सलाद बहुत ही उपकारी उपादान है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी जी एवं भैया बहनों का सहयोग रहा।

## पिठोरिया थाना में विदाई सह स्वागत समारोह

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना में शनिवार को स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नये थाना प्रभारी अभय कुमार ने अपना योगदान दिया। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा रांची के जिला मंत्री सुरेश राम एवं समाजसेवियों ने अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी रविशंकर को भी अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ भेंट कर व माल्यार्पण देकर विदाई दी गई। लोगों ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही नये प्रभारी से बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की गई। इस मौके पर के.के. ओझा, सचित राणा, सुजीत केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड अंजुमन कमेटी सेक्रेट्री पद के लिए सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू ने किया नामांकन



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंजुमन कमेटी सेक्रेट्री पद के प्रबल दावेदार युवा समाजसेवी सह अधिवक्ता सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू ने आज अपने समर्थकों के साथ सेक्रेट्री पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। शुरू से ही समाज के प्रति गंभीर व जिज्ञासा दिखाने वाले सरफराज अहमद के लिए अंजुमन कमेटी का यह पहला चुनाव है। जिसमें वर्तमान युवा पीढ़ी सहित प्रबुद्ध जनों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। इधर सरफराज अहमद के नामांकन दाखिल करने के साथ ही सरफराज अहमद की जीत लगभग तय मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर सरफराज अहमद की जीत सुनिश्चित करने हेतु समाज के युवा दल ने पूरे जोश खरोश के साथ प्रखंड गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

## बुढ़मू के बरौदी गांव में देवोत्थान मेला आज

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में देवोत्थान के अवसर पर 6 नवम्बर को लगने वाले ऐतिहासिक मेला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को जतरा खूंटा में गांव के मकुंद पाहन ने विधिवत पूजा अर्चना की। मेला में शनिवार से ही खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने शनिवार को मेला क्षेत्र का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि मेला को देखते हुए रविवार की सुबह से ठाकुर गांव-पिठोरिया मुख्य सड़क में बड़े वाहनों का परिचालन डायवर्ट किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मेला में अशांति फैलाने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा।

## युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरगावां बाल्मीकि आवास में रोशन बड़ाइक (25) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घर वालों ने सुबह रोशन बड़ाईक को फांसी के फंदे से लटकते हुए देखा। इसके बाद परिजनों के बीच रोना-पीटना मच गया। मौके पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर थाना क्षेत्र के मुंडा गढ़ा के समीप रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर 25 वर्षीय युवक की मौत गयी। युवक चुटिया का बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

### मांडर विधायक ने मुड़मा पड़हा भवन का जीर्णोद्धार एवं धुमकुड़िया भवन का किया शिलान्यास, कहा

# योजनाओं के धरातल पर उतरने से धार्मिक संरचना संरक्षित होगी

**उत्क्रमित+2 उवि में डीइओ एवं डीएससी की उपस्थिति में प्रबंधन समिति की बैठक रखी गयी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर।** शनिवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर प्रखंड अंतर्गत मुड़मा पंचायत स्थित मुड़मा पड़हा भवन का जीर्णोद्धार एवं नगड़ा पंचायत के ग्राम कनाभिठा स्थित धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में वह कोई कोताही नहीं बरतेंगे। प्राथमिकता के आधार पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास किया जाएगा। जनसेवा और क्षेत्र का समुचित विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता है। योजना का शिलान्यास करने के पश्चात मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम उचरी स्थित उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अध्यक्षता में डी.ई.ओ. एवं डी.एस.सी. की उपस्थिति में प्रबंधन समिति की बैठक रखी गयी। इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी उपस्थित रहे। बैठक में स्कूल संबंधी विषय पर चर्चा की गयी। साथ ही प्रबंधन समिति की बैठक महीना में एक बार करने की सलाह पूर्व मंत्री एवं विधायक ने दी।

बैठक के उपरांत विधायक एवं पूर्व मंत्री ने पूरे स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जो कमियां स्कूल में देखने को मिली उसपर स्कूल प्रभारी एवं स्कूल अध्यक्ष को एक आवेदन विधायक अपने नाम पर लिखने को कहा, ताकि विभाग को लिखकर इस पर कार्रवाई करने के लिये कह सकूं। वहीं उचरी गांव की 44 वर्षीय बतिया उरांव नामक महिला तीन-चार महीने से विभिन्न बीमारियों से ग्रासित थीं, उसकी शनिवार को मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा मिलने पर मृतक के आवास पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर दुःख की घड़ी में धीरज रखने का ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद के तौर पर तीन हजार रुपए सहयोग राशि दी एवं आगे भविष्य में किसी तरह की मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, नसीम अंसारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, अर्जुन महतो, चिंतामणि उरांव, शमीम अख्तर, नसीम अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेड़ो में किसानों के लिए डिजिटल मंडी फसल टोकरी हुआ उद्घाटन

**किसानों को फसल उपजाने के लिए खाद बीज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा : मैनेजर**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो लोहरदगा मार्ग में शनिवार को डिजिटल मंडी फसल टोकरी का विधिवत पूजा अर्चना कर भव्य शुभारंभ किया गया। मौके पर मैनेजर विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि मंडी का नाम फसल टोकरी डॉट कॉम है। यहां से किसानों को फसल उपजाने के लिए खाद बीज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। फसलों की सिंचाई व बीमारी से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

वहीं फसल शोधकर्ताओं द्वारा किसानों को परामर्श भी दिया जाएगा। साथ ही किसानों द्वारा उपजायी गयी फसलों को अच्छी मूल्य पर खरीद की जाएगी। अभी वर्तमान में सुखी फसल धान, मडुआ, सरसों फसलों की खरीद की जाएगी।

मौके पर किशोर पाठक,केश्वर महतो,अनिल महतो, राजेश महतो,फिटन महतो लव सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## सिकिदिरी में नये थानेदार ने दिया योगदान

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी थाना के नये थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व थाना प्रभारी भगवान तामसोय ने उन्हें प्रभार सौंपा। प्रभार ग्रहण के बाद सत्यप्रकाश रवि ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने की होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य लोगों से आपसी समन्वय बनाकर क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

## ठाकुरगांव के नये थाना प्रभारी ने दिया योगदान

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** ठाकुरगांव थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में पुनि कृष्णा कुमार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय को एसएसपी ने पुलिस केंद्र में योगदान देने का आदेश दिया है। मौके पर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर पुनि आशीष कुमार, जुगनू महथा, हेमंत कुमार, बसंत मुंडा मौजूद थे।

# नागपुरी संस्कृति कला मंच एवं नागपुरी संस्थान पिठोरिया के सचिव ने नागपुरी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए किया विद्यालयों का दौरा

**प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय के छात्रों को नागपुरी भाषा की पढ़ाई के लिए बधाई दी एवं उन्हें पढ़ाई व परीक्षा की तैयारी के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गयी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

पिठोरिया। नागपुरी संस्कृति कला मंच की सचिव डॉ शकुंतला मिश्रा और नागपुरी संस्थान पिठोरिया के सचिव सुजीत कुमार केसरी के द्वारा संयुक्त रूप से नागपुरी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए एक दिवसीय दौरा किया गया।

सर्वप्रथम प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय के छात्रों को नागपुरी भाषा की पढ़ाई के लिए बधाई दी गई। साथ ही उन्हें पढ़ाई व परीक्षा की तैयारी के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि इस विद्यालय में वर्ष 2011 से वर्ग अष्टम, नवम व दशम कक्षा में नागपुरी की पढ़ाई हो रही है। इसके अलावा साइंस विजन स्कूल मारवा, भावना विकास विद्यालय ऊपर कोनकी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मालसिरिंग सहित अन्य स्कूलों का भी दौरा कर छात्रों और विद्यालय संचालकों से भेंट कर नागपुरी की पढ़ाई कराने का अनुरोध किया गया। विद्यालय संचालकों ने नागपुरी की पढ़ाई करवाने का भरोसा दिलाया।

मौके पर राजन उरांव, नजीब अंसारी, आसिम अख्तर, उमाशंकर महतो, बीना देवी, विजय कुमार पांडे, संगीता केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पत्रकार की माता का निधन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** पत्रकार एमएम राही की 90 वर्षीय मां जैगुन निशा का शुक्रवार की रात करीब साढ़े सात बजे निधन हो गया। शनिवार को उनके पैतृक निवास कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू में सुपुर्दे खाक किया गया।

### कार्यक्रम : रातू के हुरहुरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# कुल मिले 1520 आवेदनों में 470 का हुआ त्वरित निष्पादन

**बीडीओ ने लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का किया वितरण एवं जेएसएलपीएस की ओर से महिला समूह के बीच चेक का किया वितरण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** रांची उपायुक्त के निर्देशानुसार शनिवार को रातू के हुरहुरी पंचायत सचिवालय में आप की योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित जिला के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, महिला प्रसार पदाधिकारी, सीआई संतोष उरांव, दीपिका हेमरम, काली कुमार साहू, अलवट अंथोनी मिंज के अलावा मुखिया कमल खलखो, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य मौजूद थे।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपा, जिसमें अधिकांश आवेदन राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ से संबंधित है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने लाभुकों के बीच सोना सोबरन के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया। इसके अलावा जीएसएलपीएस की ओर से महिला समूह के बीच चेक का वितरण किया गया।

अधिकारियों ने बताया ग्रामीणों की ओर से 1520 आवेदन दिया गया था जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए 470 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। बाकी आवेदन को भी जांच पड़ताल के बाद निपटारा कर दिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आरा पंचायत में गरीब लाभुकों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरा पंचायत के आरा गांव में शनिवार को नारायण विजय वर्गीय और रमेश जयसवाल के सौजन्य से पंचायत समिति सदस्य अन्नू तिवारी के घर के समीप बगीचा में गरीब लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रांची सांसद संजय सेठ के सौजन्य से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को खिलौना भी दिया गया। इस अवसर पर सांसद ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा। साथ ही गरीब परिवार को केंद्र सरकार के द्वारा मुफ्त अनाज वितरण उपायुक्त से पहल कर यथाशीघ्र वितरण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मुखिया नीता कच्छप, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अन्नू तिवारी, मुक्ति नाथ मिश्रा, वीरेंद्र ओझा, राजेंद्र महतो, प्रशांत किशोर, प्रतिमा देवी, नारायण विजय वर्गीय, रमेश जयसवाल, पुरुषोत्तम मिश्रा के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो में वनकर्मियों ने लकड़ी से लदा वाहन पकड़ा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** वन विभाग बेड़ो के गश्ती दल ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्मियों द्वारा शुक्रवार की देर रात्रि लगभग दस बजे बेड़ो के देवीमंडप के समीप सखुआ लकड़ी का ठढिया लदा एक पिकअप वैन को पकड़ा। वनकर्मियों के अनुसार इस वाहन में लदी हुई लकड़ी की कीमत करीब पचास हजार रुपये आंकी गई है। उक्त गाड़ी लोहरदगा से रांची की ओर जा रही थी। वहीं इस अभियान के दौरान रेंजर संजय कुमार, प्रभारी बनपाल सह वनरक्षी भूपेंद्र प्रसाद, वनरक्षी सुभाष चंद्र प्रामाणिक, रवि शंकर महली और वनकर्मी संजय भगत आदि शामिल थे।

## सिकिदिरी के हरातू पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को हरातु पंचायत में जानता दरबार लगाया गया। कार्यक्रम मे ग्रामीणों के बीच कंबल, साड़ी-धोती, पेंशन धारी प्रमाण पत्र, एवं केसीसी ऋण का वितरण किया गया। छोटे छोटे कार्यों का निपटारा तत्काल किया गया। वहीं अन्य समस्याओं के लिए आवेदन जमा किया गया है। कार्यक्रम में अनगड़ा बीडीओ उतम प्रसाद, सीआई रवि रमेश, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, मुखिया राजेंद्र बेदिया, पंसस विनोद रजवार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम ने किया कंबल वितरण सह नेत्र जांच शिवर का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव में ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान से रोड की मरम्मत की थी। जिन्हें प्रोत्साहन के लिए रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची की और से 45 लोगों को कम्बल दिया गया। कम्बल पाकर ग्रामीण काफी खुश दिखे। इससे पूर्व कम्बल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों की आंखों की जांच की गयी। जिसमें पांच लोगों में मोतियाबिंद का लक्षण पाया गया है। इन्हें 24 नवम्बर को कोकर रांची स्थित निरामया होस्पिटल में निशुल्क उपचार किया जाएगा। मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी राजीव चैतन्य महाराज, चिरंजीवी मण्डल, घनश्याम उरांव, युगल किशोर बेदिया, महाबीर बेदिया, श्याम सुन्दर बेदिया, सोमरा बेदिया आदि उपस्थित थे।

## लापुंग प्रखंड में हितचिंतक अभियान के तहत पांच हजार सदस्य बनायेगा विहिप



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के ककरिया में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद जिला महामंत्री मंत्री विरेन्द्र सोनी के नेतृत्व में हित चिंतक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विरेन्द्र सोनी ने निस्वार्थ भाव से धर्म संस्कृति की रक्षा विस्तार एवं संवर्धन कार्य करने वाला संगठन विश्व हिन्दू परिषद संगठन के हित चिंतक बनने पर सभी को बधाई दी। वहीं बैठक में लापुंग प्रखंड से पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। मौके पर महामंत्री समीर गुप्ता, कृष्ण कुमार, जितेन्द्र कुमार एवं अभियान का संयोजक अनिल साहू, सह संयोजक रामप्रसाद साहू, प्रेम साहू, जन्मेजय पाठक, अरविंद सिंह, महेश कुमार साहू, अजय राम समेत कई लोगों को इसकी जिम्मेदारी दी गई।

## बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख विनीता कच्छप, बीडीओ डा. प्रवीण कुमार, कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहू, बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया लक्ष्मी कोया, सुनील कच्छप व वार्ड सदस्य उपस्थित थे। जहां पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान तत्काल 22 लोगों को सर्वजन पेंशन की स्वीकृति दी गई। वहीं फूलो झानो के दो व सावित्रीबाई फुले योजना से 12 आवेदन लिया गया। इस दौरान बच्चों का मुहं जुठ्ठी व महिलाओं का गोद भराई भी की गयी। मौके पर प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री लोगों का दिल जीतने में सफल रहे हैं : बादल पत्रलेख

- देश खतरे में है : राजेश ठाकुर
- मोदी ने अडानी, अंबानी का सरकार बना दिया : सुबोध
- सरकार की लोकप्रियता से भाजपा घबरा गई है : राजेन्द्र




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू झामुमों के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में शिवाजी मैदान से कचहरी तक रैली निकाली और साथ ही कचहरी परिसर में धरना दे कर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन सन्नू सिद्धिकी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि हेमंत सरकार की लोकप्रियता देख भाजपा बौखला गई है, आज जब लोककल्याणकारी फैसले लिए जा रहे हैं तब इनके पेट में दर्द हो रहा है। आज किसी गरीब,दलित, अल्पसंख्यक को ब्लॉक का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। विचौलियावाद खतम हुआ है ऐसे में भाजपाई बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए सीबीआई, ईडी से सरकार को विकास करने से रोकना चाहती है, लेकिन हम सब कार्यकर्ता राज्य की सरकार अस्थिर कभी नहीं होने देंगे। मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने लोगों का दिल जीतने का काम किया है, ये भाजपाईयों को नहीं पच पा रहा है। वैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है लेकिन हेमंत सोरेन जी का कदम लगातार बढ़ता जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश में जिस तरह के हालत है, हम यह कह सकते हैं देश संकट के दौर से गुजर रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार जिस तरह से काम कर रही है, राहुल जी ने जिस तरह से यात्रा निकाली है इससे भाजपा घबरा गई है। कांग्रेस ने जितनी भी संस्थाओं को स्वतंत्र बनाया था आज उसे गुलाम बनाने का काम भाजपा कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा 2014 में जिस सरकार को हमने छोड़ा था उसे मोदी ने अडानी अंबानी का सरकार ने बना दिया है। हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन का बेटा है हुंकार भर देगा तो विपक्षियों का पायजामा गीला हो जाएगा, मुझे खुशी है की झामुमो का नेता ही नहीं हमारी सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने जिस तेवर से लड़ाई छेड़ा है उसे मैं जोहार करता हूं। पांकी के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि जनता समझ सकती है भाजपा जिस तरह से सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर रही ये जनता देख रही है। बिचौलिया दिग्भ्रमित कर रहे थे लेकिन सरकार ने ओबीसी आरक्षण लागू किया, पुलिस कर्मियों का वेतन, 1932 का खतियान लागू किया है, इस लिए सरकार को जनहित के फैसलों को लागू करने से रोका जा रहा है। इस कार्यकर्म का धन्यवाद ज्ञापन झामुमो नेता सन्नी शुक्ला ने लिया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, गोपाल सिन्हा, मनोज गुप्ता, आशुतोष विनायक, देवानंद भरद्वाज, अविनाश देव, दीपक तिवारी, देवेंद्र तिवारी, विवेक सिंह, कांग्रेस के युवा अध्यक्ष मुन्ना खाना, उपाध्यक्ष आशीष कुमार, महिला नेता सुशीला मिश्रा, कौसर आरा सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## सदर प्रखंड के झाबर पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए कृषि मंत्री



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** इन दिनों पलामू जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सदर प्रखंड के झाबर में शिविर लगाया गया जिसमें कृषि मंत्री बदल पत्रलेख भी शामिल हुए। उन्होंने मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके घर में शिविर लगाकर योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है यह सरकार की अच्छी नीयत को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं की लाभ लेने की अपील की।

**झाबर पहुंचे कृषि मंत्री ने ग्रमीणों संग किया सीधा संवाद :** शिविर में पहुंचे कृषि मंत्री ने ग्रमीणों संग सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से शिविर के संबंध में बारे में जानकारी ली .इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह जाने की शिकायत की कई लोगों ने बताया कि योग्य लोगों का नाम नहीं जुड़ पाया है इस पर मंत्री ने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार से पत्राचार किया गया है। इसी क्रम में ग्रामीणों ने मंत्री से गांव में चेक डैम निर्माण कराने की मांग की।

## हुसैनाबाद भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक, आंदोलन की बनी रणनीति




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी हुसैनाबाद नगर, उरद्वार व ग्रामीण मंडल की एक संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अजय प्रसाद गुप्ता, रामराज मेहता व प्रशांत कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसमें प्रदेश की हेमंत सरकार में भय, भूख, भ्रष्टाचार एवं बलात्कार आदि विंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय आंदोलन करने को लेकर रणनीति तैयार की गई। कहा गया क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के विरुद्ध 11 नवंबर को शहर भ्रमण करते हुए हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय पर आंदोलन करते हुए तालाबंदी की जाएगी। ताकि राज्य की हेमंत सरकार जो कुम्भकर्णी निंद्रा में सो रही है वह जगे और क्षेत्र के ग्रामीणों का भय, भूख भ्रष्टाचार, एवम बलात्कार जैसे समस्याओं से निजात दिला सके।भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को सभी मोर्चे पर विफल बताया।बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, रामेश्वर राम,तृप्ति सिंह,नागेंद्र उपाध्याय, जिला मंत्री संतोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल व रंजीत पासवान, उदय विश्वकर्मा, सुबोध कश्यप, मनीष गुप्ता ,रामलाल विश्वकर्मा, उदय सिंह,मिथिलेश पासवान,ललन यादव,रवि सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 28 सूत्री मांगों को लेकर अनुमंडल कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत कर्मी शनिवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य का निष्पादन किया। इस दौरान अनुमंडल कार्यालय के प्रधान लिपिक भीम दयाल रमन ने बताया कि झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर 28 सूत्री मांगो को लेकर आंदोलन जारी है। उसके समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन के तहत राज्य के सभी समाहरणालय लिपिक 3 नवंबर से 10 नवंबर तक राज्य स्तरीय कमिटी द्वारा विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाकर कार्य का निष्पादन करेंगे।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मांगे नही माने जाने पर आंदोलन की विशेष रूपरेखा तय की जाएगी।काला बिल्ला लगाकर कार्य करने वालों में मुख्य रूप से ब्रजेश कुमार सिंह,नाजिर पप्पू राज,लिपिक टिंकू कुमार चौधरी का नाम शामिल है।

## चंद्रपुर में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में छह लोग घायल, तीन रेफर

**हैदरनगर (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के जमुआ पंचायत अंर्तगत चंद्रपुर गांव में दो पक्षों के बीच शुक्रवार की देर शाम को जमकर मारपीट हो गयी। जिसमें दोनों पक्ष से कुल छह लोग घायल हो गये। सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में बीती रात भर्ती करया गया है। घायलों में महेन्द्र राजवंशी, रामाशीष पासवान, मुकेश कुमार, जवाहिर पासवान , पंचम राजवंशी, उदय राजवंशी शामिल हैं। इसमें महेन्द्र राजवंशी, रामाशीष पासवान व जवाहिर पासवान की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। हैदरनगर थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा ने बताया कि यह घटना पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व व वर्तमान मुखिया व उनके परिजनों के साथ घटी है। इस मामले में दोपहर तक एक पक्ष ने आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष से प्राप्त आवेदन के बाद पूरी छानबीन व अनुसंधान के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

## महापौर नहीं मंत्री बैठते हैं कैबिनेट में नेताजी : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** खासमहाल भूमि को लेकर राजनीतिक करने की जल्दी में जो लोग है वैसे लोगों को पहले ज्ञानवर्द्धन कर लेना चाहिए कि यह मामला निगम का नहीं कैबिनेट का है जहां उनके भाई को बैठने का सौभाग्य मिला था। काश उस समय वह दबाव बनाएं होते तो मेदिनीनगर की सबसे जटिल समस्या का समाधान हो गया होता। नेताजी आपको इतना भी नहीं पता की रघुवर सरकार ने खास महाल की भूमि को फ्री होल्ड करने हेतु सभी जिले के उपायुक्त को पत्र भी उपलब्ध करा दी है लेकिन शर्त है की पूर्व का खास महाल लीज अपडेट करना होगा जो जटिल है। जिसका विरोध मै अपने स्तर से करते आ रही हूं। रही बात होल्डिंग टैक्स की तो पहले आपको जानकारी होना चाहिए यह मामला सरकार स्तर का है ना कि निगम से यह निर्धारित किया जाता है। मैंने तो अपने माननीय पार्षदों के साथ बोर्ड से निर्णय लेकर सरकार को विरोध पत्र तक भेज दिया अगर आप में दम है तो सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोले मैं इस इशु में आपके साथ खड़ी रहूंगी। ऐसे मैं समझती हूं कि आप अपने बड़े भाई पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के उन नाकामियों को छुपाने का प्रयास कर रहे है जो मंत्री रहते नही करा सके,यदि इसके बाद भी वह चाहते थें तो सरकार पर दवाब बनाकर जनहित में निर्णय करा सकते थें।

### अब सरकार नहीं न्यायालय जाएंगे : महापौर

महापौर अरुणा शंकर ने कहा अब हम लीज धारी सरकार के पास नहीं न्यायालय जाएंगे। रविवार को एक बैठक मेरे आवास पर रखी गई है जिसमें कुछ लीज धारियों को आमंत्रित किया गया है। उस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर उच्च न्यायालय के शरण में सुप्रीम कोर्ट के माननीय अधिवक्ता को रखकर गुहार लगाई जाएगी।

## 11 नवंबर को भाजपा, ग्रामीण एवं पोलपोल मंडल करेगी ब्लॉक का घेराव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पलामू में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश चरम पर है। जनता अब इस सरकार से निजात चाहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के तीन साल पूरे होनेवाले है। लेकिन यह सरकार विकास के पैनाने पर शून्य है। बहन-बेटियां घरों में असुरक्षित हैं। तीन वर्षों में पांच हजार से ज्यादा बहन-बेटियां दुष्कर्म की शिकार हुई हैं। विधि-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सरकार आपके द्वार करते करते इडी के द्वार पहुंच गयी है । ऐसे में भाजपा ने प्रखंड स्तर पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। पहले चरण में सात से 13 नवंबर तक हजारों कार्यकर्ता प्रखंड केंद्रों में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रदेश के नेता, जनप्रतिनिधि, सांसद,विधायक शामिल होंगे।

### प्रखंड कार्यालय को ठप करा देंगे

इसी कार्यक्रम के तहत आगामी 11 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मेदिनीनगर,ग्रामीण मंडल एवं पोल पोल मंडल संयुक्त रूप से सदर प्रखंड कार्यालय मेदिनीनगर का घेराव कर प्रदर्शन करेगी। आज इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक में मुख्य रूप से महापौर मेदिनीनगर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह, जिला महामंत्री श्याम बाबू एवं सुरेंद्र विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू, ग्रामीण अध्यक्ष सुनील पांडे, पोल पोल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी, ग्रामीण मंडल के महामंत्री शुभम तिवारी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष फिरोज अंसारी उपस्थित रहे।

## स्कूल निदेशक पर फायरिंग की घटना का पलामू पुलिस ने किया पदार्फाश, दो नाबालिक सहित चार पकड़े गये

- पुत्र के स्कूल बस से दुर्घटना में हुए मौत का बदला लेने के लिए घटना को दिया था अंजाम
- एक रिवाल्वर, तीन देसी कट्टा सहित भारी संख्या में जिंदा कारतूस बरामद
- नाबालिक ने की थी स्कूल संचालक पर फायररिंग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले की रेहला पुलिस ने पिछले 30 अक्टूबर को गढ़वा बेलचंपा के स्कूल निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह पर हुए जानलेवा हमले की घटना का पदार्फाश कर दिया है। इसमें गिरफ्तार मुख्य आरोपित गढ़वा जिले का संग्रहे निवासी नागेंद्र शर्मा ने अपने पुत्र के स्कूली बस दुर्घटना में हुए मौत का बदला लेने के लिए साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया था। इनके पास से एक रिवाल्वर, तीन देसी कट्टा, एक मैगजीन, चार मोबाइल सहित 17 जिंदा कारतूस बरामद किए गए है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में रेहला पुलिस आरोपित नागेंद्र शर्मा से पूछताछ की थी। इस दौरान प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के बाद आरोपित ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था। बताया कि उसके नाबालिक पुत्र ने स्कूल निदेशक पर फायरिंग की थी। बाद में इसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर, कट्टा अन्य हथियार व मोटरसाइकल बरामद कर लिया गया। साथ ही इसके सहयोगी गढ़वा के कुसमाहा निवासी सुग्रीव उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में नागेंद्र शर्मा के पुत्र सहित दो नाबालिग को भी निरूद्ध किया है। पुलिस टीम में पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, अलख नाथ चौबे, जय प्रकाश पासवान, रामचंद्र चौधरी व सशस्त्र बल शामिल थे।

### स्कूल निदेशक को अपने पुत्र का हत्यारा मानता था आरोपित

रेहला पुलिस के हत्थे चढ़े नाग्रेंद्र शर्मा स्कूल के निदेशक बाबुल सिंह को अपने पुत्र रविकांत का हत्यारा समझता था। दरअसल नवंबर 2021 में आरोपित के पुत्र की मौत बाबुल सिंह के स्कूल बस के चपेट में आने से हो गई थी। इससे पहले रविकांत बाबुल सिंह के स्कूल में ही पढ़ता था। लेकिन स्कूल से नाम कटवाने को लेकर आपस में विवाद हुआ था।

### गढ़वा के शहबाज हत्याकांड का आरोपित है सुग्रीव

रेहला पुलिस के हत्थे चढ़े सुग्रीव उरांव गढ़वा जिले में शहबाज अंसारी के हत्या में आरोपित है। पुलिस के अनुसार यह हथियारों की खरीद बिक्री का काम भी करता था। आरोपित नागेंद्र शर्मा ने इसे मकान बनाने में मदद करने के लिए साजिश में शामिल होने के लिए तैयार किया था।

## आदिम जनजाति के टीबी मरीजों को डीसी ने लिया गोद रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से मरीजों को मिलेगा फूड बास्केट



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक भागीदारी के तहत पलामू डीसी ने आदिम जनजाति के सभी टीबी मरीजों को गोद लिया है। इन मरीजों को रेडक्रास सोसाइटी पलामू के माध्यम से फूड बास्केट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसकी घोषणा पलामू डीसी सह रेडक्रास सोसाइटी पलामू के अध्यक्ष आंजनेयुलू दोड्डे ने की। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के जितने भी आदिम जनजाति के मरीज हैं, उन्हें गोद लेकर रेडक्रास सोसाइटी के माध्यम से फूड पैकेट (फूड बास्केट) उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि उन्हें गुणवतायुक्त नास्ता-भोजन मिल सके और वे स्वस्थ हो सकें। डीसी ने सामुदायिक भागीदारी के तहत टीबी मरीजों को इलाज के दौरान गोद लेने हेतु प्रेरित किया। साथ ही कॉर्पोरेट, कॉ-ऑपरेटिव सोसाईटी, निजी कंपनी, जनप्रतिनि, राजनीतिक दल, स्वयंसेवी संस्थाएं, निजी एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स से भी टीबी मरीजों के इलाज के दौरान गोद लेने के लिए कदम बढ़ाने एवं उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने सबल एवं सामर्थयवान व्यक्तियों से भी अपील किया है कि वे टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध करायें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि स्वस्थ पलामू की परिकल्पना साकार करने में मदद मिल सके। बैठक में उपायुक्त अआंजनेयुलू दोड्डे, प्रशिक्षु आईएएस विस्पुते श्रीकांत यशवंत, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी,उपाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह एवं पलामू क्लब के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

**टीबी मरीजों के लिए सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित कराना उद्देश्य**

उपायुक्त ने कहा कि टी0बी मरीजों को ईलाज के दौरान गोद लेने संबंधित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टी0बी मरीजों के इलाज के दौरान अतिरिक्त सहयोग प्रदान करवाना, उनके लिए सामुदायिक भागीदारी सुनिशचित करना, सीएसआर कॉर्पोरेट के तहत सामाजिक उतरदायित्व से संबंधित कार्यो को लागू करवाना है।

**पलामू में 1849 टी0बी0 मरीज, छह माह से तीन साल तक फूड बास्केट दिए जाने का प्रावधान**

जानकारी हो कि पलामू जिले में 1849 टी0बी0 मरीज हैं। कम-से-कम छह माह एवं अधिकतम तीन साल तक के लिए गोद लिया जा सकता है। गोद लिए कॉर्पोरेट, कॉ-ऑपरेटिव सोसाईटी, निजी कंपनी, जनप्रतिनि, राजनीतिक दल, स्वयंसेवी संस्थाएं, निजी एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स को फूड बास्केट में 3 किलोग्राम दाल, 1.5 किलोग्राम चना, 1 किलोग्राम बादाम दाना (मूंगफली), 1 किलोग्राम गुड़ एवं 1 किलोग्राम तेल देना आवश्यक होगा। साथ अतिरिक्त फूड के रूप में 1 किलोग्राम दूध पाउडर, 1 किलोग्राम हॉरलिक्स एवं 1 किलोग्राम सत्तू में से कोई एक आइटम देना होगा।

**गोद लेने के लिए यहां करें संपर्क**

गोद लेने के लिए डॉ० अनिल कुमार श्रीवास्तव(मो०-8210173338) एवं विजय सिंह(8709566802) से संपर्क किया जा सकता है।

# स्पोर्ट्स




**कोहली का बर्थडे सेलिब्रेशन: टीम के साथ मस्ती की; बोले- 13 नवंबर को काटूंगा असली केक।**

## टी-20 विश्व कप : श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में, ऑस्ट्रेलिया बाहर



**सिडनी।** इंग्लैंड ने शनिवार को एक रोचक मुकाबले में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, इंग्लैंड की जीत के साथ ही गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। ग्रुप 1 से सेमीफाइनल के लिए न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने क्वालीफाई कर लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 141 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 19.4 ओवरों में 6 विकेट पर 144 रन बनाकर मैच जीत लिया। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को जोश बटलर और एलेक्स हेल्स ने तेज शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 7.1 ओवर में 75 रन जोड़ दिये। वानिंदु हसरंगा ने बटलर को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। बटलर ने 23 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्के की बदौलत 28 रन बनाए। बटलर के आउट होने के बाद हसरंगा ने एलेक्स हेल्स को भी चलता कर इंग्लैंड को दोहरा झटका दिया। हेल्स ने 30 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की बदौलत 47 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई और एक समय 75 रनों पर 1 विकेट खोने वाली इंग्लिश टीम का स्कोर 18 ओवर में 6 विकेट पर 129 रन हो गया। यहां से लगा कि इंग्लिश टीम शायद मैच गंवा दे, लेकिन बेन स्टोक्स ने एक छोर संभाले रखा और 42 रनों की नाबाद धैर्यभरी पारी खेल अपनी टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी। स्टोक्स के साथ क्रिस वोक्स 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। श्रीलंका की तरफ से लाहिरु कुमारा, वानिंदु हसरंगा और धनंजय डीसिल्वा ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पाथुम निसांका के 67 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी की बदौलत अपने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 141 रन बनाए।

## अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से दिया इस्तीफा




**नई दिल्ली।** आईसीसी टी-20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन (3 में हार और 2 बारिश के कारण रद्द) के बाद अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 37 वर्षीय ऑलराउंडर नबी ने ट्विटर के माध्यम से अपने संन्यास की घोषणा की, साथ ही टीम मैनेजमेंट के रवैये पर नाराजगी भी व्यक्त की। नबी ने ट्वीट किया, ₹पिछले एक साल से, हमारी टीम की तैयारी इस स्तर तक नहीं थी, जैसा कि एक कप्तान चाहता है या एक बड़े टूनार्मेंट के लिए आवश्यक होता है। इसके अलावा, पिछले कुछ दौरों में, टीम मैनेजर, चयन समिति, और मेरे बीच जरुरी संवाद और तालमेल भी नहीं था, जिसका टीम संतुलन पर प्रभाव पड़ा। बता दें कि टी-20 विश्व कप में अफगानिस्तान ने पर्थ में इंग्लैंड से अपना पहला मैच गंवा दिया, लेकिन श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी दो मैचों में शानदार वापसी की। दुर्भाग्य से, वे प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी टीम थे, जिनके दो मैच बारिश के कारण रद्द हो गए। नबी ने कहा,हमारी टी 20 विश्व कप यात्रा समाप्त हो गई, इस परिणाम की हम या हमारे समर्थक उम्मीद नहीं कर रहे थे। हम मैचों के नतीजे से निराश हैं। इसलिए, उचित सम्मान के साथ, तत्काल प्रभाव से, मैं कप्तानी पद छोड़ने की घोषणा करता हूं। हालांकि मैं अपने देश के लिए खेलना जारी रखूंगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## शिक्षकों ने दूसरे दिन भी काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध



महुदा (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शनिवार दूसरे दिन भी क्षेत्र के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षक काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किये। सरकार एवं विभाग के मनमाने रवैये एवं दोहरे मापदंड का विरोध करते हुए संगठन ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है। बताते चले कि 7 से 12 नवंबर तक स्थानीय विधायक को ज्ञापन देना है। 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव का कार्यक्रम है। गैर शैक्षणिक एवं लिपिकीय कार्यों से मुक्त कर शिक्षक विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाने, शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण करने, बिहार के तर्ज पर शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देने एवं सचिवालय कर्मियों की भांति छठे वेतनमान में मौजूद त्रुटि को दूर कर अपग्रेड वेतनमान की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने में मदन मोहन महतो, विनय रंजन तिवारी, प्रवीण कुमार लाला, तापस ख्वास, चण्डी चरण दास, माणीक चन्द्र दास, मो इरफान हुसैन, संजय कुमार झा, दीपक कुमार सिन्हा, विजेंद्र मिश्रा ,सरोज कुमार, मदन सिंह ,शैलेश, अनिल कुमार सिन्हा, रेखा कुमारी, कुमारी जागृति, बसन्त पाठक, आदि का योगदान रहा।

## महाधिवेशन सफल बनाने को लेकर भाकपा माले ने आयोजित किया कार्यकर्ता कन्वेंशन




चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के 11वें महाधिवेशन की तैयारी को लेकर शनिवार को एग्यारकुंड के जुनकुदर में निरसा क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्त्ता कन्वेंशन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड मनोरंजन मलिक व संचालन कॉमरेड नागेन्द्र कुमार ने किया। मुख्य वक्ता केंद्रीय कमेटी सदस्य सह धनबाद जिला प्रभारी कॉमरेड जनार्दन प्रसाद ने कहा कि भाकपा माले के महाधिवेशन ऐसे समय में होने जा रहा है, जब केंद्र में भाजपा की सरकार है और देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व कमरतोड महंगाई से देश के लोग परेशान हैं। एक तरफ लोगों के खाने-पीने के वस्तुओं, जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी लगाकर महंगाई की आग में झोंक दिया गया है तो दूसरी तरफ अपने मित्र घरानों को 11 लाख करोड़ रुपये के बैंक श्रृण माफ किया जा रहा है। तीन कृषि कानूनों को संसद में पारित करा लिया था। लेकिन देश के किसानों ने आंदोलन के बल पर तीन कानून सरकार को वापस लेना पड़ा था। इसी तर्ज पर संगठित-असंगठित मजदूर मोर्चे पर भी आंदोलन की जरूरत है। वहीं निरसा एरिया सचिव नागेन्द्र कुमार ने कहा कि महाधिवेशन की तैयारी को लेकर पार्टी जन संगठनों के सदस्यता व महाधिवेशन के जिम्मेदारियों को को पूरा करना है। पार्टी सदस्यों के सदस्यता नवीकरण व नए सदस्यों की भर्ती व पार्टी ढांचों के सम्मेलन के काम को नवंबर में पूरा कर लेना है। दिसंबर-जनवरी में आर्थिक गोलबंदी व प्रचार-प्रसार के कामों को संपन्न करना है। इस मौके पर माले के धनबाद जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, उपेन्द्र सिंह, जितेन पांडेय, हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, गणेश महतो, सुनील गिरि, लक्ष्मीनारायण दास, असीम घोष, सत्येन्द्र चौहान, जितेंद्र शर्मा, काशी कोयरी, मुन्ना चौहान, प्रमोद मिश्रा, रामलखन राय, मनोज महतो, राजू चौहान, आशानंद सिंह, पंचानंद माजी, प्रदीप माजी, संजीत राऊत, जमाल अंसारी, राजनारायण महतो, उपासी मलिक, सोमी देवी, सरीता देवी, बच्चीया देवी, मीना देवी, सीमा देवी, रानी देवी, ऊषा गोराई, सुभद्रा मलिक, बसंती देवी और सुमिता देवी आदि मौजूद थे।

## हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर



कतरास (आजाद सिपाही)। हुतात्मा दिवस पर शनिवार को बजरंग दल कतरास महानगर की ओर से कतरास बाजार स्थित राजस्थानी समाज भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 18 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्त संग्रह करने के लिए धनबाद एसएन एमएमसीएच से लैब असिस्टेंट विष्णुपद कर्मकार,अशोक शर्मा लैब टेक्नीशियन, संगठन की ओर से कमलेश सिंह प्रांत सह गौ रक्षा प्रमुख, डॉ स्वतंत्र कुमार, डॉ मधुबाला, विनय कुमार, रवि वर्मा, विकास बजरंगी, तापस दे, रंजीत रवानी, उत्तम रवानी, शंकर जयसवाल, प्रखंड अध्यक्ष आनंद खंडेलवाल, चंदन चक्रवर्ती, नेहा रवानी, अनूप राय, अजय चौहान, मनोज केसरी, लालू झा, शुभम राजगढ़िया आदि मौजूद रहे।

## तेलमोचो पैक्स में चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही प्रचार प्रसार में उतरे प्रत्याशी



महुदा (आजाद सिपाही)। तेलमोच्चो पैक्स लिमिटेड में प्रबंध कार्यकारिणी समिति चुनाव के लिए नामांकण के बाद शनिवार को नाम वापसी का कार्य संपन्न हुआ। शाखा में चुनावी हलचल में नामांकित अध्यक्ष समेत अन्य पदों के कुल नौ उम्मीदवारों ने अपने-अपने नाम वापश लिये, जबकि कई पद के उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित हुए। नामांकण प्रक्रिया के दूसरे दिन प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने चुनावी मैदान में डटे तमाम उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर स्वच्छ एवं पारदर्शी चुनाव कराने का आश्वासन दिया। बतातें चले कि इस प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष पद के लिए पूर्व विधायक व रामनगरगढ़ के राजा स्व मदन मोहन सिंह की पुत्र वधू निवर्तमान अध्यक्ष जगदंबा देवी एक बार फिर चुनावी मैदान में है। पिछले समय से तेलमोच्चों पैक्स के अध्यक्ष पद पर रहते उन्होंने क्षेत्र के किसानों व खाताधारी आम ग्रामिणों को सर्वांगिण लाभ पहुंचाते हुए पूरे प्रखंड में शाखा को अग्रिम पंक्ति में लाने की बात कही है। शाखा के लिये लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने की दौड़ के दौरान प्रत्यासी जगदंबा देवी ने बताया कि पिछले पांच वर्षो के कार्यकाल के दौरान उन्होंने समिति के तमाम सदस्यों बैंक कर्मियों व आम ग्रामिणों के साथ बेहतर तालमेल और निर्विवाद रूप से शाखा को नई उचाई दी है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि यदि उन्हें इस बार मौका मिला तो तेलमोच्चो पैक्स शाखा को जिला में अग्रिम पंक्ति में लायेंगीं। वहीं पैक्स में अध्यक्ष पद को लेकर पिछले दो बार से लगातार दूसरे नंबर पर रहे कासी महतो ने एक बार फिर ताल ठोक दी है। कहा कि पिछले चुनावों में मामूली अंतर से हुई हार के बाद इस बार वोटर ने विराट समर्थन का भरोसा दिया है।

### कहा- आदिवासी समाज का उत्थान विकास से होगा, न कि हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार से

# जब हेमंत सोरेन ने कोई गलत काम नहीं किया, तो उन्हें किस बात का डर : रघुवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का पार्टी कार्यकर्ताओं ने बियाडा हाऊसिंग कॉलोनी के पास भव्य स्वागत किया। इसकी अगुवाई बोकारो विधायक बिरंची नारायण और जिलाध्यक्ष भरत यादव ने की। अपने संबोधन में रघुवर दास ने कहा कि जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोई गलत काम नहीं किया है, तो उन्हें डर किस बात का है। एक तरफ वो संवैधानिक संस्था इडी को सार्वजनिक रूप से धमकी दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ वो उसी संस्था से तीन सप्ताह का समय भी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेताओं पर कानून का शिकंजा कसता है, तब वो संवैधानिक संस्थाओं को धमकाने का काम करते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भूल रहे हैं कि हमारे देश में लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं। कानून को कानून की तरह काम करने देना चाहिए। बेहतर तो यही होता कि मुख्यमंत्री इडी को धमकाने के बजाय उसके सामने जाकर अपना पक्ष रखते। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद की तरह भाजपा परिवार की पार्टी नहीं है जिसे हेमंत सोरेन भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकायेंगे और वो डर जायेंगे।



पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का स्वागत करते बोकारो विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष।

### मेरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ तो उसकी भी जांच हो

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि चाहे कोई भी हो, यदि जनता के पैसों का दुरुपयोग करेगा तो उसका खामियाजा उसे भुगतना ही पड़ेगा, चाहे रघुवर ही क्यों न हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक करोड़ रुपये प्रति दिन कोयला से जिन्हें आता है, वे साधारण कैसे हैं। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है, दर्द तब होता है, जब किसी की कलई खुलती है। उन्होंने कहा कि यदि मेरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ है, तो उसकी भी जांच हो, मैं तैयार हूं। शनिवार को बोकारो के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के पीरटांड़ गांव में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र महतो की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि राजेंद्र बाबू की मौत से गरीबों को बड़ा नुकसान हुआ है। वे गरीबों की आवाज थे।

वहीं, सांसद पीएन सिंह ने कहा कि राजेंद्र बाबू अच्छे नेता थे। वे हमेशा जनहित के सवालों को लेकर समाज को जगाते रहे। आज उनकी कमी खल रही है। जबकि बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि स्व. राजेंद्र बाबू समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के चिंतक थे। राजनीति से लेकर सामाजिक कार्यों में बहुत रुचि रखते थे। आज हमने एक कुशल नेतृत्व खो दिया है। इस मौके पर राजेंद्र महतो के बड़े बेटे विक्रम महथा, रोहित लाल सिंह, भरत यादव, शशि भूषण ओझा, मुकुल, दिलीप श्रीवास्तव, संजय त्यागी, अशोक कुमार पप्पू, विनय आनंद, बिनोद सिन्हा, अविनाश झा, सनातन सिंह आदि मौजूद थे।

## जब खरीद नहीं सकी तो इडी-आयकर से डराना चाह रही भाजपा : जगन्नाथ महतो



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड की महागठबंधन सरकार को भाजपा शुरू से ही गिराने की कोशिश कर रही है। विधायकों की खरीद बिक्री की कोशिश की गई। इससे भी बात नहीं बनी तो अब केंद्र की भाजपा सरकार हमारे नेता-विधायकों के खिलाफ ईडी का इस्तेमाल कर रही है। पर हम इससे डरने वाले नहीं हैं। भाजपा को झारखंड की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। उक्त बातें प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ झामुमो नेता जगरनाथ महतो ने कही। वह शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर झामुमो के प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। वहीं, प्रदर्शनकारियों को टुंडी के झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने भी संबोधित किया। उधर, झामुमो के इस प्रदर्शन में कांग्रेसी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के समन के खिलाफ झामुमो ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर शनिवार को प्रदर्शन किया है।

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि झारखंड राज्य गठन में विनोद बिहारी महतो, निर्मल महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। झारखंड गठन के बाद जितनी भी सरकारी बनी है सबसे महत्वपूर्ण काम हेमंत सरकार ने किया है। झारखंड में 1932 खतियान लागू करने का फैसला हेमंत सरकार ने किया है जो सराहनीय है। राज्य के विकास के लिए हर एक स्तर से झामुमो सरकार विकास कार्य कर रही है जिसे देखकर भाजपा चिंतित व भयभीत हो गई है। इसलिए सरकार गिराने की कोशिश में लगी हुई है। वहीं, विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि हेमंत सरकार को गिराने की भाजपा की साजिश सफल नहीं होगी।

## बांसजोड़ा में कोयला तस्करों ने सीआइएसएफ को पीटा, एक जवान के पांच दांत टूटे

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बरोरा में एक दिन पूर्व सीआइएसएफ पर हुए हमले का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि शनिवार को बांसजोडा कोलियरी साइडिंग में 30-40 की संख्या में कोयला तस्करों ने सीआइएसएफ जवानों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इस घटना में अरुण उरांव नामक जवान गंभीर रूप से घायल हुआ है। चेहरे पर गंभीर चोट आई है और उसके पांच दांत भी टूट गए है। उपचार के लिए उसे लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद धनबाद केंद्रीय अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, खबर पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी (प्रभार) निरंजन महतो ने कहा कि घटना की लिखित शिकायत की गई है। हमलावरों पर कड़ी कार्रवाई होगी।**

## बरवाअड्डा में छापा मारने गये गोविंदपुर के सीओ को तस्करों ने पीटा, बचने के लिये चालक के ससुराल में छिपे

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बालू तस्करों की धरपकड़ के लिए शुक्रवार की देर रात बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव गोरगा गए गोविंदपुर के सीओ रामजी वर्मा पर तस्करों ने हमला बोल दिया। धंधेबाजों ने सीओ, उनके चालक व पुलिसकर्मियों की पिटाई कर दी। उनकी गाड़ी पर भी पथराव कर दिया। किसी तरह सीओ और उनके सुरक्षाकर्मियों ने चालक की ससुराल में छिप कर जान बचाई। चालक की ससुराल उसी गांव में है। बाद में सूचना पाकर मौके पर पहुंची बरवाअड्डा और राजगंज पुलिस ने सीओ व सुरक्षाकर्मियों को गांव से सुरक्षित निकाला। जानकारी के अनुसार, सीओ रामजी वर्मा दो होमगार्ड जवानों को साथ लेकर शुक्रवार की रात 11 बजे गोरगा गांव गए थे। उन्होंने दो बालू लदी गाड़ियों को जब्त करते हुए वहां उनके चालकों को हिरासत में ले लिया। इस बीच वहां बालू धंधेबाजों के पक्ष में उनके समर्थक और ग्रामीण एकजुट हो गए। उन्होंने सीओ की गाड़ी को घेर लिया और पथराव करने लगे। इस दौरान सीओ व उनके सुरक्षाकर्मियों से मारपीट भी की गई। अफरातफरी की स्थिति के बीच चालक सीओ की गाड़ी को लेकर गांव से भागने लगा। बदहवाशी की स्थिति में वह गाड़ी को वहां लेकर चला गया, जहां रास्ता बंद था। वहां से सभी पैदल भागने लगे। पास में ही सीओ के चालक की ससुराल थी। सभी वहां जाकर छिप गए। पीछे-पीछे धंधेबाज और उनके समर्थक भी वहां आ गए और सभी को बाहर निकालने की मांग करने लगे। हालांकि घरवालों ने दरवाजा नहीं खोला। इस बीच सीओ ने फोन से घटना की सूचना बरवाअड्डा पुलिस को दी। इसके बाद बरवाअड्डा व राजगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सीओ को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पाकर एसडीओ भी घटनास्थल के लिए देर रात निकले, पर जब पता चला कि सीओ को मुक्त करा लिया गया है तो वह बरवाअड्डा थाने में रुक गए। बावल के बीच धंधेबाज सीओ द्वारा जब्त गाड़ियों को लेकर भाग गए। आधी रात के बाद तक घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई बरवाअड्डा थाने में की जा रही थी।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार,**

**सूचना**

**विधिक सेवा–सह–सशक्तिकरण शिविर का आयोजन**

**दिनांक : 06.11.2022 (रविवार), समयः 11:00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 06.11.2022 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से रामगढ जिला के पतरातु ब्लॉक में विधिक सेवा–सह–सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं का लाभ आम जन को प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में निम्नलिखित सभी विभाग अपनी योजनाओं के लाभों को वितरित करने के लिए अलग–अलग स्टॉल लगायेंगे :–

| | |
|---|---|
| 1. **श्रम विभाग**–प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, पेंशन योजना इत्यादि। | 6. **आपूर्ति विभाग**–प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, अंत्योदय राशन कार्ड, जन–वितरण प्रणाली इत्यादि। |
| 2. **स्वास्थ्य विभाग**–प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, जननी सुरक्षा योजना इत्यादि। | 7. **शिक्षा विभाग**–कस्तूरबा एवं अन्य विद्यालयों में नामांकन, मानव तस्करी पीड़ित बच्चों का नामांकन इत्यादि। |
| 3. **समाज कल्याण विभाग**–मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाडली योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सुकन्या योजना इत्यादि। | 8. **कृषिविभाग**–फसलबीमा योजना, मृदाजांच, कृषिउपकरणोंकावितरणइत्यादि। |
| 4. **कल्याण विभाग**– विद्यालय छात्रवृत्ति योजना, चिकित्सा अनुदान योजना, साईकिल वितरण योजना इत्यादि। | 9. **वन विभाग**– मुख्यमंत्री जनवन योजना, वन पट्टा से संबंधित कार्य इत्यादि। |
| 5. **जिला ग्रामीण विकास अभिकरण**–प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा इत्यादि। | 10.**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग**–विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित सूचना एवं निवारण इत्यादि। |

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त लाभकारी योजनाओं के लाभुक अपने संबंधित विभाग से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर इस शिविर में लाभ ले सकते है।

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतू आप किसी भी कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ अथवा संबंधित ब्लॉक के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

अधो0/–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़

PR 281508District(22-23)#D


## बरोरा में व्यक्ति की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बरोरा थाना क्षेत्र के सिंदवारटांड में रामू किस्कू नामक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार की शाम उसका शव बरामद हुआ। खबर पाकर बरोरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर है कि मृतक रामू को सुबह 10 बजे ग्रामीणों ने गांव में ही घूमते देखा था। वहीं, मृतक के भाई गिरधारी किस्कू ने कहा कि जमीन विवाद में उसके भाई की हत्या की गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के निविदा संख्या 17/JMT/2022-23 पीआर नं0 279950 के द्वारा खुट्टा–नावाडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना के प्रकाशित निविदा में अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधित किया जाता है :–

| क्र0सं0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | बेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि | 28.10.2022 at 5.00 PM | 05.11.2022 at 5.00 PM |
| 2 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि | 02.11.2022 at 1.00 PM | 10.11.2022 at 1.00 PM |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 12.11.2022 at 5.00 PM | 17.11.2022 at 5.00 PM |
| 4 | परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में) | 14.11.2022 at 1.00 PM | 18.11.2022 at 1.00 PM |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.11.2022 at 3.00 PM | 19.11.2022 at 3.00 PM |

Note :- The undersigned, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Item rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water & Sanitation Department, Government of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate लाईन को विलोपित किया जाता है।

शेष शर्ते यथावत रहेगी ।

(ई0 चन्द्रशेखर), कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 281531Drinking Water and Sanitation(22-23)#D


### जरीडीह पूर्वी में आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

# मिले 1105 आवेदन, 318 का मौके पर ही निष्पादन

**जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को जरीडीह पूर्वी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ मधु कुमारी, बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, जिला परिषद सदस्य टीनू सिंह और पंचायत समिति सदस्या पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 13 विभागों के स्टाल लगाए गए थे जिसमें खाद्य आपूर्ति एवं सहकारिता, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, ग्रामीण विकास अभिकरण, पंचायती राज, श्रम, महिला बाल एवं समाज कल्याण, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, जेएसएलपीएस, विद्युत एवं पेयजल, स्वास्थ्य और निर्वाचन विभाग के अलावा कई अतिरिक्त कार्यों के स्टाल शामिल थे। इस दौरान सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना के तहत 63 लाभुकों के बीच धोती लूंगी साड़ी और 100 कंबल का वितरण किया गया। सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक की 155 छात्राओं को योजना की लाड़्रा से जोड़ा गया। जेएसएलपीएस के तहत 40 महिलाओं की लोन के आवेदन को स्वीकृत किया गया। 20 लोगों के इंश्योरेंस किए गए एवं तीन लोगों का खाता खोला गया। इस तरह कुल 1105 आवेदन आए जिसमें 318 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर का संचालन बेरमो बीडीओ ने खुद किया, जबकि निगरानी मुखिया कंचन देवी और पंचायत सेवक गजेंद्र प्रसाद वर्मा कर रहे थे। इस मौके पर शिक्षा विभाग से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल प्रकाश, बीटीएम स्वतंत्र प्रकाश गौतम, डॉक्टर मनीष, सेविका अनामिका कुमारी आदि मौजूद थीं।




**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

–:आम सूचनाः–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 केवल राम
↓
स्व0 बालगोबिन्द राम
↓
स्व0 मुखराम पासवान → मो0 मैना देवी (पत्नी) → राजु पासवान (पुत्र) → रेणु देवी(पत्नी) → प्रकाश कुमार पासवान, अंकित कुमार पासवान, चन्दन कुमार पासवान
कर्मबीर पासवान → मो0 कुसुम देवी (पत्नी) → रोहित पासवान (पुत्र)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।

PR 281564 District(22-23)D

## महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में बोलीदाताओं की हुई बैठक



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के एक भाग के रूप में संबलपुर में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय में बोलीदाताओं की बैठक आयोजित की गयी, जहां बड़ी संख्या में बोली लगाने वाले मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने की। श्री सिंह ने केशव राव निदेशक और एके बेहुरा निदेशक एमसीएल की उपस्थिति में एमसीएल के सभी विभागाध्यक्षों और बोलीदाताओं को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। एमसीएल में खरीद नियमों से संबंधित प्रश्नों के संबंध में बोलीदाताओं ने विभागों के प्रमुखों के साथ एक स्वस्थ चर्चा हुई।




### मुख्यधारा में शामिल होने के लिए लालगढ़ छोड़ा

# जलाये गये नक्सलियों के पुतले

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चित्रकोंडा लालगढ़ छोड़ कर मुख्य धारा में शामिल होकर स्वाविमान क्षेत्र के निवासियों ने नक्सलियों के पुतले जलाये। ऐसा अनोखा नजारा मालकानगिरी जिले के चित्रकोंडा थाना क्षेत्र के स्वाविमान इलाके में देखने को मिला है। स्वाविमान क्षेत्र के पापरमेटला पंचायत के लाऊगुडा में धुलीपुट पंचायत के लगभग 500 माओवादी समर्थकों ने राज्य सरकार के विकास मूलक कार्यों पर संतोष होकर इन माओवादी समर्थकों ने दक्षिण पश्चिमी रेंज के पुलिस डीआइजी राजेश पंडित के साथ बीएसएफ के डीआइजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा और मालकानगिरी एसपी नितेश वाधवानी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। जानकारी के मुताबिक स्वाविमान इलाके में माओवादी कई सालों से लाल आंखों देख कर राज कर रहे थे, लेकिन अब स्थिति बदल गयी है। कई बीएसएफ कैंपों की स्थापना के बाद माओ प्रभावित क्षेत्रों में एसओजी, डीवीएफ और बीएसएफ जवानों द्वारा संयुक्त रूप से कुंबीं अपरसन तेज कर दिया गया और जवानों के कंधे से कंधा मिला कर जिला प्रशासन द्वारा विकास कार्यों में तेजी लायी गयी है। उसके बाद धुलिपुट पंचायत के 200 से अधिक मिलिसिआ माओवादियों का हाथ छोड़ा और मुख्यधारा में लौट आये और माओवादियों के पुतले जलाये।





### हिमाचल में कांग्रेस पर जम कर बरसे प्रधानमंत्री

# कांग्रेस का मतलब परिवारवाद और भ्रष्टाचार : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोलन/सुंदरनगर।** हिमाचल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद पहली प्रदेश पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार, स्वार्थ एवं भाई-भतीजावाद की गारंटी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अनिश्चितता, अराजकता, गुटबाजीए एवं अस्थिरता है। इसलिए हिमाचल में स्थिरता के लिए पुनः भाजपा की सरकार बनानी होगी। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सीएम के गृह जिला मंडी के सुंदरनगर और कांग्रेस के गढ़ सोलन में जनसभाएं की। इस दौरान उन्होंने भाजपा के मिशन रिपीट के लिए केंद्र व राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकारों को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 9 लाख घरों में नल में जल दिया है, अब माताएं मुझे आशीर्वाद देंगी। पीएम ने कहा कि पहले के समय में देश के छोटे राज्यों ने बहुत नुकसान उठाया है, लेकिन पिछले कुछ सालों में मणिपुर, गोवा, हिमाचल या अन्य राज्यों में हर जगह भरपूर विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों ने यूपी में ट्रेंड बदला है। योगी जी की सरकार रिपीट हुई। हिमाचल में भी जयराम सरकार ने जो विश्वास हासिल किया है। इसके दम पर हिमाचल की जनता ने भी भाजपा की सरकार को रिपीट करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि किसानों की जिस कर्ज माफी का कांग्रेस ने ढिंढोरा पीटा है, किसानों को उसका लाभ नहीं मिला। भाजपा ने सभी किसानों के बैंक खातों में 2000 रुपये डाले। इसका लाभ राज्य के 9 लाख किसानों को फायदा हुआ है।

## धामनगर रिजल्ट रविवार को, सुबह 8 बजे से मतगणना




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** धामनगर रिजल्ट रविवार को आयेगा। मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतगणना के लिए 14 टेबल की व्यवस्था की गयी है। वोटिंग की गिनती 18 राउंड में होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती 8 से 8:30 बजे तक की जायेगी। इसी तरह मतगणना के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयीं है। पहले स्तर में अर्धसैनिक बल, दूसरे स्तर पर ओडिशा पुलिस सुरक्षा बल और तीसरे स्तर पर ओडिशा पुलिस पहरा देगी। हर मतगणना टेबल के लिए एक सुपरवाइजर होगा। इसके अलावा एक सहायक सुपरवाइजर और एक माइक्रो ऑब्जर्वर होगा।

## पद्मपुर उपचुनाव 5 दिसंबर को होगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पद्मपुर उपचुनाव के लिए तिथि की घोषणा कर दी गयी है। पद्मपुर उपचुनाव पांच दिसंबर को होगा। चुनाव आयुक्त ने चुनाव की तारीख की घोषणा की। 10 नवंबर को अधिसूचना प्रकाशित की जायेगी। फिर 18 नवंबर को उम्मीदवारों का सत्यापन जांच किया जायेगा। 21 नवंबर को नामांकन पत्र वापस लेने का आखिरी दिन है और उस दिन अंतिम उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जायेगी। वोटों की गिनती और परिणाम 10 दिसंबर को होगा। यह सीट बीजेडी विधायक विजयरंजन सिंह बरिहा के निधन के बाद खाली थी।

# संभव हमेशा संभावना से होकर गुजरता है : राजकिशोर कुशवाहा



राम दुर्लभ सिंह मुंडा
विधानसभा प्रभारी
आजसू तमाड़





राज किशोर कुशवाहा
बुंडू अनुमंडल के विकास के लिए आठ सूत्री मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे आजसू के वरीय जिला उपाध्यक्ष

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़।** बुंडू अनुमंडल के विकास और सरकार की हिटलरशाही और गलत नीतियों के खिलाफ आजसू के वरीय जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में आमरण अनशन की शुरुआत हुई। इस मौके पर आजसू के फायरब्रांड नेता ने कहा कि संभावना में ही कहीं हर संभव पनपता है और संभव सदा संभावना से होकर गुजरता है। आमरण अनशन की शुरुआत श्रीश्री राधारानी मंदिर में पूजा-अर्चना करने से हुई। इसके बाद श्री कुशवाहा ने हजारों लोगों के साथ पैदल मार्च किया और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

श्री कुशवाहा ने बताया कि यह आंदोलन उनकी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे पांच परगना क्षेत्र में विगत एक साल से बालू घाटों से बालू उठाव बंद है, जिससे पूरे पांच परगना क्षेत्र में अनेकों लोग बेरोजगार हो गये हैं। इसलिए उनकी पहली मांग सरकार द्वारा जल्द से जल्द बालू घाटों से बालू उठाव को दोबारा शुरू करने की है। नगर पंचायत में अप्रत्याशित होल्डिंग टैक्स के संबंध में श्री कुशवाहा का कहना है कि झारखंड राज्य के चार नगर निकाय झुमरी तिलैया नगर परिषद, डोमचांच नगर परिषद, मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद में होल्डिंग टैक्स में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के विरूद्ध जांच कमेटी का गठन कर निर्णय लेने का आदेश दिया गया है। उसी तरह बुंडू नगर पंचायत के होल्डिंग टैक्स में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी पर भी जांच कमेटी का गठन कर निर्णय लेने का विचार किया जाये।

श्री कुशवाहा ने कहा कि बुंडू अनुमंडल का गठन 7 सितंबर 2003 को हुआ। आज लगभग 20 वर्ष पूर्ण होने को हैं, परंतु अनुमंडल के सभी साधन अब तक मुहैया नहीं कराये गये हैं, जैसे- जेल, कोर्ट और ट्रेजरी आदि का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। इन्हें पूर्ण किया जाये। इसके अलावा बुंडू-राहे पथ की अवस्था अत्यंत जर्जर हो गयी है, जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अतः उक्त सड़क का निर्माण यथाशीघ्र किया जाये। उनकी पांचवीं मांग बुंडू को पूर्ण संसाधन के साथ जिला घोषित करने की है। छठी मांग बुंडू रेफरल अस्पताल की जर्जर अवस्था को देखते हुए उक्त अस्पताल का पुनर्निर्माण कर सभी संसाधनों और चिकित्सा सुविधा से परिपूर्ण करने की है। श्री कुशवाहा ने कहा कि पूरे पांच परगना क्षेत्र में अंचल कार्यालय द्वारा दाखिल-खारिज, ऑनलाइन सुधार, ऑनलाइन रसीद काटने के नाम पर जनता से मोटी रकम वसूल की जा रही है, जिससे जनता परेशान है। अतः भूमि संबंधी समस्त कागजातों को पूर्णतः सटीकता से जल्द से जल्द सुधार किया जाये। इसके अलावा सोनाहातू रोड पर सोनाहातू से बायडीह ग्राम को जानेवाली सड़क, सोनाहातू रोड से दलकोडोड़ गांव को जानेवाली सड़क पूरी तरह से जर्जर अवस्था में है। उनकी अंतिम मांग इन सड़कों का जल्द निर्माण करने की दिशा में कदम उठाये जाने की है। श्री कुशवाहा कहते हैं: अपनी मांगों को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने के लिए ही उन्होंने आमरण अनशन शुरू किया है। उनका मानना है उनके क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ही वे जी रहे हैं। इसके लिए जो भी करना पड़ेगा, वे करेंगे। जनसेवा और लोगों के दुख-दर्द में साथ रहना ही उनका मकसद है। उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि जनता के समर्थन से वे शासन-प्रशासन को समस्याओं के समाधान के लिए बाध्य कर देंगे।



परमेश्वरी सांडिल
जिला परिषद सदस्या, बुंडू



सुफेन महतो
बुंडू बालू संघ सचिव























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**